फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 72 संख्याः 156 प्रभात जयपुर, बुधवार 5 जनवरी, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

ARBiT TODAY

**The Tale of Two Countries** — In 1950s, no one saw China as a threat. When they did begin to see China as a threat, it was perhaps too late. Sardar Patel was dead by then.

**Detective Fiction**



**Potential Dog-Allergy Vaccine**



*एक जमाना था जब ब्रिटेन में नर कॉर्नक्रेक पक्षी की ''क्रैक्स क्रैक्स'' की तीखी आवाज रातों में लोगों को जगा देती थी खासतौर से उन क्षेत्रों में जहां ये प्रजनन के लिए बसेरा करते थे, पर अब इसके प्रजनन केन्द्रों में नीरवता पसर गई है क्योंकि यह शर्मीला प्रवासी पक्षी ब्रिटेन में विलुप्ति के कगार पर है। संरक्षण के प्रयासों की बदौलत नॉर्थ वैस्ट स्कॉटलैण्ड के द्वीपों 2014 में इस प्रजाति के नर पक्षियों की आबादी 1289 हो गई थी पर उसके बाद से इनकी आबादी घटती गई और सन् 2021 में स्कॉटलैण्ड में इनकी संख्या 30 प्रतिशत तक कम होकर 850 रह गई। इन्हें बचाने के लिए स्कॉटलैण्ड में आर.एस.पी.बी. (रॉयल सोसायटी फॉर प्रोटैक्शन ऑफ बर्ड्स) द्वारा ''कॉर्नक्रैक कॉलिंग प्रोजेक्ट'' चलाया जा रहा है, जिसके तहत किसानों से कहा जा रहा है कि वे घास के मैदानों में साल के अंत में घास काटें और वो भी कॉर्नक्रैक के अनुकूल तरीके से। इंग्लैण्ड में संरक्षण केन्द्रों में इनका प्रजनन करवाया जा रहा है। इंग्लैण्ड में पेन्सथोर्पे कंजर्वेशन ट्रस्ट के संरक्षण केन्द्र में 97 कॉर्नक्रैक का जन्म हुआ इन्हें वाइल्डफाउल एण्ड वैटलैण्ड ट्रस्ट के वैलनी रिज़र्व में छोड़ा गया है। पैन्सथोर्पे की क्रिसी कैली ने कहा कि ''संरक्षण केन्द्रों में जन्मे पक्षियों को खुले जंगल से अनुकूलन करने में काफी समय लगता है मुझे यकीन है कि वैलनी का ट्रायल अच्छे नतीजे देगा।'' कॉर्नक्रैक गर्मी में कॉन्गो से इंग्लैण्ड आते हैं। इनका मुख्य भोजन कीड़े मकोड़े हैं और मादा घास के मैदानों में ही अण्डे देती है। एक समय था पक्षी की आवाज दिन रात सुनाई देती थी लेकिन आधुनिक कृषि, जिसके लिए घास के मैदानों से समय से पहले ही मशीनों से घास काट दी जाती थी, की वजह से कॉर्नक्रैक ब्रिटेन से गायब हो गए। वैस्टर्न स्कॉटलैण्ड में इनकी कुछ आबादी है जहां कृषि के पारम्परिक तरीके से प्रयुक्त किए जाते हैं और इस वजह से इन पक्षियों को रहने के लिए लम्बी घास मिल जाती है जिनमें काफी कीड़े मकोड़े होते हैं। ब्रिटेन सन् 1993 में इनकी आबादी इतनी कम हो गई थी कि मात्र 480 नर कॉर्नक्रैक पक्षी ही बचे थे। उसके बाद इनकी आबादी बढ़ाने के प्रयास किए गए। लेकिन सन् 2014 से आबादी में निरंतर गिरावट आ रही है, जिससे संरक्षणविद चिंतित हैं। कॉर्नक्रैक कॉलिंग प्रोजेक्ट की मैनेजर जेन सैडफोर्थ ने बताया कि अधिकांश किसान कॉर्नक्रैक के संरक्षण में सहायता करना चाहते हैं, बशर्ते सरकार उन्हें मदद दे।*

# क्या ओमक्रॉन का इतना अधिक व तेजी से प्रसार कोविड-19 के सिमटने के लिये शुभ समाचार है?

- गौरतलब बात यह है कि हालांकि ओमक्रॉन का प्रसार तेजी से हो रहा है, इस वायरस से संक्रमित मरीजों को कोविड-19 के संक्रमितों की भांति अस्पताल में भर्ती नहीं होना पड़ता तथा इसका प्रकोप इतना गंभीर भी नहीं है कि वैन्टिलेटर व आई.सी.यू. की जरूरत अनिवार्य हो जाये।
- वैज्ञानिक इस तथ्य को इस बात का संकेत मान रहे हैं कि, करोना वायरस धीरे-धीरे सिमट रहा है और इसकी जगह ओमक्रॉन ले रहा है।

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 4 जनवरी। भारत और दुनिया में यहां-वहां से ओमक्रॉन केसों में हो रही वृद्धि की खबरें हमारे लिए चिंताजनक व भ्रामक, दोनों ही हैं। इस वैश्विक महामारी की दूसरी लहर के डेल्टा वेरिएन्ट की तुलना में ओमक्रॉन वायरस चार से पांच गुना संक्रामक पाया गया है, लेकिन इसके प्रभाव मामूली हैं, और इससे संक्रमित व्यक्ति के अस्पताल में भर्ती होने की कम से कम संभावना है। तथापि, कुछ नए अध्ययनों ने ओमक्रॉन वेरिएन्ट को लेकर एक आशावाद बताया है। रिकॉर्ड संख्या में इसके पॉज़िटिव मिलने के बावजूद इसके गंभीर केस नहीं मिले हैं और लोगों के अस्पताल में भर्ती होने की नौबत नहीं आई है। कुछ वैज्ञानिक कहते हैं कि यह आंकड़े इस वैश्विक महामारी के एक कम चिंताजनक अध्याय का एक नया संकेत देते हैं।

सैनफ्रांसिस्को की युनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया की इम्यूनोलॉजिस्ट मोनिका गांधी कहती हैं कि ''हम अब एक बिल्कुल ही भिन्न चरण में हैं।'' उन्होंने कहा कि ''यह वायरस हमेशा अपने साथ रहने वाला है, लेकिन मुझे उम्मीद है कि यह वेरिएन्ट इतनी अधिक रोग प्रतिरोधक क्षमता निर्मित करता है कि इससे इस वैश्विक महामारी का शमन हो जाएगा।''

साउथ अफ्रीका में एक माह पूर्व ही ओमक्रॉन वेरिएन्ट का पता चला था और विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं कि स्थिति बदलने में अभी भी काफी समय लगेगा, लेकिन पिछले हफ्ते से प्राप्त आंकड़ों से पता चलता है कि इस वायरस के परिणामस्वरूप व्यापक रोग प्रतिरोधता और विविध म्यूटेशन्स का मिश्रण हुआ है, जो ओमक्रॉन संक्रमण को पिछले वेरिएन्ट की तुलना में कम घातक बनाता है।

साउथ अफ्रीका में किए गए एक अध्ययन से पता चला कि कोविड-19 के ओमक्रॉन वेरिएन्ट वाली चौथी लहर के दौरान जिन पॉज़िटिव रोगियों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया, उनमें डेल्टा वेरिएन्ट वाली तीसरी लहर के दौरान भर्ती कराए गए मरीजों की तुलना में गंभीर बीमारी होने की आशंका 73 प्रतिशत कम थी।

वैज्ञानिक कहते हैं, लगता है कि ओमक्रॉन वेरिएन्ट को कई कारकों ने कोविड-19 की पिछली लहर के मुकाबले कम संक्रामक या कम गंभीर बनाया है।

''ब्लूमबर्ग'' की एक रिपोर्ट कहती है ''कोविड संक्रमण प्रायः नाक से शुरू होता है और गले तक पहुंच जाता है। श्वसन तंत्र के ऊपरी हिस्से में हुए संक्रमण की तुलना में एक हल्का इन्फैक्शन आगे गहरायी तक नहीं पहुंचता, लेकिन जब वायरस फेफड़ों तक पहुंच जाता है, तब आमतौर पर अधिक गंभीर लक्षण प्रकट होते हैं।''

लेकिन पिछले हफ्ते हुए पांच अलग-अलग अध्ययनों से पता चला कि ओमक्रॉन वेरिएन्ट पिछले वेरिएन्ट की भांति फेफड़ों को संक्रमित नहीं करता। जापान और अमेरिका के वैज्ञानिकों के एक बड़े सहायता संघ द्वारा एडवांस में जारी किए गए एक ऑनलाइन अध्ययन में बताया गया है कि ओमक्रॉन से संक्रमित चूहा प्रजाति के हैम्सटर और चूहों के फेफड़ों में काफी कम मात्रा में नुकसान पाया गया और पिछले वेरिएन्ट्स से संक्रमितों की तुलना में इनके मरने की आशंका भी कम थी।

बेल्जियम में सीरियाई हैम्स्टर्स पर किए गए एक अन्य अध्ययन में ऐसे ही परिणाम सामने आए। सीरियाई हैम्सटर्स को इसलिए चुना गया क्योंकि वायरस के पिछले वेरिएन्ट्स में इनकी स्थिति खासतौर पर गंभीर पायी गयी थी।

हाँगकाँग में वैज्ञानिकों ने फेफड़ों के कुछ उन ऊतकों का अध्ययन किया, जिन्हें सर्जरी के दौरान रोगियों के सैम्पल्स के तौर पर एकत्रित किया गया था। उन्होंने पाया कि ओमक्रॉन की वृद्धि कोविड-19 के अन्य वेरिएन्ट्स के एकत्रित सैम्पल्स की तुलना में बहुत मंद थी। वायरस की प्रचण्डता में हुए इस बदलाव का संबंध शायद इससे है कि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# क्या अंता नगर पालिका के अध्यक्ष का पद कांग्रेस के हाथ से निकलेगा?

## हाई कोर्ट ने फर्जी दस्तावेज पेश करने के आरोप में नोटिस भेजा

- अंता नगर पालिका के अध्यक्ष के चुनाव में कांग्रेस का उम्मीदवार एक वोट से जीता था। परन्तु हाई कोर्ट में दायर याचिका के अनुसार कांग्रेस पार्टी के नगर पालिका अध्यक्ष तथा कांग्रेस के टिकट पर लड़े एक अन्य पार्षद ने नामांकन पत्र में फर्जी दस्तावेज दिये हैं, ताकि वे चुनाव में भाग ले सकें।

**-यादवेन्द्र शर्मा-**

जयपुर, 4 जनवरी। राजस्थान हाई कोर्ट में जिला अंता नगर, के नगर पालिका अध्यक्ष और कांग्रेस टिकट पर चुनाव लड़े एक अन्य पार्षद के खिलाफ, 2020 के नगर चुनाव में भाग लेने के लिए फर्जी दस्तावेज दायर करने के संदर्भ में याचिका दर्ज की गयी है।

न्यायाधीश इन्द्रजीत सिंह ने पार्षद रामेश्वर खंडेलवाल की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए स्थानीय स्वायत्त शासन सचिव, निदेशक स्वायत्त शासन तथा अंता नगर नगर पालिका के अध्यक्ष से जवाब तलब किया है।

याचिकाकर्ता की ओर से इस मामले में अधिवक्ता अनुराग कलावतिया पेश हुए थे। इस मामले में दायर याचिकाओं में याचिकाकर्ता रामेश्वर खंडेलवाल ने कहा है कि पार्षद जमील मोहम्मद ने चुनाव आयोग के समक्ष प्रस्तुत दस्तावेजों में कहा था कि उनकी पुत्री वहीदा अंसारी, का जन्म 10 अगस्त 1995 को हुआ है, जबकि याचिकाकर्ता द्वारा प्रस्तुत उनकी पुत्री के दसवीं कक्षा के सर्टिफिकेट में स्पष्ट लिखा है कि उनकी पुत्री का जन्म 10 अगस्त 1999 को हुआ था। याचिकाकर्ता ने अपनी दूसरी याचिका में कहा है कि नगर पालिका के अध्यक्ष मुस्तफा खान ने अपने चौथे पुत्र, शाहनवाज खान, की जन्म तिथि चुनाव आयोग को 15 अगस्त 1995 बताई थी, जबकि दसवीं के सर्टिफिकेट में इनके पुत्र की जन्म तिथि 15 अगस्त 1996 वर्णित है।

याचिका में आगे बताया गया है कि राजस्थान मुनिसपैल्टी एक्ट 2009 के तहत, नगर पालिका का सदस्य बनने के लिए किसी भी उम्मीदवार का 27 नवम्बर 1995 के बाद कोई बच्चा नहीं होना चाहिये, चाहे तारीख से पहले इस उम्मीदवार के कितने ही बच्चे पैदा क्यों न हो।

याचिकाकर्ता के वकील अनुराग कलावतिया का कहना है कि क्योंकि इन दोनों पार्षदों ने चुनाव आयोग के नॉमिनेशन पत्र में झूठी गवाही दी और अपने बच्चों की जन्म तिथि गलत बताई, उन्होंने कहा कि, इन दोनों ने नगर पालिका विधेयक 2009 की धारा (24) का स्पष्ट उल्लंघन किया है, जिसके तहत वर्ष 1995 के बाद जिस व्यक्ति के बच्चे होते हैं वे नगर पालिका के सदस्य नहीं हो सकते, ''इसलिए यह दोनों नगर पालिका का चुनाव नहीं लड़ सकते हैं।''

याचिकाकर्ता रामेश्वर खंडेलवाल ने याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में बताया है कि वे नगर पालिका के अध्यक्ष बनने के लिए चुनाव में उतरे थे, परन्तु यह चुनाव मुस्तफा खान एक वोट से जीते थे। उन्होंने आगे बताया कि जमील मोहम्मद ने मुस्तफा खान के समर्थन में वोट डाला था।

याचिकाकर्ता के वकील का कहना है कि क्योंकि मुस्तफा खान व जमील मोहम्मद ने अपने नॉमिनेशन पत्र में झूठ बोला है इसलिये उनका चुनाव ही रद्द होना चाहिये, परन्तु अब यह स्पष्ट नहीं है कि कि नगर पालिका अध्यक्ष किसे माना जायेगा। बहरहाल अदालत ने इस मामले में चार सप्ताह बाद सुनवाई की तारीख दी है।

# हाईकोर्ट

जयपुर, 4 जनवरी (निसं)। राजस्थान हाईकोर्ट प्रशासन ने करोना के ओमक्रॉन वेरिएंट के बढ़ते केसों को देखते हुए पांच जनवरी से 14 जनवरी तक हाईकोर्ट सहित जयपुर और जोधपुर की सभी अधीनस्थ अदालतों में प्रकरणों की सुनवाई केवल वर्चुअल तरीके से ही करने के निर्देश दिए हैं।

हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने आदेश की कॉपी जजों, न्यायिक अधिकारियों और बार एसोसिएशनों को भेजते हुए कहा है कि प्रदेश में करोना के बढ़ते मामलों के कारण वीसी के जरिए ही सुनवाई का निर्णय लिया गया है। इस अवधि में 75 फीसदी कोर्ट कर्मचारी ही रोटेशन के आधार पर कोर्ट आएंगे। जबकि शेष कर्मचारी घर से काम करेंगे, वहीं कोर्ट परिसर में केवल वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट दिखाने पर ही प्रवेश दिया जाएगा। दरअसल सुप्रीम कोर्ट में भी दो सप्ताह के लिए केसों की सुनवाई केवल वर्चुअल मोड से ही करने का निर्णय लिया गया था। इसके अलावा इलाहाबाद हाईकोर्ट, कलकत्ता हाईकोर्ट सहित अन्य हाईकोर्टों में भी वीसी के जरिए ही सुनवाई करने के आदेश जारी हो चुके हैं।

- जोधपुर की अदालतों में 14 तक वी.सी. से सुनवाई होगी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पिछले चौबीस घंटों में फिर दोगुने हुए करोना के नए मरीज राजस्थान में

## प्रदेश में मंगलवार को 1137 नए संक्रमित मिले हैं तथा सोमवार को 550 रोगी पाए गए थे

- राजधानी जयपुर में सबसे ज्यादा 745 और जोधपुर में 185 नए संक्रमित सामने आए हैं।
- राज्य में करोना के एक्टिव केस तीन हजार के पार हो गए हैं। इनमें 2135 मामले जयपुर में हैं।
- करोना संक्रमण से जयपुर में एक मरीज की मौत भी हुई मंगलवार को।

**-कार्यालय संवाददाता-**

जयपुर, 4 जनवरी । प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में नए करोना संक्रमितों की संख्या फिर दोगुनी हो गई है। इसके चलते मंगलवार को 1137 नए संक्रमित सामने आए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 745 मरीज जयपुर जिले में मिले हैं। इस बीच राजधानी में करोना से एक संक्रमित की मौत भी हुई है।

प्रदेश में जांचे बढ़ने के साथ ही करोना संक्रमण के मामलों में भारी वृद्धि होने लगी है। मंगलवार को राज्य में 53 हजार 524 जांच पर 1137 नए संक्रमित सामने आए हैं।

इससे पहले सोमवार को 550 रोगी पाए गए थे। इधर राज्य में पिछले चौबीस घंटों में सबसे ज्यादा 745 नए संक्रमित जयपुर जिले में मिले हैं। इसके अलावा जोधपुर में 185, अजमेर में 43, अलवर में 39, कोटा में 31, भीलवाड़ा में 21, भरतपुर में 20, बीकानेर में 12, उदयपुर में 9, प्रतापगढ़ में 8, चित्तौड़गढ़ व गंगानगर में 7-7, सीकर, सिरोही, टोंक व बाड़मेर में 2-2 तथा दौसा और धौलपुर में 1-1 नया संक्रमित मिला है।

उधर राहत की बात यह है कि राज्य के 15 जिलों बांसवाड़ा, बारां, बूंदी, चूरू, डूंगरपुर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जालौर, झालावाड़, झुंझुनूं, करौली, नागौर, पाली, राजसमंद, सवाईमाधोपुर में एक भी नया केस नहीं मिला है। इस बीच प्रदेश में केवल 37 मरीज ही ठीक होने के साथ ही अब तक 9 लाख 46 हजार 422 लोग इस बीमारी से स्वस्थ हो चुके हैं। राज्य में लगातार नए संक्रमितों में हो रही भारी वृद्धि के कारण रिकवरी रेट गिरकर 98.73 प्रतिशत पर आ गई है। वहीं संक्रमण दर 2.12 फीसदी हो गई है। इधर प्रदेश में एक्टिव केस बढ़कर 3183 हो गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 2135 मामले जयपुर जिले में हैं।

इसके अलावा जोधपुर में 364, अजमेर में 118, कोटा में 110, अलवर में 107, बीकानेर में 57 और भीलवाड़ा में 55 तथा अन्य 15 जिलों में इससे कम एक्टिव केस मौजूद हैं। जयपुर में मंगलवार को करोना संक्रमण से एक और मरीज की मौत हो गई है। इसके साथ ही राजधानी में अब तक इस बीमारी से 1972 लोगों मृत्यु हो गई है। जबकि प्रदेश में 8965 लोगों की मौत हुई है।

# धरना 13वें दिन भी बदस्तुर जारी

कोटपूतली, 4 जनवरी (निसं)। कोटपूतली में मास्टर प्लान के अनुरूप कस्बे की मुख्य सड़कों को चौड़ा किये जाने को लेकर स्थानीय नगर पालिका मण्डल की कार्यवाही के विरोध में नगर व्यापार महासंघ संघर्ष समिति का धरना मंगलवार को लगातार 13वें दिन भी जारी रहा।

- जिला कलैक्टर को भेजे ज्ञापन में कसाना ने दी चेतावनी। यदि मास्टर प्लान के नाम पर अवैध रूप से प्रतिष्ठान व मकानों को तोड़कर लोगों को सड़कों पर लाने का काम किया तो प्रशासन गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहे।

मंगलवार को राष्ट्रीय लोकतान्त्रिक पार्टी (आर.एल.पी.) ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राज्यपाल व राज्य सरकार में ठन रही विश्वविद्यालयों में वी.सी. की नियुक्ति पर

## यह तनातनी विशेषकर उन राज्यों में है जहाँ गैर भाजपा सरकारें हैं

- प.बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने, उदाहरण के लिये, राज्य के 24 विश्वविद्यालयों में हाल ही में हुई वी.सी. की नियुक्तियों पर आपत्ति की।
- केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने भी मुख्यमंत्री पिनारायी विजयन को पत्र लिखकर कहा कि, उनसे बहुत दबाव बनाकर कुन्नूर विश्वविद्यालय के वी.सी. की नियुक्ति करवायी गयी है। यह अनुचित है, वे विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति का पद त्याग रहे हैं, तथा मु.मंत्री यह जिम्मेवारी सम्भाल लें। अन्यथा ऐसा कानून पारित करें, जिससे दुखदायी सवाल बार-बार न उठे।
- महाराष्ट्र सरकार ने भी राज्यपाल के वी.सी. नियुक्ति के अधिकार पर अंकुश लगाते हुए, वाइस चांसलर की नियुक्ति की प्रक्रिया में ही परिवर्तन कर दिया है। नयी प्रक्रिया के अनुसार, अब चयन समिति पांच व्यक्तियों के नाम की सूची प्रस्तुत करेगी, सरकार के समक्ष, इनमें से वी.सी. को नियुक्त करने के लिए। सरकार इस सूची को ''शार्ट-लिस्ट'' करके गवर्नर को इनमें से दो नाम भेजगी, तथा इन दोनों में से एक व्यक्ति चयन करना होगा राज्यपाल को तीस दिन के अन्दर।

**-श्रीनन्द झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 4 जनवरी। ममता बनर्जी ऐसी एकमात्र मुख्यमंत्री नहीं हैं, जो यह चाह रही है कि राज्यपाल को राज्य के विश्वविद्यालयों के औपचारिक सर्वोच्च अधिकारी के रूप में उनकी भूमिका, दायित्वों एवं अधिकारों से वंचित कर दिया जाये। महाराष्ट्र में तो ऐसा विधेयक भी पारित हो चुका है जिसमें राज्य के विश्वविद्यालयों से संबंधित मामलों से जुड़े अधिकारों में कटौती कर दी गई है। तमिलनाडु और केरल सरकार भी इसी प्रकार के कानून लाने पर गंभीरतापूर्वक विचार कर रही हैं। उच्च शिक्षा का राजनीतिकरण कहे जाने वाले मुद्दों पर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्रियों के बीच अनबन चली आ रही है। इन मुद्दों में वाइस चांसलरों की नियुक्ति एक महत्वपूर्ण बिन्दु रहा है। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री जगदीप धनकड़ ने अभी हाल ही उनकी सहमति के बिना ही राज्य में 24 वाइस चांसलरों की नियुक्ति पर अप्रसन्नता व्यक्त की है। धनकड़ ने 30 दिसम्बर को कहा, ''इन नियुक्तियों की कोई कानून-सम्मत स्वीकृति नहीं हैं तथा अगर इन्हें शीघ्र ही वापस नहीं लिया गया तो उन्हें कार्यवाही करने के लिये बाध्य होना पड़ेगा।'' इस बीच, टी.एम.सी. सरकार एक ऐसा कानून लाना चाहती है, जिसके जरिये राज्यपालों को ऐसे अधिकारों से वंचित करके ये अधिकार मुख्यमंत्री को दे दिये जायें।

ऐसा ही एक विवाद केरल में गोपीनाथ रवीन्द्रन को कन्नूर विश्वविद्यालय का वी.सी. बनाये जाने को लेकर उभरकर आया है। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि उन्होंने रवीन्द्रन के नाम की स्वीकृति दबाव में आकर दी थी। मुख्यमंत्री पिनारायी विजयन को पिछले माह लिखे एक पत्र में, खान ने यह कह दिया था कि राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के चांसलर का पद छोड़ रहा हूँ। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा था कि या तो उनकी जिम्मेदारियाँ अधिगृहीत कर ली जायें या फिर इस विवादास्पद प्रश्न का समाधान करने के लिये कानून लाया जाये। विश्वविद्यालय अधिनियम के जरिये, राज्य सरकारों की भूमिका अदा करने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कर्बला मैदान

जयपुर, 4 जनवरी (निसं)। राजधानी जयपुर की वक्फ सम्पत्ति कर्बला मैदान में पिच निर्माण और टूर्नामैन्ट कराने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। राजस्थान मुस्लिम परिषद के अध्यक्ष युनुस चोपदार ने राजस्थान मुस्लिम वक्फ बोर्ड की बिना अनुमति के कर्बला मैदान में पिच निर्माण और टूर्नामैन्ट आयोज को लेकर कहा है कि यहां यदि टूर्नामैन्ट होगा, तो मेरी लाश पर होगा।

- एक दर्जन से ज्यादा मुस्लिम संगठन आज सुबह 11 बजे कूच करेंगे। कर्बला मैदान पर जोर जबरदस्ती से क्रिकेट मैच आयोजित करने के विरोध में।

जयपुर के कर्बला मैदान में जलदाय मंत्री महेश जोशी द्वारा सीमेंटेड पिच का अवैध रुप से निर्माण करवाने और वहां पर टूर्नामैन्ट आयोजित करने के मामले मे मुस्लिम संगठनों ने पांच

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

ईश्वर एक है और वह एकता को पसंद करता है। –हज़रत मोहम्मद

# नव वर्ष में एक ही आशा – न कोई हिंसा, न कोई कटुता

वर्ष 2022 का आगमन हो चुका है, एवं यह प्रश्न सबके मन में है कि यह वर्ष कैसा होगा? मेरा तो यह मानना है यह वर्ष कैसा भी हो, किंतु 2021 जैसा ना हो। यही कामना है कि हमने 2021 में जो देखा, वह 2022 एवं आने वाले किसी भी वर्ष में देखने को ना मिले।

वर्ष 2021 में, विशेष कर, अप्रैल– मई– जून माह में जिस प्रकार की मानवीय त्रासदी देखी गई वैसी स्वतंत्र भारत के इतिहास में कभी नहीं देखी गई। ऐसा शायद पहली बार हुआ कि देश में अंतिम संस्कार के लिए भी घंटों तक इंतजार करना पड़ा। निकटतम परिजन भी अंतिम संस्कार के समय उपस्थित नहीं रह सके।

कोरोना के कारण,न केवल अर्थव्यवस्था अस्त–व्यस्त हुई, अपने प्रिय जनों से असमय बिछड़ना पड़ा, अपितु बच्चे भी विद्यालय बंद होने के कारण घरों में कैद होकर रह गए। इससे उनके बचपन के दो वर्ष बिना शिक्षा के, बिना सामाजिकता के व्यर्थ चले गए। पूरा समय मोबाइल का स्क्रीन देखते रहने से न केवल आंखों पर असर पड़ा अपितु उनकी मानसिकता भी बुरी तरह प्रभावित हुई। हम केवल यह कामना ही कर सकते हैं कि वर्ष 2022 में कोरोना का अंतिम संस्कार हो। यदि यह रहे भी तो सामान्य बीमारी की तरह आकर चला जाए। एक और जहां बीमारी ने मानव को त्रस्त किया वहीं मानव ने ही मानव का शोषण करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। निजी अस्पताल हो, चिकित्सक हों या कोई अन्य, जहां अधिकांश लोग देवदूत की तरह मरीजों की सेवा कर रहे थे, वहीं कई ऐसे भी थे जो असहाय लोगों की स्थिति का लाभ उठाने से नहीं चूके। मेडिकल स्टोर में 5000 की Remdesivir को 50000 रुपये तक में बेची गई। कुछ निजी अस्पतालों ने भर्ती करने के लिए अनाप–शनाप धनराशि वसूल की। लोगों के घर–बार उजड़ गए, जीवन बर्बाद हो गए, किंतु जिन्हें दया ना आनी थी, वह नहीं आई।

2021 के प्रारंभ में पश्चिम बंगाल के चुनाव में बड़ी मात्रा में हिंसा देखी गई। प्रचार के दौरान भाषा का स्तर निम्न से निम्नतम होता दिखाई दिया। कोरोना का प्रकोप होने के बावजूद, सत्ता में आने की लालसा में हजारों – लाखों लोगों की रैलियां करने से परहेज नहीं किया।

राजनीतिक दलों एवं कार्यकर्ताओं में कटुता वर्ष 2021 के अंत तक इतनी बढ़ गई कि शालीनता की सभी सीमाएं लांघ दी गईं। जिस प्रकार की भाषा का उपयोग हरिद्वार और रायपुर में आयोजित तथाकथित धर्म संसद में किया गया, उसने तो सारी हदें पार कर दीं। रायपुर की धर्म संसद में एक तथाकथित संत कालीचरण महाराज ने महात्मा गांधी को न केवल अपशब्द कहे बल्कि उनकी हत्या करने वाले गोडसे को सलाम करते हुए उनका सम्मान किया। रायपुर चूँकि छत्तीसगढ़ में है एवं वहां पर कांग्रेस की सरकार है, इस तथाकथित संत पर मुकदमा दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार भी कर लिया गया। हरिद्वार की धर्म संसद में यह आव्हान किया गया कि गैर हिंदुओं से लड़ाई करने के लिए केवल तलवार से काम नहीं चलेगा और बड़े हथियार का उपयोग करना पड़ेगा। इस प्रकार एक धर्म विशेष के लोगों के नरसंहार का आव्हान करना भारत जैसे धर्मनिरपेक्ष देश में कल्पना से परे था। यह तो अधिकांश हिंदू समुदाय की परिपक्वता की निशानी है कि इस प्रकार के आव्हान के बावजूद उनके मन में हिंसा की भावना नहीं उत्पन्न हुई एवं इसका कोई असर नहीं हुआ। इसी प्रकार का आव्हान स्वाभाविक रूप से, दूसरे पक्ष की ओर से भी हुआ। प्रसिद्ध फिल्म कलाकार नसीरुद्दीन शाह ने एक साक्षात्कार में यहां तक कहा कि भारत एक गृह युद्ध की स्थिति में पहुंच सकता है।

आश्चर्य की बात तो यह है इस प्रकार के आव्हान करने वाले तथाकथित साधु यति नरसिंहानंद के विरुद्ध आज तक गिरफ्तारी की कार्यवाही नहीं की गई है। इस प्रकार के बयान समान्य अपराध की श्रेणी के नहीं है एवं इनसे हिंसा भड़कने की आशंका को देखते हुए, इन्हें राष्ट्रद्रोह माना जाना चाहिए एवं साथ ही संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध यू ए पी ए का उपयोग करते हुए उन्हें तत्काल जेल में भेजना चाहिए।

वर्ष 2022 के फरवरी – मार्च में अन्य राज्यों के साथ ही उत्तर प्रदेश में भी विधानसभा के चुनाव होने हैं। इसके लिए चुनाव की घोषणा होनी शेष है, किंतु कई दिनों से सभी दलों द्वारा बड़ी–बड़ी रैलियां की जा रही हैं। प्रधानमंत्री स्वयं गत एक माह में दस से अधिक बार उत्तर प्रदेश जा चुके हैं। एक ओर जहां बढ़ते कोरोना के चलते नागरिकों को दूरी बनाए रखने एवं मास्क पहनने के निर्देश दिए जा रहे हैं, वहीं राजनीतिक रैलियों में हजारों की संख्या में लोग बिना दूरी बनाए और बिना मास्क पहने, भाग ले रहे हैं। राजनेता, जिनमें गृहमंत्री और प्रधानमंत्री तक सम्मिलित हैं, बिना मास्क पहने रैलियों को संबोधित कर रहे हैं। चुनावों में जीत सभी दल प्राप्त करना चाहते हैं किंतु उसके लिए क्या तरीके अपनाए जाते हैं, यह महत्वपूर्ण है। यदि समाज में शांतिपूर्वक सद्भावना का वातावरण बनाना है तो उसकी जिम्मेदारी सभी दलों के नेताओं को लेनी होगी। आलोचना करना एक बात है किंतु व्यक्तिगत आक्षेप लगाना और उसमें मर्यादा की सीमा को लांघना, दूसरी बात है।

**क्या देश का नागरिक इतनी सी आशा सन् 2022 में नहीं कर सकता कि सभी दलों के नेता गण देश हित में कार्य करेंगे, चुनावों में मर्यादित भाषा का प्रयोग करेंगे एवं केवल उन बिंदुओं पर अपना प्रचार सीमित रखेंगे जो सामान्य जन के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में सहायक हो।**

देश के नागरिक बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा की कमी और स्वास्थ्य के अभाव से जूझ रहे हैं, वहीं इस चुनाव प्रचार में अब तक ये मुद्दे लगभग गायब ही हैं। अब चुनाव धीरे–धीरे केवल धर्म और जाति पर आधारित होते जा रहे हैं। यह देश का दुर्भाग्य ही है कि स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने पर जहां सरकार अमृत महोत्सव मना रही है, वहीं अभी चुनाव केवल हिंदू–मुसलमान या जाति के आधार पर लड़ने का प्रयास हो रहा है। शायद कुछ दलों को लगता है कि ध्रुवीकरण से उनको लाभ होगा।

मतदाताओं को यह तय करना है कि वे जाति – धर्म से ऊपर उठकर सामान्य व्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों के आधार पर मतदान करें। एक बार यदि देश का मतदाता विकास एवं कल्याण के मुद्दों के आधार पर अपने प्रतिनिधि का चयन करेगा, तो स्वत: ही अगले चुनावों से नेतागण केवल इन्हीं मुद्दों को जनता के बीच ले जाएंगे एवं वे धार्मिक एवं जातीय ध्रुवीकरण के आधार पर चुनाव जीतने का प्रयास नहीं करेंगे।

यह देश के नागरिकों को तय करना है कि वह 2022 में उत्तर प्रदेश की सत्ता पर किसे बिठाते हैं, उन्हें, जो हिंसक तरीकों से सत्ता में आना चाहते हैं या उन्हें, जो सद्भावना का वातावरण बनाते हुए आम नागरिक के मुद्दों पर गंभीरता से काम करना चाहते हैं?

पूरे विश्व में शांति और अहिंसा की बात करने वाले भारत के चुनाव यदि हिंसा और कटुता के वातावरण में हों तो यह हमारे लिए शर्म की बात है। जब चुनाव कटुता और हिंसा पर आधारित हैं, तो समाज में इसका व्यापक प्रभाव होता है। यह प्रभाव चुनाव होने के बाद भी लंबे समय तक बना रहता है। इस बात के प्रमाण हमें पश्चिम बंगाल के चुनाव में देखने को मिले हैं। देश के नागरिकों को नेताओं से यह अपेक्षा रहती है कि वे विकास का मार्ग प्रशस्त करेंगे एवं समाज में सद्भावना स्थापित करने हेतु प्रयासरत रहेंगे। अब यह नेताओं पर है कि वह साधारण नागरिक से जुड़े हुए मूल मुद्दों को केंद्र बिंदु बना कर चुनाव प्रचार करें और अपनी बात को पुरजोर तरीके से जनता के समक्ष रखें। 2022 में पांच राज्यों के महत्वपूर्ण विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। मैं एक साधारण नागरिक की तरह यह अपेक्षा करता हूं और आशा रखता हूं कि नव वर्ष, सभी दलों के नेतृत्व को ऐसी सद्बुद्धि एवं सोच दे, जिसे आधार बनाकर वह देश हित को सर्वोपरि रखते हुए, स्वयं अपने एवं दल के हित को उसके बाद रखें। नीतियों की आलोचना भी की जाए और कठोर से कठोर शब्दों में की जाए, किंतु ऐसा करते समय गरिमा और मर्यादा बनाए रखना आवश्यक है। जब नेता गण, धर्म और जाति से ऊपर उठकर सामान्य नागरिकों के हित की बात करेंगे, तो नागरिक भी मतदाता के रूप में उसी उम्मीदवार का चयन करेंगे जो इस दृष्टि से सर्वाधिक उपयुक्त प्रतीत होता है।

नव वर्ष की इससे बड़ी सौगात देश के लिए क्या हो सकती है कि चुनाव, जाति – धर्म आधारित हिंसा से मुक्त होकर विकास एवं कल्याण की नीतियों और योजनाओं पर आधारित हों। नेतागण अपने वाणी पर संयम रखें और अपने स्वार्थ की खातिर देश हित को गिरवी ना रख दें। समाज में सभी लोग पूरक की तरह काम करें, ताकि प्रत्येक की क्षमता का पूरा लाभ देश को मिले एवं वह प्रगति के रास्ते पर तेजी से अग्रसर हो। वर्तमान समय में कई बार देखा गया है कि कितनी भी तेजी से आर्थिक प्रगति क्यों ना हो जाए, जब तक समाज में सद्भावना का वातावरण ना हो, तब तक, इस प्रकार की प्रगति का लाभ निर्धन एवं कमजोर व्यक्तियों तक नहीं पहुंच पाता। राजनीतिक नेतृत्व इस प्रकार के बयान देते रहते हैं जिससे सद्भावना का वातावरण बनाने के प्रयासों को ठेस पहुंचती है।

क्या देश का नागरिक इतनी सी आशा सन् 2022 में नहीं कर सकता कि सभी दलों के नेता गण देश हित में कार्य करेंगे, चुनावों में मर्यादित भाषा का प्रयोग करेंगे एवं केवल उन बिंदुओं पर अपना प्रचार सीमित रखेंगे जो सामान्य जन के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में सहायक हो। एक बार जब राजनीतिक नेतृत्व इस दिशा में कार्य करना प्रारंभ करेगा, तो देश के नागरिक अपने आप उनके इस प्रयास में जुड़ते चले जाएंगे। तब, भारत, एक ऐसा देश बन पाएगा जहां सब लोग शांति से, ईमानदारी से और संवेदनशीलता से एक–दूसरे के लिए पूरक बनते हुए देश को प्रगति के पथ पर अब बढ़ाने में अपने पूरे सामर्थ्य से योगदान देंगे। बस यही आशा है कि मेरी यह कल्पना, नव वर्ष 2022 से मूर्त रूप लेना प्रारंभ कर दे।

सभी पाठकों को नव वर्ष की बहुत–बहुत शुभकामनाएं!

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# ‘जय–विजय’ में उपजती स्थाई पराजय

‘जय’ का अर्थ है सबकी भलाई या खुशी और उल्लास का उदघोष जब भी कोई खुशी का मौका हो या आने वाला हो ‘जय’ के लिए प्रतिद्वंदी की आवश्यकता नहीं होती ‘जय’ के लिए कोई लड़ाई–झगढ़ा युद्ध या अहम का टकराव अथवा स्वयं को सिद्ध करना आदि–आदि नहीं होता। इसलिए ‘जय’ में खिंचाव या तनाव का कोई स्थान नहीं रहता। अपितु, इसके विपरीत ‘जय’ के उद्घोष से ‘स्ट्रेस और टेंशन’ से रिलीफ मिलती है, उसे भुलाया जाता है। यह ‘जय’ सिर्फ प्रसन्नता और सुख के आभास का प्रतीक है। यह कहा जा सकता है कि ‘जय’ कहने करने में बस हर प्रकार से और हर किसी के लिए प्रसन्नता मनाने, सम्मान देने के लिए प्रयोग होता है।

इसके विपरीत ‘विजय’ भावार्थ एक पक्ष के द्वारा दूसरे पक्ष के अधिकारों, इच्छाओं, प्राणों संस्कारों का हनन कर उस पर स्वयं का अधिपत्य जमा लेना ही विजय है। विजय में प्रतिद्वंदी की आवश्यकता अनिवार्य है, चाहे वह प्रतिद्वंदी आप स्वयं ही हों या आपके शत्रु या आपकी इच्छा या आपकी इगो। स्पष्ट है ‘विजय’ प्राप्त करने के लिए आपको को हमेशा कुछ न कुछ खोना अवश्य पड़ता है, चाहे वह आप खुद हों या आपके मूल्य,संस्कार और संस्कृति। ‘विजय’ प्राप्त करने के बाद भी शायद आपको प्रसन्नता ना मिले । वास्तव में विजय’ अंततः एक नेगेटिव एक्ट ही होता है चाहे हमें कुछ देर के लिए यह लगे कि आपने कुछ हासिल कर लिया है पर अंतत: सम टोटल में हम खोते ही खोते होते हैं बहुत कुछ हारते हैं। इस जय को छोड़कर विजय से निकली पराजय आज हमें लीलने को आतुर है।

गांधी विरोध से प्रसिद्धि मिल रही है विजयी मुट्ठियाँ लहराई जा रही हैं और परिणाम में पराजित समाज हताश होकर देख रहा है। एक समय था जब यह अपराध था। अब इसे सामाजिक परिवर्तन का बाना पहनाया जा रहा है। अब साधन है, विज्ञान है, ताकत है, पैसा है। निरंतर विजय की आकांक्षा और उपलब्धि व्यक्ति को नास्तिक बनाती है हां दिखावा घनघोर आस्तिक का चौगा जरूरी है। मंदिर भव्य तो बनाये जाते हैं पर पूजा सुविधाजनक होनी चाहिए। प्रजा राजा की कृपापात्र हो तो विजयकारा तो बनता है?

चाणक्य ने लिखा है कि जनता को मूढ़ और अन्धविश्वासी कर देने से राजा निष्कंटक राज करता है। यज्ञों की भरमार, कथा–प्रवचन, चमत्कार, तन्त्र–मन्त्र, योगी, स्वामी और भगवान – ये सब शासक और शोषक वर्ग द्वारा प्रोत्साहित किये जा रहे हैं।

कुछ कृतघ्न कपूतों का कुनबा बापू को कोसने में लगा है। विगत कुछ सालों से जब से ऐसे लोग अपने मंसूबों में कामयाब होने लगे हैं तब से महापुरुषों को कलुषित करने का प्रचलन बढ़ा है। कभी गांधी की पुण्यतिथि पर उनके पुतले को गोली मारकर कायरता प्रदर्शित हो रही है तो कहीं उनके हत्यारे को महिमामंडित किया जा रहा है। हत्यारे गोडसे के लिए अमर रहें के नारे लगाए जा रहे हैं तो कहीं उसका मंदिर बनाया जा रहा है। और अब तो निर्लज्जता की पराकाष्ठा यह है कि सार्वजनिक तौर पर एवं धर्म संसद आयोजित कर गांधी को गाली दी जा रही है लेकिन सच्चाई यही है कि गांधी को गोली मारकर भी न मारा जा सका। गांधी विचार और सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं। देश के मिज़ाज में, बहुतायत जनता के मन में और यहाँ तक की वैश्विक पटल पर अपने विचारों और सिद्धांतों के साथ गांधी आज भी मौजूद हैं।

गांधी को मिटाने की कई कोशिशें लगातार हो रही हैं। सोशल मीडिया पर गांधी को बदनाम करने के लिए झूठी कहानियाँ निरंतर फैलाई जाती हैं। ट्विटर पर हैशटैग ट्रेंड कराए जाते हैं। देश की युवा पीढ़ी को बरगलाने और सच्चाई से दूर झूठे क़िस्सों से गांधी को विलेन साबित करने का प्रयास हो रहा है।


राजेन्द्र मोहन शर्मा

लेकिन ये क्यों हो रहा है? कौन कर रहा है? आप अगर गौर करें तो आसानी से समझ जाएँगे कि ये उसी विचारधारा के लोग हैं जिनका विश्वास और नीतियां समाज को तोड़ने की हैं। ये भारत के विभिन्न वर्गों, धर्मों और जातियों में एकता नहीं चाहते। ये बँटवारे और ध्रुवीकरण में भरोसा रखते हैं। इसी को सत्ता प्राप्ति का माध्यम बनाते हैं। दुर्भाग्य से पिछले कुछ वर्षों में इन्हें इसमें कामयाबी भी मिली है।

लेकिन इस पूरे प्रक्रम में नुकसान देश का हो रहा है। जिस गांधी को दुनिया भर के देशों में सम्मान मिला है उस गांधी का अपने ही घर में अपमान कर हम दुनिया को कौन सा संदेश दे रहे हैं? हम अपने लिए अर्थात् भारत के लिए कैसी छवि का निर्माण कर रहे हैं? गांधी के सम्मान में दुनिया के कई देशों में उनके नाम पर सड़कें हैं, संग्रहालय हैं और मूर्तियाँ लगी हैं। और जिस गांधी ने दुनिया भर में भारत को गौरव प्रदान किया, कृतघ्न भारतीय अपने ही देश में उनकी मूर्तियाँ खंडित कर गौरवान्वित हो रहे हैं।

एक वर्ग को शायद नहीं पता कि गांधी से कुछ मुद्दों पर वैचारिक मतभेदों के बावजूद नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने ही पहली बार गांधी को राष्ट्रपिता कहा था। रेडियो रंगून से प्रसारित अपने रेडियो संदेश में नेताजी का गांधी को राष्ट्रपिता कहना साबित करता है कि सुभाष के मन में गांधी के लिए कितना सम्मान था। तो आज जो गांधी को राष्ट्रपिता कहने के विरोध में हैं उनकी योग्यता या देशभक्ति क्या नेताजी से बड़ी है? गुरुदेव टैगोर ने गांधी को महात्मा कहा था। तो क्या गांधी के व्यक्तित्व को छोटा करने में लगे लोगों की योग्यता रवीन्द्र नाथ से अधिक है? राष्ट्रवाद के नाम पर एक समूह और उनके अनुयायियों का पूरा कुनबा मिलकर भी नेताजी और रवींद्र नाथ के पैर की धूल तक नहीं हो सकता। ये समाज को बाँटने और अस्थिर करने के अपने प्रयासों में पूरी मुस्तैदी से लगे हैं। इसका ही परिणाम है कि क्रिसमस का विरोध करते हुए अंबाला में दशकों पुरानी ईसा मसीह की मूर्ति तोड़ दी जाती है। क्रिसमस के दिन तुलसी पूजन दिवस मनाने और अंग्रेज़ी कैलेंडर के नव वर्ष का बहिष्कार करने की रवायत चली पड़ी है। यह सही है कि हिंदू पंचांग का नव वर्ष चैत्र प्रतिप्रदा को होता है परन्तु यह आज पहली बार नहीं कि अंग्रेज़ी कैलेंडर के पहली तारीख़ का उत्सव मनाया जा रहा। हम जन्मदिन या शादी की तिथि विक्रम संवत् के अनुसार तो नहीं मनाते? ‘यह नव वर्ष हमें स्वीकार नहीं’ जैसी कविता के लिए तो ये लोग दिनकर के नाम का झूठा इस्तेमाल भी कर लेते हैं लेकिन वही दिनकर ने गांधी के लिए क्या कहा था यह उनको स्वीकार्य नहीं होता। दिनकर ने लिखा था–

**बापू ! तू वह कुछ नहीं, जिसे ज्वालाएँ घेरे चलती हैं,**
**बापू ! तू वह कुछ नहीं, दिशाएँ जिसको देख दहलती हैं।**
**तू सहज शान्ति का दूत, मनुज के सहज प्रेम का अधिकारी,**
**दृग में ऊंड़ेलकर सहज शील देखती तुझे दुनिया सारी।**
**बापू ! मैं तेरा समयुगीन; है बात बड़ी, पर कहने दे;**
**लघुता को भूल तनिक गरिमा के महासिन्धु में बहने दे।**
**यह छोटी-सी भंगुर उमंग पर ! कितना अच्छा नाता है,**
**लगता है पवन वही मुझको जो छू कर तुझको आता है।**

■ **..उठिए, जागिए और बचा लीजिए भारत को इससे पहले कि नफरत की बयार सब कुछ बहा ले जाए**

समझिए इस कुत्सित खेल को। खुद को, समाज को, देश को और भविष्य को बचाना होगा। अपने बच्चों को गांधी बनने की प्रेरणा दीजिए। धर्म को संकीर्णता से परे जाकर स्वामी विवेकानंद की नज़रों से समझिए। अपने ऐतिहासिक भाषण में स्वामी विवेकानन्द ने कहा था–

“मुझे गर्व है कि मैं एक ऐसे धर्म से हूं, जिसने दुनिया को सहनशीलता और सार्वभौमिक स्वीकृति का पाठ पढ़ाया है। उन्होंने आगे कहा था कि हम सिर्फ सार्वभौमिक सहनशीलता में ही विश्वास नहीं रखते, बल्कि हम विश्व के सभी धर्मों को सत्य के रूप में स्वीकार करते हैं।

स्वामी जी ने एक और बड़ी बात कही थी कि भारत के लाखों पीड़ित जनता अपने सूखे हुए गले से जिस चीज के लिए बार–बार गुहार लगा रही है वो रोटी है। वो हमसे रोटी मांगते हैं, लेकिन हम उन्हें पत्थर पकड़ा देते हैं। भूख से मरती जनता को धर्म का उपदेश देना उसका अपमान है।

..उठिए, जागिए और बचा लीजिए भारत को, भारत के भविष्य को। इससे पहले कि नफरत की बयार सब कुछ बहा ले जाए, इसे रोक लीजिए या फिर चिरस्थाई पराजय के लिए तैयार रहें।

**राजेन्द्र मोहन शर्मा**
**साहित्यिकार, शिक्षाविद और चिन्तक**

# झारखंड के शक्रूद्दीन ने स्वर्ण, हरियाणा के कुलदीप को रजत

**उदयपुर, (कासं)।** सुखाड़िया विश्वविद्यालय एवं राजस्थान राज्य पावरलिफ्टिंग संघ के संयुक्त तत्वावधान में सुविवि विवेकानंद सभागार में चल रही राष्ट्रीय जूनियर एवं सब- जूनियर पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता मैं 59 किग्रा भार वर्ग में झारखंड के मो. शक्रूद्दीन ने कुल 532.5 किलो वजन उठाकर स्वर्ण वही हरियाणा के कुलदीप ने 505.5 किलो वजन उठाकर रजत पदक जीता। तेलंगाना के भरत यादव ने 492. 5 किलो वजन उठा कांस्य पदक हासिल किया।

सब–जूनियर 66 किलोग्राम भार वर्ग में राजस्थान के चंद्र प्रकाश ओझा ने 600 किलो वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं हरियाणा के दीपक ने 550 किलो वजन उठाकर रजत पदक व दिल्ली के किशन ने 550॰किलो वजन उठाकर कांस्य पदक जीत जूनियर 59 किलोग्राम भार वर्ग में कर्नाटक के आदर्श अत्तावर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 607. 5 किलो किलो वजन उठाकर स्वर्ण पदक, तमिलनाडु के परमेश एस ने 605 किलो वजन उठाकर रजत पदक, केरला के अभीन बी ने 560 किलो वजन उठाकर कांस्य पदक जीता।

74 किग्रा सब- जूनियर वर्ग में पंजाब के दलजीत सिंह ने 625 किलो वजन उठाकर स्वर्ण पदक, महाराष्ट्र के कुणाल ने 605 किलो वजन उठाकर रजत पदक व आंध्र प्रदेश के पी वी कृष्णा ने 573.5किलो वजन उठाकर रजत पदक जीता। वही 74 किग्रा जूनियर वर्ग में मध्य प्रदेश के सुमित सिंह ने 702.5 किलो वजन उठाकर स्वर्ण पदक, तमिलनाडु के दिनेश ने 680 किलो वजन उठा रजत व हरियाणा के सत्येंद्र ने 676 किलो वजन उठाकर कांस्य पदक जीता।

# उन्दरा से आठ फीट के अजगर का रेस्क्यू किया


**पिण्डवाड़ा के निकट उन्दरा में वन टीम ने अजगर को रेस्क्यू कर पकड़ा।**

**पिण्डवाड़ा, (निसं)।** समीपवर्ती ग्राम उन्दरा में स्थित एक निजि होटल के पीछे बड़ा अजगर आने पर लोग भयभीत हो गये । लोग अजगर को बिना क्षति पहुंचाये हटाना चाहते थे, जिसको लेकर स्थानीय लोगों ने सरपंच महेन्द्र कुमार मेघवाल को अजगर आने की सूचना दी। जिस पर सरपंच मेघवाल ने वन विभाग को सूचना दी।

वन विभाग की टीम वनपाल प्रेमप्रकाश व अंजू चौहान ने मौके पर जाकर अजगर का सुरक्षित रेस्क्यू किया। अजगर की लम्बाई करीब आठ फीट थी। उसे उन्दरा गोचर में स्थित नदी किनारे सुरक्षित छोड़ दिया।

# प्रकृति प्रेमियों को लुभा रही शीत प्रवासी परिन्दों की अठखेलियां

## माही के बेक वाटर क्षेत्र में इन दिनों शीत प्रवासी परिन्दों की उपस्थिति देखी जा रही है

**बांसवाड़ा, (निसं)।** माही के बेक वाटर क्षेत्र में इन दिनों शीत प्रवासी परिन्दों की उपस्थिति को देखी जा रही है। माही की लहरों के संग परिन्दों की अठखेलियां देखने का पक्षी प्रेमी भरपूर लुत्फ उठा रहे हैं । वागड पर्यावरण संस्थान के अध्यक्ष डॉ. दीपक द्विवेदी ने बताया कि माही के बेक वाटर क्षेत्र में घंटों बैठकर इन परिन्दों की गतिविधियों को निहारने का रोमांचकारी अनुभव है। उन्होंने बताया कि माही के किनारे प्रवासी पक्षियों की उपस्थिति से गुलजार है। सुबह के समय किनारों पर इनको भोजन करते देखना, मछली का शिकार करते देखना प्रकृति प्रेमियों को लुभा रहा है।


**माही बेक वाटर क्षेत्र में शीत प्रवासी परिन्दें अटखेलियां करते हुए।**

इस क्षेत्र में नोर्दन पिनटेल, नोर्दन शॉव्लर, यूरेशियन विजन, कॉमन पोचार्ड, टफटेड पोचार्ड के बडे ग्रुप देखे जा सकते है। इसके अलावा कॉमन टील, रडी शेलडक, कॉमन कूट, कॉमन रेडशेंक, ब्लेक टेल्ड गोडविट, व्हिस्कर्ड टर्न, लेसर ब्लेक बेक्ड गल के साथ स्थानीय परिन्दों की उपस्थिति को देखा जा सकता है। संस्थान के यश सराफ व वैभव जोशी ने बताया कि स्थानीय परिन्दों में पेण्टेड स्टॉर्क, ओपन बिल, व्हाइट स्टॉर्क, इग्रेट्स, कॉरमोरेन्ट्स, डार्टर, रिवर टर्न, आइबिज, हेरन, स्वेलोज, मैना, रेड वेटल्ड लेकविंग, स्पून बिल आदि को देखा जा सकता है।

- **सुबह के समय किनारों पर इनको शिकार करते देखना प्रकृति प्रेमियों को लुभा रहा है**
- **नोर्दन पिनटेल, नोर्दन शॉव्लर, यूरेशियन विजन, कॉमन पोचार्ड, टफटेड पोचार्ड के बड़े ग्रुप देखे जा सकते हैं**

## राशिफल


पंडित अनिल शर्मा

### बुधवार 5 जनवरी, 2022

पौष मास शुक्ल पक्ष, तृतीया तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2078, श्रवण नक्षत्र प्रात: 8:46 तक, वज्र योग सायं 6:14 तक, गर करण दिन 2:35 तक, चन्द्रमा आज सायं 7:54 पर कुम्भ राशि में प्रवेश करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–धनु, चन्द्रमा–मकर, मंगल–वृश्चिक, बुध–मकर, गुरू–कुम्भ, शुक्र–धनु, शनि–मकर, राहु–वृष, केतु–वृश्चिक राशि में।

राजयोग आज प्रात: 8:46 से दिन 2:35 तक है। रवियोग प्रात: 8:46 से रात्रि 7:14 तक है। भद्रा रात्रि 1:32 से गुरूवार दिन 12:30 तक रहेगी।

आज त्रिम्बुतिक (जैन) है। पंचक सायं 7:54 से आरम्भ होगा। आज से जमादि उलसानि मु. मास आरम्भ होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ–अमृत सूर्योदय से 9:56 तक, शुभ 11:14 से 11:32 तक, चर 3:08 से 4:25 तक, लाभ 4:25 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 7:21, सूर्यास्त 5:43

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**वृष**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

**मिथुन**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों को आज टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ने का भय है। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**कर्क**
परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक मामलों में उचित परामर्श मिलेगा।

**सिंह**
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। अस्त–व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**कन्या**
घर–परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी।

**तुला**
घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी बनी रहेगी। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी।

**कुंभ**
अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। अनावश्यक धन खर्च होगा। व्यक्तिगत/धार्मिक कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

# बीकानेर में फायरिंग, जयपुर, बूंदी और दौसा में हुए गैंगरेप कानून व्यवस्था के ध्वस्त होने के स्पष्ट प्रमाण : डॉ. पूनिया

## 'अशोक गहलोत झूठे वादे और घोषणाएं करने में अव्वल, किसानों से तीन साल पहले सम्पूर्ण कर्जा माफ करने का वादा आज भी अधूरा'

- 'प्रधानमंत्री और गृहमंत्री पर झूठ आरोप लगाना अशोक गहलोत की सोते जागते आदत बन चुकी है, कांग्रेस विधायक भी उनकी कार्यशैली से नाखुश हैं'
- 'लोकतंत्र की दुहाई देने वाले मुख्यमंत्री ने सत्ता का दुरूपयोग कर अपने ही विधायकों पर केस दर्ज करवाए और पीसीसी चीफ व डिप्टी सीएम को बर्खास्त किया था'

**जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा केन्द्र सरकार पर लगाए गए झूठे आरोपों पर पलटवार किया है।

कांग्रेस नेता बार-बार भाजपा में मुख्यमंत्री पद के कई दावेदार होने का बयान देते आए हैं। अब खुद भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने कांग्रेस नेताओं के बयान पर मुहर लगा दी है। पूनिया ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राजस्थान भाजपा में सीएम पद के एक दर्जन उम्मीदवार हैं। अरसे पहले लोग कहते थे कि भाजपा में लीडरशिप क्राइसिस है। मगर अगर मुख्यमंत्री पद के एक दर्जन उम्मीदवार होने को मैं खूबी मानता हूं। उन्होंने कहा कि हमारे पास अनुभवी लोग हैं, लेकिन मुख्यमंत्री कौन बनेगा, यह संसदीय दल तय करेगा। मुख्यमंत्री कौन बनेगा, इसका कोई सेट फिनोमिना नहीं है। पार्टी परिस्थितियों के आधार पर कई बार मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करती है। कई बार नहीं भी करती है। इसके पीछे वजह है कि भाजपा सामूहिक नेतृत्व के आधार पर चुनाव लड़ती है।

पूनिया ने यह भी साफ किया कि 2023 के विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमारा चेहरा होंगे। मोदी से बड़ा कोई चेहरा नहीं है। गृहमंत्री अमित शाह ने भी पिछले दिनों जयपुर में कहा था कि मोदी के चेहरे पर ही 2023 का चुनाव लड़ेंगे। डॉ. पूनिया ने बयान जारी कर कहा कि अशोक गहलोत स्वयं झूठे वादे और घोषणाएं करने में अव्वल हैं, क्योंकि 2018 में किसानों से पूरा कर्जा माफ करने का जो वादा किया था, वो आज तीन साल बाद भी अधूरा है, इसके अलावा घोषित भर्तियां तय समय पर पूरी नहीं होने से बेरोजगार युवा जयपुर से लेकर कांग्रेस के लखनऊ कार्यालय तक धरना प्रदर्शन करने को मजबूर हैं, प्रदेश की बेरोजगारी दर भी शीर्ष पर है, जो 27.1 प्रतिशत है। डॉ. पूनियां ने कहा कि अशोक गहलोत खुद की सरकार की विफलताएं छुपाने व वादाखिलाफी से ध्यान भटकाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह व अन्य केन्द्रीय मंत्रियों पर तत्थ्यहीन व झूठे आरोप लगाते रहते हैं, जो उनकी सोते जागते आदत बन चुकी है, जबकि हकीकत यह है कि कांग्रेस के विधायक व मंत्री भी इनकी सरकार की कार्यशैली से नाखुश हैं, जिनकी लम्बी सूची है।

उन्होंने कहा कि मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीय खुद की सरकार पर ही हॉर्स ट्रेडिंग का आरोप लगा चुके हैं, जिसमें उन्होंने विधायकों पर राज्यसभा चुनाव व सरकार के सियासी संकट के समय 10-10 करोड़ रूपये लेने की बात कही थी। लोकतंत्र की दुहाई देने वाले मुख्यमंत्री ने सत्ता का दुरूपयोग कर अपने ही विधायकों पर केस दर्ज करवाए और पीसीसी चीफ व डिप्टी सीएम को बर्खास्त किया था। डॉ. पूनिया ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक भरत सिंह कुंदनपुर, दीपेन्द्र सिंह शेखावत, मंत्री हेमाराम चौधरी भी कांग्रेस सरकार की कार्यशैली पर भ्रष्टाचार व विकास कार्य नहीं होने के आरोप लगा चुके हैं। स्वयं मुख्यमंत्री भी राज्य सरकार के विभागों में भ्रष्टाचार होने की बात स्वीकार कर चुके हैं, इस सरकार में भ्रष्टाचार शिष्टाचार बन चुका है, जो सरकार भ्रष्टाचार पर लगाम नहीं लगा पा रही वह प्रदेश की जनता का क्या भला करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ चुकी है, बीकानेर में दिनदहाड़े फायरिंग, जयपुर व बूंदी में नाबालिग बच्चियों के साथ रेप-गैंगरेप, दौसा में महिला के साथ गैंगरेप, पिछले तीन सालों में 6.50 लाख से अधिक मुकदमे दर्ज होना। इत्यादि मामले कानून व्यवस्था के ध्वस्त होने और अपराधियों के हौंसले बुलंद होने के स्पष्ट प्रमाण हैं, कानून व्यवस्था प्रदेश का प्रमुख मुद्दा है, जिस पर मुख्यमंत्री व गृहमंत्री अशोक गहलोत को गंभीरता से ध्यान देकर दुरुस्त करने की जरूरत है।

# न्यूनतम समर्थन मूल्य पर दलहन व तिलहन की खरीद में गति लाएं : सीएस



मुख्य सचिव निरंजन आर्य ने मंगलवार को राजफेड की राज्य स्तरीय संचालन समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में राजफेड की प्रबंध निदेशक सुषमा अरोड़ा भी मौजूद थीं।

**जयपुर, (का.सं.)।** मुख्य सचिव निरंजन आर्य ने राजस्थान राज्य सहकारी क्रय-विक्रय संघ लिमिटेड (राजफेड) द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर दलहन एवं तिलहन की खरीद प्रक्रिया में गति लाने के निर्देश दिए हैं, ताकि प्रदेश के किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य मिले और उसका समय पर भुगतान सुनिश्चित हो।

आर्य ने मंगलवार को राजफेड की राज्य स्तरीय संचालन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार की ओर से खरीफ 2021 सीजन के लिए निर्धारित खरीद लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा कर नेफेड के माध्यम से किसानों को भुगतान किया जाए। गौरतलब है कि राजफेड द्वारा प्रदेश में दलहन के रूप में मूंग तथा उड़द और तिलहन के रूप में सोयाबीन और मूंगफली की खरीद नवंबर 2021 में शुरू की गई है, जो 90 दिनों तक जारी रहेगी। बैठक में राजफेड की प्रंबध निदेशक सुषमा अरोड़ा ने बताया कि इस खरीफ सीजन में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल खरीद के लिए कुल 876 क्रय केन्द्र शुरू किए गए हैं। सभी जगह बारदाने की उपलब्धता पर्याप्त है तथा अभी तक 346 करोड़ रुपये मूल्य की उपज खरीदी जा चुकी है। बैठक में शासन सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति नवीन जैन, राजफेड तथा नेफेड के अधिकारी मौजूद थे।

## परनामी के जन्मदिन के अवसर पर वसुंधरा गुट के नेताओं का रहा जमावड़ा

**जयपुर।** भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी ने जन्मदिन पर भीड़ जुटाकर अपनी ताकत दिखाई है।

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के गलता गेट स्थित एक विवाह स्थल पर हुए कार्यक्रम में परनामी ने गहलोत सरकार को भी जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि यह सरकार रेंग-रेंगकर नहीं घिस-घिसकर चल रही है। उन्होंने दावा किया कि 2023 में भाजपा की प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनेगी। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के सवाल पर परनामी ने कहा कि उनके साथ मुलाकात सियासी नहीं थी और ना ही हमारे बीच कोई राजनीतिक बात हुई है। यह केवल शिष्टाचार मुलाकात थी और दोनों के बीच नववर्ष की रामा-श्यामा हुई है।

हालांकि परनामी ने साफ तौर पर कहा कि मैं शक्ति प्रदर्शन नहीं करता। यह कार्यकर्ताओं का प्यार है। मेरे जन्मदिन पर हर साल कार्यकर्ता रक्तदान शिविर करते हैं। इस बार भी रक्तदान शिविर में एक हजार यूनिट रक्त एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे गुट के नेता कार्यक्रम में नजर आए। कार्यक्रम में वसुंधरा राजे गुट के नेता एक बार फिर नजर आए। सांसद रामचरण बोहरा के साथ विधायक प्रताप सिंह सिंघवी, अशोक लाहोटी के अलावा परनामी के समय शहर अध्यक्ष रहे संजय जैन, महिला मोर्चा जयपुर अध्यक्ष कविता मलिक, भाजयुमो के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डीडी कुमावत, पूर्व प्रवक्ता लक्ष्मीकांत पारीक, पार्षद कुसुम यादव, महेश कलवानी, सुरेश नावरिया, भाजपा नेता अजय यादव, युवा मोर्चा के महेंद्र सिंह शेखावत ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

# अर्थशास्त्रियों को जमीनी हकीकत को समझने की जरूरत : राजेंद्र सिंह यादव

**जयपुर, (का.सं.)।** उच्च शिक्षा राज्य मंत्री, राजेंद्र सिंह यादव ने मंगलवार को कहा कि देश में अर्थशास्त्रियों को हमारे गांवों और समाज के वंचित वर्गों की जमीनी हकीकत को समझने की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा कि कॉन्फ्रेंस और सेमिनार्स का आयोजन करना बहुत अच्छा है, जिसमें देश के आर्थिक विकास से संबंधित आंकड़ों और संख्याओं पर चर्चा की जा सके। हालांकि, यह देखा गया है कि कभी-कभी आंकड़े जमीनी हकीकत से भिन्न हो सकते हैं। अर्थशास्त्रियों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे गरीबी को कम करने व अमीरों और वंचितों के बीच के अंतर को पाटने पर ध्यान दें। मंत्री यादव मुख्य अतिथि के रूप में मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर (एमयूजे) में इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन (आईईए) के 103वें और 104वें वार्षिक कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन सत्र में बोल रहे थे।

मंत्री ने आगे बताया कि राजस्थान में वर्तमान सरकार उच्च शिक्षा को एक नए स्तर पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। आज 1800 निजी कॉलेज, 300 सरकारी कॉलेज और अन्य 123 सरकारी कॉलेज पाइपलाइन में हैं।

इससे पहले, एमयूजे के कुलपति, प्रो जीके प्रभु ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि आईईए के 103वें और 104वें वार्षिक कॉन्फ्रेंस की मेजबानी करना एमयूजे के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि अर्थशास्त्र सभी पृष्ठभूमि के छात्रों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है और शोध के लिए एक आवश्यक मांग भी है। इस अवसर पर वाईस प्रेसिडेंट, आईईए एचओडी ऑफ इकोनॉमिक्स, वीएसएसडी कॉलेज, कानपुर, डॉ देवेंद्र अवस्थी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान मंच पर गणमान्य व्यक्तियों द्वारा इंडियन इकोनॉमिक जर्नल और आईईए मेम्बरशिप प्रोफ़ाइल-2022 का कॉन्फ्रेंस स्पेशल अंक भी जारी किया गया।

## राष्ट्रपिता के अपमान वाले बयानों के खिलाफ प्रदर्शन

**जयपुर।** जयपुर के प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा सद्भावना संगठन के बैनर तले धर्म संसद जैसे आयोजनों के माध्यम से साम्प्रदायिक वैमनस्य बढ़ाने व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के अपमान करने वाले बयानों के खिलाफ शहीद स्मारक पर प्रदर्शन किया।

राजस्थान नागरिक मंच के महासचिव बसन्त हरियाणा ने बताया इस अवसर पर उपस्थित व्यक्तियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सामम्प्रदायिक बढ़ाने व महात्मा गांधी के अपमान वाले बयान देश की एकता अखंडता और भाईचारे को खत्म करेंगे। देश की तरक्की खुशहाली के लिए आवश्यक है देश में शांति भाईचारा मजबूत रहे लेकिन अफसोस की बात है जिन लोगों पर देश में भाईचारा व देश की एकता अखंडता कायम रखने की जिम्मेदारी है उन्ही लोगों के संरक्षण में भाईचारे व देश की एकता अखंडता विरोधी बयान दिए जा रहे है।

# कार्यशाला में स्थानीय निकायों के प्रमुखों की समस्याएं जानी जाएंगी

- प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर 6 और 7 जनवरी को होगी कार्यशाला

**जयपुर(का.प्र.)।** प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देने के बाद अब प्रदेश कांग्रेस की ओर से स्थानीय निकायों के प्रमुखों और जनप्रतिनिधियों की समस्याएं जानने के लिए जयपुर में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है 6 और 7 जनवरी को होने वाली इस कार्यशाला में सभी निकाय प्रमुख हिस्सा लेंगे।

कांग्रेस मुख्यालय में होने वाली इस कार्यशाला में जिला प्रमुख, उप जिला प्रमुख, नगर पालिका के चेयरमैन, नगर परिषद के चेयरमैन, प्रधान और उपप्रधान को आमंत्रित किया गया है। 6 जनवरी को 4 संभागों के स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल होंगे तो 7 जनवरी को 3 संभागों के स्थानीय जनप्रतिनिधि कार्यशाला में शामिल होंगे। इन निकाय प्रमुखों को कार्यशाला में अपनी बात रखने का मौका दिया जाएगा कि उनके सामने काम के दौरान क्या समस्याएं आती हैं और किस तरह उन्हें दूर किया जा सकता है।

कार्यशाला के पीछे पार्टी का उद्देश्य यह है कि स्थानीय निकायों के प्रमुखों, जिला प्रमुख और उप जिला प्रमुख, प्रधानों और उपप्रधानों में से अधिकांश लोगों को अपने अधिकारों जानकारी नहीं हो पाती। इसके चलते प्रशासन में वे अपने अधिकारों का उपयोग नहीं कर पाते। साथ सरकार की ओर से गांव-ढाणियों के लिए चलाई गई योजनाओं की जानकारी भी नहीं हो पाती है। इसके चलते गांवों में उम्मीद के मुताबिक विकास कार्य नहीं हो पाते हैं। इसी के चलते दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

वहीं कार्यशाला में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और पंचायत प्रतिनिधियों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से भी अवगत करवाया जाएगा कि कौन-कौन सी योजनाएं गांव देहातों से जुड़ी हैं और स्थानीय जनप्रतिनिधि उन योजनाओं के जरिए जनता को क्या लाभ दिला सकते हैं? उन तमाम कामों की जानकारी कार्यशाला में दी जाएगी। साथ ही सरकार की उपलब्धियों जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव ढाणियों तक पहुंचाने का टास्क भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को दिया जाएगा।

दो दिन चलने वाली कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ अपने व्याख्यान देंगे और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को किस प्रकार से अपने अधिकारों का इस्तेमाल करना है उसकी भी जानकारी देंगे। कार्यशाला में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा मौजूद रहेंगे।

# आकाशवाणी की राजस्थानी वेबसाइट का लोकार्पण

**जयपुर, (का.सं.)।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने आकाशवाणी समाचार, जयपुर की राजस्थानी वेबसाइट का मंगलवार को यहां राजभवन में कंप्यूटर का बटन दबाकर लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रादेशिक भाषा और संस्कृति के संदर्भ में राजस्थान के निवासियों के लिए ऑनलाइन यह महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने प्रदेशवासियों को इसके लिए बधाई दी। आकाशवाणी समाचार जयपुर के उप महानिदेशक मयंक कुमार ने बताया कि राजस्थानी में समाचार की यह पहली वेबसाइट है। राजस्थान में प्रमुख समाचारों को राजस्थानी में प्रसारण के साथ वेबसाइट पर भी देने की इससे पहल हुई है।


**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक-जविप्रा/उपा/जोन-5/2021/डी-2507 दिनांक-3.12.2021

**आम सूचना**

श्री छत्रपति शिवाजी गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना महावीर कॉलोनी के पुराना भूखण्ड संख्या 3 नया भूखण्ड संख्या 28 के नियमन एवं पट्टा विलेख जारी कराने बाबत श्री श्याम सुन्दर शर्मा पुत्र श्री हरदयाल शर्मा द्वारा आवेदन पत्र के साथ सहकारी समिति द्वारा श्रीमती धन्नो देवी पत्नि डॉ. सत्यदेव प्रसाद के पक्ष में जारी आवंटन पत्र, साईट प्लान रसीद एवं श्रीमती धन्नो देवी द्वारा श्री प्रभूदयाल पुत्र श्री मुन्नालाल के पक्ष में निष्पादित अपंजीकृत इकरारनामा, श्री प्रभूदयाल द्वारा आवेदक के पक्ष में निष्पादित अपंजीकृत इकरारनामा की प्रतियां संलग्न की गई है।
उक्त संबंध में आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र व दस्तावेजों के आधार पर आवेदक के पक्ष में उक्त भूखण्ड का पट्टा विलेख जारी करने की कार्यवाही करने के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति हितधारी संस्था को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को इस सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिवस में प्रस्तुत कर देवें। नियत अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर आवेदक के पक्ष में नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।
उपायुक्त जोन-5
जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर



**नाम परिवर्तन**

I have changed my name from VINOD KUMARI to VINISHA KANWAR. In future known me Vinisha Kanwar D/o Bhanwar Singh R/o 129-B, Om Shiv Colony, Jhotwara, Jaipur, Raj.



**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक : जविप्रा/उपा/जोन-6/21/डी-9693 दिनांक 23/12/21

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रामचन्द कश्यप पुत्र श्री साधुराम कश्यप द्वारा आवंटन पत्र, साईट प्लान, रसीद, अपंजीकृत इकरारनामा व प्रार्थना पत्र के आधार पर सिन्धु नगर कॉपरेटिव सोसायटी की आवासीय योजना स्कीम 16 व 16जी के भूखण्ड संख्या 141 क्षेत्रफल 100.00 वर्गगज का नियमन / पट्टा जारी करने हेतु आवेदन किया है। समिति द्वारा उक्त भूखण्ड का आवंटन पत्र दिनांक 21.03.1994 को श्री महेन्द्र सिंह यादव पुत्र श्री रामनारायण यादव के पक्ष में जारी किया गया है।
इस बाबत किसी भी व्यक्ति /संस्था /कम्पनी / सह खातेदार व अन्य किसी को कोई आपत्ति हो, तो सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि में अपने स्वामित्व से संबंधित दस्तावेज सहित आपत्ति उपायुक्त जोन-06, जेडीए, जयपुर के कार्यालय में पेश कर सकते है। नियत अवधि तक कोई आपत्ति / आक्षेप मय दस्तावेज पेश नहीं किये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।
उपायुक्त जोन-6, जविप्रा, जयपुर।



**अपील की सुनवाई के लिये नियत दिन की प्रत्यर्थी को सूचना**
**(आदेश 41 के नियम 14)**

नाम न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश क्रम-3 जयपुर स्थान जयपुर महानगर प्रथम जयपुर कुंजलाल उर्फ कुंज बिहारी विरुद्ध मणिहारी कटला यूनियन व अन्य
**अपील- दीवानी प्रथम अपील (सीआरए)**
**अपील नं. 19 सन् 2018**
....के न्यायालय की तारीख......को.......की अपील 1. मणिहारी कटला यूनियन जरिये अध्यक्ष श्री हरिकिशन जी सिंधी के/ऑफ जे.पी. एन्टरप्राईजेज व मंत्री विजय कुमार रंगवाला पुत्र रोशन लाल रंगवाला चौकड़ी विश्वेश्वर जी, कटला पुरोहित जी, जयपुर (राज.) 2. किशोर इलेक्ट्रीकल्स जरिये किशोर जी खण्डेलवाल, दुकान नं. 334, चौड़ा रास्ता, जयपुर (राज.)
आपको सूचना दी जाती है कि इस मामले में.....की डिक्री की अपील......द्वारा उपस्थित की गई है और इस न्यायालय में रजिस्टर कर ली गई है और इस अपील की सुनवाई के लिये इस न्यायालय द्वारा ता. डीएच-09.01.22, 10.00 एएम नियत की गई है। यदि इस अपील में आपकी ओर से आप स्वयं या आपके प्लीडर या आपके लिये कार्य करने के लिये विधिना प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपसंजात नहीं होगा तो यह आपकी अनुपस्थिति में सुनी और विनिश्चित की जावेगी। आज तारीख 04.01.2022 को मेरे हस्ताक्षर से और कार्यालय की मुहर लगाकर दी गई।
वरिष्ठ रीडर
(मोहर) अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश
क्रम-3, जयपुर महानगर-प्रथम


# दानिश अबरार के बयान पर भाजपा ने हमला बोला

## प्रदेश में जनप्रतिनिधियों की सुनवाई नहीं हो रही है : कटारिया

**जयपुर।** कभी सचिन पायलट के नजदीकी रहे और अब मुख्यमंत्री के सलाहकार दानिश अबरार ने अपनी की सरकार की कार्यशैली को लेकर सवाल उठा दिए हैं। उन्होंने नौकरशाही को हावी बताते हुए इन्वेस्टर समिट में काले झंडे दिखाने का ऐलान किया है। उनके इस बयान के बाद शांत पड़ी भाजपा को सरकार को घेरने का मौका मिल गया।

नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि खुद मुख्यमंत्री विभागों में भ्रष्टाचार की बात को स्वीकार कर चुके हैं। अब उनके ही सलाहकार का ब्यूराक्रेट्स के हावी होने का बयान साफ कर रहा है कि प्रदेश में जनप्रतिनिधियों की सुनवाई नहीं हो रही है। अब उन्होंने काले झंडे दिखाने तक की बात कह दी है। इससे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण बात कुछ हो ही नहीं सकता।

उपनेता राजेंद्र राठौड़ ने भी एक ट्वीट कर मुख्यमंत्री पर निशाना साधा है। राठौड़ ने इस संबंध में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को भी पत्र भेजा है, जिसमें दानिश अबरार को बर्खास्त करने और असंवैधानिक रूप से लाभ के पदों पर नियुक्त किए गए लोगों के संबंध में पुनर्विचार करने की मांग की गई है। पत्र में राठौड़ ने 20 सूत्री कार्यक्रमों में कांग्रेस के जिला अध्यक्षों को उपाध्यक्ष बनाने का भी विरोध किया है।


# अपहृत नाबालिग को पेश करने के आदेश

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने नौ साल के बच्चे का बीच रास्ते अपहरण करने के मामले में गृह सचिव, डीजीपी, एडीजी मानव तस्करी निरोधक यूनिट और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, पूर्व सहित प्रताप नगर थानाधिकारी से जवाब मांगा है। इसके साथ ही अदालत ने अपहृत बच्चे को 12 जनवरी को अदालत में पेश करने के आदेश देते हुए तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की है।

जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस सीके सोनगरा की खंडपीठ ने यह आदेश आशुतोष शर्मा की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर दिए।

याचिका में कहा गया कि गत 11 सितंबर को प्रताप नगर निवासी याचिकाकर्ता का नौ साल का बेटा शाम करीब आठ बजे घर के बाहर साइकिल चला रहा था। इतने में एक व्यक्ति ने उसका अपहरण कर लिया। याचिका में कहा गया कि मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद भी पुलिस ने अब तक कोई प्रभावी जांच नहीं की है। याचिकाकर्ता की ओर से पुलिस को अपहर्ता का हुलिया बताने के बाद भी पुलिस ने ना तो उसकी गिरफ्तारी की है।


**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।



**खोया-पाया**

जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित योजना खुशी संसार राजस्व ग्राम श्योसिंहपुरा प्लॉट नं. 43, का मूल पट्टा, साईट प्लान दस्तावेजों सहित गुम हो गया है। सूचित करें। राधाकिशन जाट-9351485391



**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि डी-6/242, द्वितीय तल, सेक्टर-6, चित्रकुट, जयपुर स्थित फ्लैट पर मैंने एच.डी.एफ.सी. लि. से ऋण लिया हुआ था तथा उक्त फ्लैट के समस्त असल दस्तावेज एच.डी.एफ.सी. लि. में रहन कर रखे हैं। यह कि मेरे पिताजी श्री जितेन्द्र कुमार रावत का दिनांक 05.02.2018 को स्वर्गवास हो चुका है तथा उक्त फ्लैट के पेटे लिये ऋण की पूर्ण अदायगी एच.डी.एफ.सी.लि. को मेरे द्वारा की जा चुकी है, इसलिये अब मैं उक्त फ्लैट के असल दस्तावेजों को प्राप्त करना चाहता हूं, यदि इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति है तो मय दस्तावेज प्रकाशन तिथी से सात दिवस तक की अवधि में एच.डी.एफ.सी.लि. प्रथम मंजिल, बी-53,54, हनुमान नगर-बी, गौतम मार्ग, जयपुर। फोन नं. 0141-6480799 में संपर्क करें। सूचित रहें।
दिनांक-31.12.2021 संदीप रावत
डी-6/242, द्वितीय मंजिल, सेक्टर-6, चित्रकुट, जयपुर। मो. 9414308030



प्ररूप-10
(नियम 6 (7) देखिए)

**प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय, नगर पालिका मण्डल, सांभर लेक**
क्रमांक- नपासा/2021/2013 दिनांक- 03.01.2022

**लोकसूचना**

श्री शंभुदयाल पुत्र श्रीनारायण माली, निवासी आशिक अली बाबा रोड, खेमदास जी की बगीची कस्बा सांभर लेक ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजनों के लिये भू-उपयोग परिवर्तन हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिये आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र.सं. | जिला का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नम्बर | रकबा | चाहा गया उपयोग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जयपुर | सांभर लेक | 132 | कुल किता 04 बिस्वा | 0.0506 हैक्टेयर को आवासीय में रूपान्तरण हेतु |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोगार्थ (आवासीय भू-रूपान्तरण) हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियम मसय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 03.01.2022 को जारी की गयी।
(शिवराज कृष्णा) प्राधिकृत अधिकारी नगर पालिका मण्डल सांभर लेक



प्ररूप-10
(नियम 6 (7) देखिए)

**प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय, नगर पालिका मण्डल, सांभर लेक**
क्रमांक- नपासा/2021/2015 दिनांक- 03.01.2022

**लोकसूचना**

श्री शंकर सैनी पुत्र गणेशलाल माली, निवासी खेमदास जी की बगीची, सदाशिव व्यास मार्ग, कस्बा सांभर लेक ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजनों के लिये भू-उपयोग परिवर्तन हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिये आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र.सं. | जिला का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नम्बर | रकबा | चाहा गया उपयोग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जयपुर | सांभर लेक | 2420/1386 | कुल किता 02 बिस्वा | 0.0253 हैक्टेयर को आवासीय में रूपान्तरण हेतु |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोगार्थ (आवासीय भू-रूपान्तरण) हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 03.01.2022 को जारी की गयी।
(शिवराज कृष्णा) प्राधिकृत अधिकारी नगर पालिका मण्डल सांभर लेक



**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** IDFC FIRST Bank
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

**वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस**

निम्न ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं ने नीचे वर्णित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड का सिक्योर्ड ऋण (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) से लिया था। निम्नलिखित ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के ऋण उनकी अपनी-अपनी सम्पत्तियों के गिरवी रखने से सुरक्षित है। क्योंकि उन्होंने अपने-अपने ऋण एग्रीमेन्टस के नियम व शर्तों की पालना नहीं की है और अनियमित हो गये है, उनके ऋणों को आरबीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार एनपीए वर्गीकृत कर दिया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशियां उनके पृथक नोटिस में लिखी गयी है तथा और विशेष रूप से निम्न सूची में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे का ब्याज भी लागू होगा तथा वह उनकी अलग-अलग तिथियों से समझौते की प्रभावी दर से वसूला जायेगा।

| क्रम संख्या | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के नाम | सैक्शन 13(2) के नोटिस की राशि | सैक्शन 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि | सम्पत्ति का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 30289392 | सम्पति पर ऋण | 1. भीमा शरण भैरू 2. ज्याना देवी 3. मन्ना राम गुर्जर | 24-12-2021 | 4,12,658.87/- | पट्टा सं. 104, वार्ड नं. 07, ग्राम-पिपलोद नारायण, ग्राम पंचायत-देवीपुरा, पंचायत समिति-शाहपुरा, जिला-जयपुर (राजस्थान), का पूरा व प्रत्येक भाग, क्षेत्रफल 143.83 वर्गगज, और सीमाएं निम्न है: पूर्वः खुली भूमि और चौक पश्चिमः आम रास्ता उत्तरः भैरूराम की कृषि भूमि दक्षिणः आम रास्ता |
| 2. | 32971785 | सम्पति पर ऋण | 1. कमलेश गोगाराम 2. गुतन देवी | 24-12-2021 | 4,08,099.57/- | वह सब टुकड़ा और प्लाट का पार्सल पट्टा संख्या 30 के साथ, बुक नं. 10, क्षेत्रफल 162.94 वर्गगज।, ग्राम और ग्राम पंचायत-अकोड़ा, तहसील-फुलेरा, जिला-जयपुर, राजस्थान और सीमाएं निम्न है: पूर्वः आम रास्ता पश्चिमः हीरालाल और मंगुराम बैरवा उत्तरः महोरी लाल व रामनाथ बैरवा दक्षिणः महेन्द्र कुमार व हरिपाल बैरवा। |
| 3. | 13595639 | गृह ऋण | 1. मनोज कुमार वर्मा 2. विनोद शर्मा | 24-12-2021 | 9,99,189.82/- | वह सब टुकड़ा और प्लाट नं. 1077 का पूरा भाग, क्षेत्रफल 240 वर्गमीटर सेज (सेटलमेंट) योजना, तेलावास, ब्लॉक-डी, ग्राम-नेवटा, तहसील-सांगानेर, जिला-जयपुर, और सीमाएं निम्न है: पूर्वः प्लॉट नं. 1078 पश्चिमः प्लॉट नं. 1076, उत्तरः प्लॉट नं. 978 दक्षिणः रोड 12 मीटर चौड़ा |
| 4. | 27244668, 27994413, 27996878, 32570603, 32570917, 32275044 | सम्पति पर ऋण | 1. श्री श्याम ट्रांसपोर्ट कम्पनी प्रो. गुरमीत सिंह काला 2. गुरमीत सिंह काला 3. रितु काला | 24-12-2021 | 3,53,07,958.51/- | संपति-1: प्लॉट नं. 82/19 पर बने घर का पूरा व प्रत्येक भाग क्षेत्रफल 140.00 वर्गफीट प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर में स्थित है और सीमाएं निम्न है: पूर्वः हाउस नंबर 82/35, पश्चिमः हाउस नं. 82/20 व सरकारी रोड, उत्तरः कॉमन पाथ वे, दक्षिणः मकान नंबर 81/18 संपति-2: वह सब जो फ्लैट नं. 502 का टुकड़ा और प्रत्येक भाग क्षेत्रफल 2610.00 वर्गफीट (सुपर बिल्ट अप एरिया), प्लॉट नंबर पर स्थित एसडीसी ओएसिस की पांचवी मंजिल पर प्लाट नं. ए-19, बी-37, बी-38, जनता कॉलोनी, जयपुर और सीमाएं निम्न है: पूर्वः अन्य, पश्चिमः लिफ्ट, उत्तरः बालकनी, दक्षिणः फ्लैट 501 संपति-3: दुकान नं. बी-53 का पूरा व प्रत्येक भाग, कुल भुखंड के 1/2 भाग का मापन प्लाट का वर्ग क्षेत्र, क्षेत्रफल 83.64 वर्गमीटर, ट्रक स्टैंड योजना, परिवहन नगर आगरा रोड, जयपुर में स्थित है और सीमाएं निम्न प्रकार है: पूर्वः दुकान नं. बी-52, पश्चिमः दुकान नं. बी-54, उत्तरः 20 फीट प्लेटफार्म, दक्षिणः दुकान नं. बी-62 |
| 5. | 9831818 | सम्पति पर ऋण | 1. विकास गोलछा 2. सपना चम्पालाल जैन 3. विकास एंटरप्राईजेज 4. अरिहंत सेल्स प्रो. सपना चम्पालाल जैन | 24-12-2021 | 37,96,154.82/- | मद संख्या-1: रूम नं. 481 का पूरा व प्रत्येक भाग, क्षेत्रफल 96.93 वर्गफीट दूसरी मंजिल पर मकान नं. 2781 (सावरदा हाउस बिल्डिंग), खजाने वालों का रास्ता, जयपुर, राजस्थान में स्थित, और सीमाएं निम्न प्रकार है: पूर्वः कमरा नं. रूम नं. 480 पश्चिमः कमरा नं. 482, उत्तरः अन्य संपति, दक्षिणः कॉरिडोर मद संख्या-2: रूम नं. एस-13-ए, का पूरा व प्रत्येक भाग, क्षेत्रफल 247.00 वर्गफीट, दूसरी मंजिल मकान नं. 2652 व 2651-ए, पर बने, चौकड़ी तोपखाना देश, दर्जियों का चौराहा, रास्ता टिक्कवालान, जयपुर, राजस्थान, और सीमाएं निम्न है: पूर्वः कमरा नं. एस-13, पश्चिमः अन्य संपति, उत्तरः कॉरिडोर, दक्षिणः अन्य संपति |

आपको एतद् द्वारा, इस प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर, ऊपर सूची में दर्शायी राशियों को उनकी प्रथम तिथि से, उस पर लगे आगे के समझौते में ब्याज दर तथा अन्य खर्चों, चार्ज आदि सहित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को भुगतान करने को कहा जा रहा है, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को, एसएआरएफएइएसआई एक्ट के सैक्शन 13(4) तथा सैक्शन 14 के तहत, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशि वसूल करने के लिये, गिरवी रखी सम्पत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिये बाध्य होना पड़ेगा / इसके अलावा उक्त एक्ट के सैक्शन 13 (13) के तहत आप उक्त सम्पत्तियों को बिक्री / लीज अथवा किसी अन्य प्रकार से ट्रांसफर नहीं करने के लिए प्रतिबंधित है।
दिनांक : 05.01.2022 ह./-
स्थान : राजस्थान प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)

# जोधपुर में कोरोना विस्फोट, 185 संक्रमित मिले

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर में मंगलवार को कोरोना का महाविस्फोट हुआ। तीसरी लहर में पहली बार आंकड़ा एक शतक के ऊपर पहुंचा है। आज के इस महा विस्फोट को देखते हुए प्रशासन ने कमर कस ली है। इधर रावण का चबूतरा में होने वाला राजस्थान हासिल उत्सव स्थगित कर दिया गया है। आज 3081 लोगों की जांच कुछ गई, इसमें 185 जने संक्रमित मिले हैं। एक्टिव संक्रमितों की संख्या 364पर पहुंच गई है।

इधर जिला कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह ने उपखण्ड अधिकारियों को अपने क्षेत्र के राजकीय एवं निजी क्षेत्र के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के 15-18 वर्ष आयु के लाभार्थी विद्यार्थियों के कोविड टीकाकरण के संबंध में शिक्षा विभाग एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से प्रगति के संबंध में नियमित समीक्षा, मोनिटरिंग एवं सुपरविजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

जिला कलक्टर ने समस्त उपखण्ड अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर बताया है कि 15 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के लाभार्थी बच्चों का टीकाकरण प्रारंभ किया गया है। जिले के लक्षित लाभार्थियों को समयबद्ध तौर पर अधिक से अधिक टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर पर राजकीय एवं निजी क्षेत्र के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों को कार्यक्रम में संलग्न करते हुए चिकित्सा विभाग के स्तर से आयोजित होने वाले टीकाकरण सत्र में बालकों को प्रोत्साहित करते हुए टीकाकृत किए जाने की कार्य योजना बनाई गई है। उन्होंने बताया कि कार्य योजना के क्रियान्वयन के तहत चिकित्सा विभाग के स्तर से राजकीय एवं निजी विद्यालयों में टीकाकरण सत्र के लिए शिविर आयोजन की पूर्व सूचना पर शिक्षा विभाग, निजी स्कूल प्रबंधन के स्तर से तत्काल कार्यवाही कर मांग अनुसार समुचित कक्ष आवंटन, संस्था के स्तर से समन्वय के लिए स्टॉफ एवं अन्य संबंधित व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाएगा। इसके पश्चात चिकित्सा विभाग के स्तर से राजकीय एवं निजी क्षेत्र के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कोविड टीकाकरण सत्रों के आयोजन होंगे।

## अलवर में एक दिन में 39 कोरोना के केस निकले

- अभी अस्पतालों में भर्ती नहीं, संक्रमण को रोकना चुनौती

**अलवर,** (निसं)। अलवर में मंगलवार को 39 नए कोरोना केस सामने आये हैं। हर दिन दोगुना मरीज होने लगे हैं। यह रफ्तार चेता रही है कि गाइडलाइन की पालना नहीं की तो रोजाना सैकड़ों केस आने लगेंगे। इसके बाद हैल्थ सिस्टम की सांसें फूल सकती है। इसलिए एक्सपर्ट के अनुसार मास्क लगाकर ही घर से निकलें। भीड़ का हिस्सा नहीं बनें।

दिल्ली की तरह अलवर में भी केस तेजी से बढ़ने लगे हैं। नए साल के सेलिब्रेशन के बाद कोरोना केस में अचानक बढोत्तरी हो गई है। जिले में 3 जनवरी को 17 पॉजिटिव आए थे। अगले दिन 4 जनवरी को 39 हो गए। यह रफ्तार दोगुना से भी अधिक है।

# राजस्थान में बढ़े अपराध, प्रदेश में राज नहीं कुराज है : पूनिया



किशनगढ़ बास में प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया का स्वागत करते कार्यकर्ता।

- भिवाड़ी से अलवर तक भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का हुआ जगह-जगह स्वागत

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा राजस्थान में बढ़ते अपराधों के आंकड़ों को देखकर कहा जा सकता है कि प्रदेश में राज नहीं कुराज है जिसका अंत 2023 में होना निश्चित है। यह बात मंगलवार को पूनिया ने किशनगढ़ बास में स्वागत के दौरान मीडिया कर्मियों से वार्ता के दौरान कही। प्रदेश में कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार 3 साल में बेरोजगार युवाओं और किसानों से किए गए कर्ज माफी के वादे को पूरा करने में असफल रही है।

प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया दिल्ली से अलवर जा रहे थे। इस दौरान किशनगढ़ बास बाईपास पर पूर्व विधायक रामहेत यादव के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से रोककर पूनिया का स्वागत किया गया। राजस्थान की सीमा भिवाड़ी में प्रवेश करने पर अलवर शहर विधायक संजय शर्मा, जिला अध्यक्ष संजय नरूका, संदीप दायमा सहित भाजपा नेताओं की ओर से स्वागत किया गया।

पूनिया ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा प्रदेश में पहली बार सर्वाधिक साढे छह लाख से अधिक मुकदमे दर्ज किए गए हैं। पिछले साल में बलात्कार गैंगरेप के 5 हजार से अधिक मामले हुए हैं। प्रदेश में आज भी सर्वाधिक 27 प्रतिशत बेरोजगारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं का मोदी के प्रति देश और प्रदेश में और अधिक विश्वास बढा है।

इस दौरान नगर पालिका चेयरमैन तारामणि सतीश सिंघल, चेयरमैन खैरथल हरीश रोघा, पूर्व चेयरमैन अशोक डाटा, भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश कांत कृष्ण सरपंच सहित कोटकासिम खैरथल हरसोली बीबीरानी आदि गांव व कस्बों से कार्यकर्ता व पार्टी पदाधिकारी मौजूद थे।

# दानिश को मंत्री पद नहीं मिलने पर इन्वेस्टमेंट समिट की आड़ में विरोध दर्ज कराने की चर्चा

- विधायक पहले पायलट गुट में थे अब गहलोत गुट में शामिल हैं
- शिकायती पत्र लिख ब्यूरोक्रेसी की आड़ में जमकर विधायक ने भड़ास निकाली

**बामनवास** (निस)। सवाई माधोपुर के विधायक दानिश अबरार द्वारा उद्योग विभाग की ओर से सवाई माधोपुर में पांच जनवरी को आयोजित इन्वेस्टमेंट समिट में मुख्यमंत्री एवं उद्योग मंत्री की फोटो को आमंत्रण पत्र से दूर रखने के बाद इस मामले को लेकर ब्यूरोक्रेसी पर जमकर नाराजगी जाहिर की व इस मामले को लेकर कार्यक्रम का विरोध करने का पत्र मुख्यमंत्री को भेजने के बाद सियासत की चर्चाओं ने जन्म ले लिया है।

विधायक अबरार को मंत्री का दर्जा नहीं मिलने को लेकर एक सांकेतिक विरोध दर्ज कराने की चर्चाओं का दौर जारी है। चर्चाओं में है कि विधायक दानिश अबरार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सलाहकार पद पर तो रख लिया गया लेकिन उनको मंत्री का दर्जा नहीं मिलने के कारण भी वे व्यथित नजर आ रहे हैं। चर्चाओं में यह भी बात सामने आई कि पहले विधायक अबरार पायलट गुट में शामिल थे लेकिन गत साल हुए राजनीतिक उठापटक के दौरान वे गहलोत गुट में शामिल हो गए। खुद विधायक अबरार को भी उम्मीद थी कि सीएम द्वारा सलाहकार नियुक्त करने के बाद उनको संभवतय मंत्री का दर्जा तो मिलेगा, लेकिन मंत्री का दर्जा नहीं मिलने के बाद प्रमोशन को रुका देख अब मन में सियासी खलबली मची है। चर्चाओं में यह भी रहा कि विधायक दानिश अबरार किसी दमदार मुद्दे की आड में खुद को सीएम का सलाहकार नियुक्त होने के साथ ही मंत्री का दर्जा नहीं मिलने के कारण खुद की नाराजगी भी व्यक्त करना चाहते है, परन्तु अब तक कोई ठोस मुद्दा नहीं मिलने के कारण वे विरोध दर्ज नहीं करा पा रहे है, इन्वेस्टमेंट समिट उनके पास दमदार विरोध मुद्दा का नजर आ रहा है। ब्यूरोक्रेसी की आड में जमकर विधायक ने भड़ास निकाली है। चर्चाओं में रहा कि यह इन्वेस्टर समिट को लेकर की जा रहा ब्यूरोक्रेसी के प्रति नाराजगी उनके विरोध का एक तरीका है। चर्चाओं में रहा कि विधायक अबरार द्वारा ब्यूरोक्रेसी को निशाना बनाते हुए की जा रही सियासत मात्र मंत्री पद का दर्जा लेने मात्र की एक कोशिश है, क्योंकि सियासत घमासान के बाद पायलट गुट को छोड़कर गहलोत गुट में शामिल होने के बाद शायद उनको कहीं से विधायक पद से क्रमोन्नित का आश्वासन मिला होगा, अगर ऐसा नहीं होता तो आज तक पायलट के नाम पर राजनीति से लेकर टिकट मिलने तक का सफर तय करने वाले विधायक अबरार कभी पायलट कैंप का साथ नहीं छोड़ते, बरहाल चर्चाओं का बाजार तो गर्म है लेकिन विधायक दानिश अबरार द्वारा ब्यूरोक्रेसी के कंधे पर बंदूक रखकर खेला गया सियासी खेल क्या रंग दिखाएगा यह आगे आने वाला समय ही स्पष्ट करेगा।

## प्लास्टिक मांझे से कटा बच्चे का पैर

**सुजानगढ़,** (निसं)। रेलवे फाटक नं. एक के पास रहने वाले पवन शर्मा का सात वर्षीय पुत्र धमेन्द्र का पैर प्लास्टिक मांझे से कट गया। जिसे टीम के सदस्य स्वर्णकार ने इमरजेंसी में उसे भर्ती करवाकर उपचार शुरू करवाया।

# पुलिसकर्मियों से ढाबा मालिक ने पैसे मांगे तो थाने लाकर मारपीट की

**अलवर,** (निसं)। प्रतापगढ्ढ में सोमवार रात चार पुलिसकर्मियों ने मुन्ना सैनी के ढाबे पर खाना गया। जब मुन्ना ने पैसे मांगे तो उसे थाने लेकर आ गए जहां मारपीट की गई। जिससे उसके सिर पर चोट आई है जो थानागाजी सीएचसी में भर्ती है।

अगले दिन मंगलवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण थाने पर पहुंचे और हंगामा किया। चारों पुलिसकर्मियों को सस्पेंड करने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि यह घटना रात करीब 10 बजे की है। प्रतापगढ्ढ थाने के पुलिसकर्मी मोरमुकुट बिहारी, जगमाल, राजकुमार, मुस्ताक अली ने अन्नदाता नाम से संचालित ढाबे पर खाना खाने पहुंचे। चारों ने खाना खाया खाने के बाद रेस्टोरेंट्स मालिक मुन्ना सैनी ने पैसे मांगे। इस पर पुलिस कर्मियों ने कोई जवाब नहीं दिया। उल्टा मुन्ना को थाने लेकर आ गए। जहां मुन्ना के साथ मारपीट की। दोपहर 12 बजे तक पुलिस के उच्च अधिकारी आ गए। थानाधिकारी उर्मिला मीना ने पुलिकर्मी व ग्रामीणों से बातचीत कर समझाइश का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण जिद पर अड़े रहे।

## स्कूलों में ऑनलाइन क्लास के निर्देश

**बीकानेर।** कोरोना के बढ़ते केसों के बीच शिक्षा विभाग ने नए सिर से गाइडलाइन जारी कर दी है। सरकारी व निजी स्कूलों को बच्चों को ऑनलाइन क्लास की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। बच्चों को अनुपस्थित रहने पर ऑनलाइन मटेरियल भी उपलब्ध कराना होगा।

# बलात्कार के मामले में जीजा गिरफ्तार

**चाकसू,** (निसं)। एक बार फिर नाबालिग से रेप का मामला सामने आया है। चाकसू थानाधिकारी यशवंत सिंह ने बताया कि एक नाबालिग साली को अपनी हवस का शिकार बनने वाले जीजा को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ने बताया कि 27 अगस्त 2021 को एक नाबालिग लड़की का अपहरण उसके ही जीजा ने किया था, जिसका मुकदमा परिजनों ने चाकसू थाने में करवाया था। चाकसू पुलिस पिछले 4 माह से आरोपी की तलाश कर रही थी।

थानाधिकारी चाकसू ने बताया कि आरोपी को पकड़ने के लिये पुलिस ने उसके ठिकानों पर कई बार दबिश डाली मगर आरोपी का सुराग नहीं लगा। बड़ी बात यह थी कि आरोपी मोबाइल का इस्तेमाल नही करता था तो उसे पकड़ना पुलिस के लिये एक बड़ी चुनोती थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि झुंझुनू निवासी आरोपी लहसून एवं कम्बल बेचने का कार्य अजमेर में कर रहा है। मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी को अजमेर क्षेत्र के अरांई इलाके से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जिस पर कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया।

## कार्यालय नगरपालिका मालपुरा जिला टोंक ( राज. )

क्रमांक:-न.पा.मा./21-22/7119 दिनांक: 4.1.2022

### सार्वजनिक आपत्ति आमंत्रण सूचना

एतद द्वारा हितबद्ध व्यक्ति विशेष आम खास को सूचित किया जाता है कि पालिका क्षेत्र में अधोलिखित व्यक्तियों द्वारा 69-ए के अन्तर्गत पट्टे हेतु निवेदन किया गया है। किसी भी व्यक्ति को निम्नांकित इजाजत बाबत आपत्ति हो तो आपत्ति आमंत्रण सूचना जारी होने की तिथि से 7 दिवस के अन्दर मयाद विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में आपत्ति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। बाद मयाद गुजरने आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र. सं. | नाम प्रार्थी | मोहल्ला | भूखण्ड संख्या/नाप | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री कपूरचन्द जैन पुत्र गुलाबचन्द जैन निवासी गवारियों की गली मालपुरा | गवारियों की गली मालपुरा | 120.11वर्गगज | 69-ए |
| 2 | श्री अब्दुल अजीम पुत्र यासीन खां जाति मुसलमान निवासी मोहल्ला जुलाहों का मालपुरा | मोहल्ला जुलाहों का मालपुरा | 70.83 वर्गगज | 69-ए |
| 3 | श्री शिखरचन्द जैन पुत्र चिरंजीलाल जैन निवासी सुराशाही चौक मालपुरा | सुराशाही चौक मालपुरा | 146.66 वर्गगज | 69-ए |
| 4 | श्री कोशल शंकर पुत्र श्री मणिशंकर निवासी मालपुरा | कायस्थ मोहल्ला मालपुरा | 228 वर्गगज | 69-ए |
| 5 | श्री मनमोहन व्यास, दिनेश व्यास, स्व. शिवशंकर व्यास निवासी राम मोहल्ला मालपुरा | राम मोहल्ला मालपुरा | - | 69-ए |
| 6 | श्री तालिब हुसैन पुत्र अ. सत्तार निवासी टोडान मंदिर के पास मालपुरा | टोडान मंदिर के पास मालपुरा | - | 69-ए |
| 7 | श्री मदनलाल जांगिड़ पुत्र भूरालाल निवासी रेती मोहल्ला मालपुरा | रेती मोहल्ला मालपुरा | - | 69-ए |
| 8 | श्री अब्दुल सत्तार पुत्र अब्दुल गफूर निवासी कसाईयों की मस्जिद के पास मालपुरा | कसाईयों की मस्जिद के पास मालपुरा | - | 69-ए |
| 9 | श्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र रामनारायण निवासी पुरानी तहसील के पास मालपुरा | पुरानी तहसील के पास मालपुरा | - | 69-ए |
| 10 | श्रीमती संतोष देवी पत्नी भागीरथ खटीक निवासी साकेत नगर दूदू रोड मालपुरा | साकेत नगर दूदू रोड मालपुरा | - | 69-ए |
| 11 | श्री दीपक पांडेता पुत्र रामस्वरुप निवासी जामा मस्जिद के पास नई नगरी मालपुरा | जामा मस्जिद के पास नई नगरी मालपुरा | 102.50 वर्गगज | 69-ए |
| 12 | श्रीमती सोभाग देवी पत्नी कपूरचन्द जैन निवासी आजाद चौक गनवरिये की गली मालपुरा | आजाद चौक मालपुरा | 29 वर्गगज | 69-ए |
| 13 | श्री सत्यनारायण पांडेता पुत्र रामस्वरुप निवासी जामा मस्जिद के सामने नई नगरी मालपुरा | जामा मस्जिद के सामने नई नगरी मालपुरा | 107.33 वर्गगज | 69-ए |
| 14 | रघुनन्दन विजय पुत्र रामधन विजय निवासी नई नगरी मोहल्ला मालपुरा | नई नगरी मोहल्ला मालपुरा | 39.81 वर्गगज | 69-ए |
| 15 | भवानीशंकर पुत्र रतनलाल हरिजन निवासी हरिजन मोहल्ला मालपुरा | हरिजन मोहल्ला मालपुरा | - | 69-ए |
| 16 | श्रीमती गुलाब देवी पत्नी रामनारायण माली निवासी रामनगर जयपुर रोड मालपुरा | रामनगर जयपुर रोड मालपुरा | - | 69-ए |
| 17 | श्री शहब्बूदीन पुत्र बशीर निवासी नीलगरो की मस्जिद के पास मालपुरा | नीलगरो की मस्जिद के पास मालपुरा | - | 69-ए |
| 18 | श्री बद्री गुर्जर पुत्र रामकरण गुर्जर निवासी ट्रक स्टैण्ड मालपुरा | ट्रक स्टैण्ड मालपुरा | - | 69-ए |
| 19 | श्रीमती हसीना बानू पत्नी अब्दुल गफ्फार निवासी ट्रक स्टैण्ड मालपुरा | ट्रक स्टैण्ड मालपुरा | - | 69-ए |
| 20 | श्री श्रवण कुमार सोनी पुत्र स्व. मोतीलाल निवासी नई मण्डी पशु चिकित्सालय के सामने मालपुरा | नई मण्डी मालपुरा | - | 69-ए |
| 21 | श्री श्रवण कुमार सोनी पुत्र स्व. मोतीलाल निवासी नई मण्डी पशु चिकित्सालय के सामने मालपुरा | सुभाष कॉलोनी नई मण्डी मालपुरा | - | 69-ए |
| 22 | श्री पुरुषोत्तम सोनी पुत्र स्व. मोतीलाल निवासी नवीन मण्डी पशु चिकित्सालय के सामने मालपुरा | तिलक स्कूल के पीछे मालपुरा | - | 69-ए |
| 23 | श्री नेमीचन्द पुत्र चांदमल बाहेती निवासी मालपुरा | बाहेती मोहल्ला आजाद चौक मालपुरा | - | 69-ए |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका मालपुरा

## कार्यालय नगरपालिका मण्डावरी ( दौसा )

क्रमांक:- न.पा.म./2021/501 दिनांक: 04.01.2022

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021 में 69-ए पट्टे/नवीनीकरण/पट्टा स्तानंतरण/पूर्ण स्वामित्व पट्टा प्राप्त करने के लिये पत्रावलिया प्राप्त हुई है। उक्त पत्रावलियों में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अन्दर मियाद 7 दिवस में मय लिखित सबूत पालिका में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद कोई उज्रदारी मान्य नहीं होगी।

अतः सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधिन आज दिनांक 4.1.22 को जारी की है।

### आपत्ति आमंत्रण सूचना

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मोहल्ला/वार्ड | क्षेत्रफल वर्गगज में | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती शान्ति देवी पत्नी लक्ष्मीनारायण महावर | धोबी मोहल्ला, मंडावरी | 86.66 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 2. | लल्लूराम बैरवा पुत्र कालूराम बैरवा | बैरवा मोहल्ला, मंडावरी | 52.64 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 3. | श्रीमती इन्द्रा गोयल पत्नी गोपाल लाल गोयल | दुब्बे पाडा, मंडावरी | 124.84 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 4. | गोपाल लाल गोयल पुत्र रामफूल गोयल | दुब्बे मोहल्ला, मंडावरी | 66.80 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 5. | रामगोपाल गुप्ता पुत्र नर्बदी लाल गुप्ता | सुनार मोहल्ला, मंडावरी | 108.98 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 6. | महेन्द्र बैरवा पुत्र सुप्पा लाल बैरवा | बैरवा मोहल्ला, मंडावरी | 123.33 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 7. | रसूल खान पुत्र श्री नन्ने खान | बस स्टैंड डिवाचली रोड मंडावरी | 175.53 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 8. | गोविन्द नारायण पुत्र भौरी लाल शर्मा | मूर्ति मोहल्ला, मंडावरी | 200 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 9. | मोहनलाल अग्रवाल पुत्र मोतीलाल अग्रवाल | सोनी मोहल्ला, मंडावरी | 156.28 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 10. | श्रीमती सोमा देवी पत्नी रामदेव कुम्हार | कुम्हार पाडा, मंडावरी | 52.22 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 11. | श्रीमती लीला देवी पत्नी कैलाश चन्द योगी | जोगी मोहल्ला, मंडावरी | 166.87 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 12. | नसरूद्दीन खान पुत्र कजोड खान | स्कूल के पास, मंडावरी | 148 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 13. | रामवतार शर्मा पुत्र रामबिलास शर्मा | बस स्टैंड के पास, मंडावरी | 150 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 14. | मोहनलाल रैगर पुत्र केसरा रैगर | रैगर मोहल्ला, मंडावरी | 61.66 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 15. | बजरंग लाल पुत्र अमर चन्द | शिवाजी मोहल्ला, मंडावरी | 177.62 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 16. | लालचन्द गुप्ता पुत्र माधोलाल गुप्ता | शिव चौक (पिपली चौक) मंडावरी | 42.77 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 17. | जगन लाल बैरवा पुत्र रेवड मल बैरवा | खटीक मोहल्ला, मंडावरी | 34.18 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 18. | बबलू टांक पुत्र गोपी राम हरिजन | हरिजन बस्ती, मंडावरी | 115.49 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 19. | श्रीमती सुनीता देवी पत्नी लाल चन्द अग्रवाल | सोनी मोहल्ला, मंडावरी | 160 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 20. | मनोज कुमार शर्मा पुत्र लड्डू लाल शर्मा | मूर्ति मोहल्ला, मंडावरी | 117.55 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 21. | इब्राहीम खान पुत्र नुरू मोहम्मद मुसलमान | मस्जिद मोहल्ला, मंडावरी | 98.66 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 22. | मोहन लाल खटीक पुत्र सुखचन्द खटीक | खटीक मोहल्ला, मंडावरी | 106.08 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 23. | कैलाश शर्मा पुत्र रामनिवास शर्मा | मूर्ति मोहल्ला, मंडावरी | 29.33 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 24. | श्रीमती किरण देवी पत्नी ओमप्रकाश बैरवा | गढ़ मोहल्ला, मंडावरी | 90 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 25. | गोवर्धन लाल सोनी पुत्र सीताराम सोनी | सोनी मोहल्ला, मंडावरी | 43.38 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 26. | जगदीश प्रसाद सिद्ध पुत्र भौरी लाल सिद्ध | जोशी मोहल्ला, मंडावरी | 222.38 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 27. | महेन्द्र कुमार सिद्ध पुत्र जगदीश प्रसाद सिद्ध | जोशी मोहल्ला, मंडावरी | 81.21 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 28. | सुरेन्द्र कुमार सिद्ध पुत्र जगदीश प्रसाद सिद्ध | जोशी मोहल्ला, मंडावरी | 140.83 | 69 (क) के अंतर्गत |
| 29. | श्रीमती विमला देवी पत्नी जगदीश प्रसाद सिद्ध | ब्रहमाणी माता मन्दिर रोड़, मंडावरी | 70.99 | 69 (क) के अंतर्गत |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका मण्डावरी ( दौसा )

## रीट में पदों की संख्या बढ़ाने की मांग

**थानागाजी,** (निसं)। तृतीय श्रेणी अध्यापक भर्ती परीक्षा रीट में पदों की संख्या बढ़ाने की मांग को लेकर एक दर्जन से अधिक बेरोजगार रीट अभ्यर्थियों ने मंगलवार को मांदरी स्थित विधायक कांति मीणा के निवास पर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया।

अभ्यर्थियों ने बताया कि मुख्यमंत्री ने दिसंबर 2019 में की गई घोषणा के अनुसार रीट भर्ती परीक्षा 31000 पदों पर आयोजित करवाने की घोषणा की गई थी एवं परीक्षा अगस्त 2020 में प्रस्तावित थी लेकिन कोरोना महामारी के चलते भर्ती 2 वर्ष लंबित हो गई। जिसके कारण रीट अभ्यर्थी बेरोजगारों की संख्या में काफी वृद्धि हो गई। साथ ही 2 वर्षों में तृतीय श्रेणी शिक्षकों के लिए लगभग 30 से 35 हजार पद से सेवानिवृत्त एवं पदोन्नित के कारण पद रिक्त हो गए हैं। उन्होंने बताया कि पिछली सरकार ने भी बेरोजगारों की मांग पर तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती 2018 में पदों की संख्या 28000 से बढ़ाकर 54000 की थी। इसलिए सरकार को बेरोजगारों के हितार्थ तृतीय श्रेणी अध्यापक भर्ती में पद 50000 करने की मांग की है।

## फर्जी परीक्षार्थी बैठाने वाला गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। भुपालपुरा थाना पुलिस ने सबइंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा में फर्जी परीक्षार्थी बैठाने के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर अनन्त कुमार, पुलिस उप अधीक्षक जरनैलसिंह, के सुपरविजन में भुपालपुरा थानाधिकारी भवानीसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने फर्जी परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा देने के मामले में फरार हलालपुर बड़ौत बागपत युपी निवासी सौरभ पुत्र रविन्द्र कुमार को गिरफ्तार कर पुलिस रिमाण्ड पर लिया है। जिससे पूछताछ की जा रही है। आरोपी के कान में डिवाईस जैसा यंत्र तथा सिर पर नकली बाल लगे थे। जिसमें सिम व इलेक्ट्रीक डिवाईस लगी थी। पड़ताल में असली अभ्यर्थी सौरभ कुमार खोखार पुत्र रविन्द्र कुमार हलालपुर बागपथ युपी के स्थान पर कांधला शामली युपी निवासी सोनू कुमार पुत्र ओमप्रकाश परीक्षा देने आया था। पूछताछ बाद सोनू को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया था।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, साथी घायल

## जेएलएन रोड पर ओटीएस चौराहे की घटना, कार लेकर फरार हुआ आरोपी

**-कार्यालय संवाददाता-**

■ टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दोनों युवक करीब 15 फीट हवा में उछलकर सड़क पर गिरे, घायल युवक का एसएमएस में उपचार जारी

■ मध्यप्रदेश परिवहन विभाग से रजिस्टर्ड है टक्कर मारने वाली कार, पुलिस टीम आरोपी चालक की तलाश में जुटी

**जयपुर**। राजधानी में सोमवार देर रात हिट एंड रन का मामला सामने आया है। एक तेज रफ्तार लग्जरी कार ने ओटीएस चौराहे पर बाइक सवार दो दोस्तों को टक्कर मार दी। इसके बाद चालक कार लेकर फरार हो गया।

हादसा इतना भीषण था कि टक्कर लगने के बाद बाइक सवार करीब 15 फ़ीट हवा में उछलकर सड़क पर नीचे गिरे। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी सवाई मान सिंह अस्पताल में उपचाररत है। पुलिस ने बताया कि घटना सोमवार रात करीब 10:30 बजे की ओटीएस सर्किल है, जहां गौरव टावर (जीटी) की तरफ से आ रही एक बाइक को झालाना की तरफ से आ रही तेज रफ्तार लग्जरी कार के चालक ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक कार लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की शिनाख्त आशीष (22) निवासी नरसिंह कॉलोनी, पुरानी बस्ती, नाहरगढ़ रोड के रूप में हुई है। हादसे में मृतक के दोस्त सुनील (30) की दाहिने जांघ की हड्डी टूट गई, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद आशीष का शव परिजनों के हवाले कर दिया गया।

पुलिस के अनुसार हादसा करने वाली कार मध्यप्रदेश के परिवहन विभाग से रजिस्टर्ड है। कार के नंबर पुलिस को मिल चुके हैं। मृतक के परिजन की तरफ से रिपोर्ट दर्ज कर कार के नंबरों के आधार पर चालक की तलाश की जा रही है।

## डिलीवरी बॉय से मारपीट कर 10 पार्सल लूटे

**जयपुर** (कासं)। मुहाना इलाके में डिलीवरी बॉय से मारपीट कर पार्सल लूटने का सामने आया है।

पुलिस ने बताया कि पीड़ित राजेश कुमार (25) निवासी बैरवा कॉलोनी, सांगानेर इंस्टाकार्ट कंपनी में डिलीवरी बॉय का काम करता है। वह 3 जनवरी की सुबह कागजी मोहल्ला स्थित कंपनी के कार्यालय से 40 पार्सल लेकर रवाना हुआ था। मुहाना मंडी गेट संख्या 2 के पीछे एक पार्सल देना था, जिसे लेकर वह वहां पहुंचा। इस दौरान वहां चार लड़के बाइक पर सवार होकर आए और उसके साथ मारपीट कर बैग में से 10 पार्सल लूटकर फरार हो गए। पुलिस मामला दर्ज कर घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज और ग्राहक के मोबाइल नंबर के आधार पर बदमाशों की तलाश में जुटी है।

# ट्रांसपोर्ट नगर से आमेर कुंडा तक 400 से ज्यादा अतिक्रमण हटाये

## जेडीए और नगर निगम ने करीब 8 किलोमीटर क्षेत्र में कार्रवाई की



जेडीए और नगर निगम की टीम ने मंगलवार को मुख्य दिल्ली रोड पर ट्रांसपोर्ट नगर से आमेर कुंडा तक सड़क सीमा क्षेत्र से स्थायी-अस्थायी अतिक्रमणों को ध्वस्त करवाया।

■ लोगों के विरोध के डर से ट्रांसपोर्ट नगर, गलता गेट, ब्रह्मपुरी, जयसिंहपुरा खोर और आमेर पुलिस जाप्ते की मौजूदगी में कार्रवाई को अंजाम दिया गया

**जयपुर** (कासं)। मुख्य दिल्ली रोड पर ट्रांसपोर्ट नगर से आमेर कुंडा तक जेडीए और नगर निगम ने करीब 400 अतिक्रमण सड़क सीमा से हटाये। यह कार्रवाई करीब 8 किलोमीटर क्षेत्र में की गई। टीम ने 400 चबूतरे, टीनशेड, थड़ियां, सीढ़ियां, रैलिंग, तिरपाल और होर्डिंग साईन बोर्ड को हटाया।

जेडीए के मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी और नगर निगम हैरिटेज के सतर्कता उपायुक्त इस्लाम खान ने बताया कि मुख्य दिल्ली रोड पर ट्रांसपोर्ट नगर से आमेर के कुण्डा ग्राम तक करीब 8 किलोमीटर तक रोड व आम रास्ते पर दोनों तरफ करीब 400 जगह अतिक्रमण था। लोगों ने चबूतरे, सीढ़ियां, रैलिंग, टीनशेड, थड़ियां, टेबल-कुर्सियां, लोहे के एंगल, होर्डिंग-साईन बोर्ड, पोस्टर, तिरपाल, टायर, बांस-बल्ली और पट्टियां लगाकर कब्जा कर रखा था। इन अतिक्रमणों के चलते आये दिन ट्रेफिक जाम रहता था। लोगों के विरोध के चलते जेडीए-निगम दस्ते के साथ-साथ ट्रांसपोर्ट नगर, गलता गेट, ब्रह्मपुरी, जयसिंहपुरा खोर और आमेर थाने का पुलिस जाप्ता भी मंगवाया गया।

## खुली जेल से कैदी फरार

**जयपुर**। मालपुरा गेट इलाके स्थित खुला बंदी शिविर से एक बंदी फरार हो गया। पुलिस के अनुसार खुला बंदी शिविर पर तैनात हैडकांस्टेबल कजोड़मल मीणा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि 3 जनवरी की सुबह रोल कॉल के समय बंदी गोपाल जाट निवासी गांव बनकी, हिंडौन सिटी जिला करौली उपस्थित नहीं हुआ। वह आजीवन कारावास की सजा काट रहा था।

# आरपीए में पुलिसकर्मी के क्वार्टर से नकदी-जेवर चोरी

**जयपुर** (कासं)। शास्त्रीनगर थाना इलाके में राजस्थान पुलिस अकादमी स्थित क्वार्टर में चोरी की वारदात को अंजाम देकर चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती दी है। पुलिस मामला दर्ज कर चोरों की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार कमिश्नरेट में बाबू के पद पर तैनात नवीन रणवां आरपीए स्थित क्वार्टर संख्या 678 में परिवार सहित रहते हैं। घटनाक्रम के मुताबिक नवीन और उसकी फैमिली 31 दिसंबर को किसी रिश्तेदार के यहां गए थे। क्वार्टर की चाबी बाहर जूते में छिपाकर रख दी थी। 2 जनवरी को वापिस आए तो चाबी किसी अन्य जूते में मिली। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा हुआ था। चोर दो सोने की चेन, तीन सोने की अंगुठिया, एक डायमंड रिंग, सोने की बादलिया सहित 800 अमेरिकन डॉलर चुरा कर ले गए। दरअसल राजस्थान पुलिस अकादमी में विभाग के छोटे से लेकर बड़े अधिकारियों को ट्रेनिंग दी जाती है। यहां की सुरक्षा व्यवस्था काफी मजबूत होने के बावजूद चोर अंदर घुस गए और बड़ी आसानी से वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। इस वारदात ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है।


# राजधानी में 'कोविड पॉजिटिव' मरीजों को बीट कांस्टेबल करेंगे पाबंद : जैदी

## रात्रि कर्फ्यू के दौरान बेवजह घूमने वालों पर सख्ती बरतेगी पुलिस

**जयपुर**। राजधानी जयपुर में लगातार करोना विस्फोट जारी है। मंगलवार को 24 घंटे में 745 नये पॉजिटिव केस सामने आने के बाद चिकित्सा विभाग, जिला प्रशासन और जयपुर पुलिस की चिंता बढ़ गई है। ऐसे में अब जयपुर पुलिस कमिश्नरेट ने सख्ती करने की तैयारी कर ली है।

अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर हैदर अली जैदी के मुताबिक कोरोना के बढ़ते केस चिंताजनक है। इसके लिए अब बीट प्रणाली को फिर से एक्टिव किया जाएगा। जैदी के मुताबिक शहर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से जारी कोरोना संक्रमित मरीजों की रिपोर्ट उनके पते के आधार पर पुलिस कमिश्नरेट के जरिए संबंधित पुलिस थानों को भेजी जाएगी।

■ जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में कोविड कंट्रोल रूम पुनः शुरू



डीसीपी ऋचा तोमर और एडिशनल डीसीपी रामसिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मंगलवार को वैशाली नगर क्षेत्र में पैदल मार्च निकालकर आमजन से कोविड प्रोटोकॉल की पालना करने का आग्रह किया।

इसके बाद थानाप्रभारी की मॉनिटरिंग में बीट कांस्टेबल अपने क्षेत्र में मौजूद कोरोना पॉजिटिव मरीज व उनके परिजनों से संपर्क करेगा। उनको दोबारा रिपोर्ट निगेटिव आने तक घर में क्वारैंटाइन रहने के लिए पाबंद करेगा। बीट कांस्टेबल इसकी निगरानी भी करेगा।

जैदी ने बताया कि जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में ही एक कोविड कंट्रोल रूम शुरू किया जा रहा है। इसमें एक-एक एडिशनल डीसीपी रैंक के अफसर को तैनात किया जाएगा। तीन शिफ्ट में ये अफसर अब 24 घंटे कंट्रोल रूम में मौजूद रहेंगे। कंट्रोल रूम में आमजन अपनी कोई भी समस्या एवं शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। इसके अलावा जयपुर में चारों डीसीपी को निर्देश दिए हैं कि वे अपने एसीपी, थानाप्रभारी के साथ इलाकों में फ्लैग मार्च करेंगे। व्यापारियों और व्यापार मंडल के पदाधिकारियों से बातचीत करेंगे। उनको तय समय पर बाजार बंद करने के लिए पाबंद करेंगे। कोरोना की रोकथाम के लिए समझाइश करेंगे।

शहर में रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक नाइट कर्फ्यू है। लेकिन अभी भी शहरवासी इनकी पालना नहीं कर रहे है। अभी भी कई इलाकों में लोग बेवजह गाड़ियों पर घूमते नजर आ रहे है। ऐसे में अब जयपुर पुलिस इन लोगों से सख्ती से निपटेगी। रात 11 बजे से शहर में कई इलाकों में नाकाबंदी प्वाइंट्स बढ़ाये गए हैं। जहां पुलिस रात 11 बजे सभी वाहनों की चैकिंग लोगों से कर्फ्यू के वक्त में घूमने की वजह पूछी जाएगी। कोई कारण नहीं होने पर ऐसे वाहन चालकों और राहगीरों के खिलाफ महामारी एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# ड्यूटी टाइम में 22 अफसर और 76 कर्मचारी अनुपस्थित

■ महापौर मुनेश गुर्जर व हैरिटेज निगम आयुक्त ने जांची अफसरों की हाजिरी

**जयपुर**। हैरिटेज नगर निगम में ड्यूटी टाइम में मंगलवार को 22 अफसर और 76 कर्मचारी अपनी सीट से अनुपस्थित मिले। महापौर मुनेश गुर्जर और आयुक्त ने औचक निरीक्षण कर हाजिरी खंगाली तो यह लापरवाही सामने आयी। अब इन कार्मिकों को "कारण बताओ नोटिस" थमाने की तैयारी है।

महापौर मुनेश गुर्जर ने कहा कि निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये गये अधिकारी-कर्मचारियों को समय पर नहीं आने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया जायेगा। जो-जो कार्मिक आज अनुपस्थित मिले हैं, उनकी हाजिरी रद्द कर दी है। समय पर नहीं आना अनुशासनहीनता है। इसलिए कार्यालय में देर से आना अधिकारी और कर्मचारी द्वारा की जाने वाली इस तरह की लापरवाही को बर्दास्त नहीं किया जायेगा। इस समय प्रशासन शहरों के संग अभियान चल रहा है, जिसमें लोगों को अपने मकानों के पट्टे देने के साथ कई तरह की शिकायतों का भी निस्तारण किया जा रहा है। ऐसे अधिकारी, कर्मचारी का समय पर कार्यालय आना जरूरी है।

# सैम्पलिंग बढ़ाने को मिशन मोड पर कार्य करें : नेहरा

**जयपुर**। जिला कलक्टर अन्तर सिंह नेहरा ने मंगलवार को जयपुर ग्रामीण के समस्त इन्सीडेन्ट कमाण्डर्स, बीसीएमएचओ एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में कोविड-19 महामारी के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिये प्राथमिकता से मिशन मोड पर रहकर कार्य करने के निर्देश दिये। नेहरा ने कहा कि कोविड-19 के कार्य के अन्तर्गत किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को सैम्पलिंग बढ़ाने, वैक्सीनेशन की अनिवार्यता एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 15 से 18 वर्ष के बच्चों के शत प्रतिशत वैक्सीनेशन करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जोइन्ट एनफोर्समेन्ट टीम द्वारा सुनिश्चित किया जाये कि कही भी सार्वजनिक स्थानों पर बिना मास्क के लोग ना घूमे। समय-समय पर राज्य सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन की पालना सुनिश्चित की जाए। नेहरा ने सभी बीसीएमएचओ को निर्देश दिये कि प्रत्येक सीएचसी पर ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर्स, ऑक्सीजन सिलेण्डर एवं पर्याप्त संख्या में बेड की व्यवस्था, पर्याप्त दवाईयों के स्टोक को सुनिश्चित किया जाए।

## सार-समाचार

### 'संस्कृत के विद्यार्थी संस्कृति के रक्षक'



**जयपुर**। राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय हाथोज में बालाजी जन कल्याण सेवा ट्रस्ट हाथोज धाम के द्वारा कक्षा 1 से 8 तक की 195 छात्र-छात्राओं को ऊनी स्वेटर जर्सी वितरित किए गए। स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज ने कहा कि संस्कृत के विद्यार्थी हमारी भारतीय संस्कृति के रक्षक और इसको पल्लवित करने वाले सिपाही है। संभागीय शिक्षा अधिकारी डॉ. सीपी शर्मा ने कहा प्राचीन काल से हीं हमारे संतों-महंतों ने समाज को सही मार्गदर्शन एवं जनकल्याणकारी नेतृत्व दिया है। संस्था प्रधान स्नेहसुमन के द्वारा आगंतुक सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर पावन सान्निध्य स्वामी बालमुकुंदाचार्य जी महाराज, अध्यक्षता जयपुर संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी डॉ सीपी शर्मा, विशिष्ट अतिथि संकुल प्रभारी अर्चना चौधरी, प्रधानाध्यापिका स्नेहसुमन, ट्रस्ट के पदाधिकारी पंडित गोविंद नारायण भातरा, महेश शर्मा, किशोर कुमार शर्मा, सुगंधिम शर्मा, इंदिरा चौधरी, अनुराग शर्मा, अंजना चौधरी, पवन वशिष्ठ, नीता शर्मा, गिरिराज शर्मा, दिलीप सिंह आदि उपस्थित थे।

### जालसाज ने खाते से दो लाख रु.उडाये

**जयपुर**। चित्रकूट थाना इलाके स्थित विद्युत नगर में रहने वाले एक सेवानिवृत कर्मचारी के साथ ठगी का ममला सामने आया है। पीड़ित महेश चावला ने बताया कि कोटक महिंद्रा बैंक के क्रेडिट कार्ड का 5340 रूपए का बिल जमा कराया था। पेमेंट कन्फर्म करने के लिए गूगल से बैंक के टोल फ्री नंबर लेकर कॉल किया, जोकि जालसाज के पास जा लगा। उसने बैंकों की डिटेल्स लेकर खातों से करीब दो लाख रूपए निकाल लिए। इधर शास्त्रीनगर थाने में पानीपेच निवासी कृष्ण शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि उसके बैंक खाते से 99 हजार रूपए निकल गए, जबकि उसके पास ना तो किसी का कॉल आया और ना ही उसने किसी को ओटीपी शेयर किया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### अज्ञात मृतक के परिजनों की तलाश



**जयपुर** (कासं)। विधायकपुरी थाना पुलिस अज्ञात मृतक के परिजनों की तलाश में जुटी हुई है। थानाधिकारी के मुताबिक गत 31 दिसंबर को एम.आई. रोड पर अमरापुरा स्थान के पास फुटपाथ पर एक बुजुर्ग अचेत पड़ा मिला, जिसे कांस्टेबल शिवराज सिंह ने सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को मुर्दाघर में रखवाकर उसके परिजनों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक मृतक करीब 60 वर्ष का है, जो कि भिखारी जैसा दिखता है।

### जगदीश खत्री मीडिया सलाहकार बने



**जयपुर** (कासं)। ग्रेटर नगर निगम के उपमहापौर पुनीत कर्णावत ने वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता जगदीश खत्री को अपना मीडिया सलाहकार नियुक्त किया है। ज्ञात रहे कि खत्री, राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्षा सुमन शर्मा के निजी सहायक के तौर पर भी काम कर चुके हैं।

### दुष्कर्म के आरोपी को जेल भेजा

**जयपुर**। आमेर इलाके में तलाक के बाद पत्नी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। एसआई रोहिताश ने बताया कि इलाके निवासी एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि शादी के बाद दो बच्चे पैदा हुए थे। इसके बाद पति ने उसे तलाक दे दिया। कुछ दिनों पहले वह घर आया और जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। उसे मंगलवार को कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया गया।

### 'कार्मिकों के लिए संघर्ष करेगा रॉस्कॉन'

**जयपुर**। राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के संगठनों के परिसंघ रॉस्कॉन ने अपने सदस्य अधिकारियों के हितों के संरक्षण के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाकर संघर्ष करने का निर्णय लिया है। रॉस्कॉन के अध्यक्ष तथा अतिरिक्त निदेशक उद्योग एवं वाणिज्य आर.के. आमेरिया की अध्यक्षता में मंगलवार को जोनल कर भवन, वाणिज्यिक कर विभाग, झालाना सांस्थानिक एरिया, जयपुर में हुई बैठक में यह कार्ययोजना तैयार की गई। आमेरिया ने बताया कि रॉस्कॉन के सभी प्रतिनिधि राज्य सेवा के अधिकारियों के रूप में अपने दायित्वों के निर्वहन और राज्य सरकार के निर्देशों के अनुरूप प्रदेश की जनता को सुशासन देने के लिए कटिबद्ध हैं। सभी अधिकारी सेवा दायित्वों के निर्वहन के क्रम में आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए विभिन्न मंचों पर अपनी आवाज भी बुलंद करेंगे। रॉस्कॉन के प्रतिनिधि आगामी दिनों में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तथा विभिन्न विभागों के मंत्रियों सहित अन्य राजनेताओं के साथ मुलाकात करेंगे और अपनी विभिन्न मांगों को प्रभावी रूप से रखेंगे। प्रतिनिधिमण्डलों में परिसंघ के पदाधिकारियों के साथ-साथ संबंधित विभाग के अधिकारियों के संगठन पदाधिकारी भी शामिल रहेंगे। इन मुलाकातों को मूर्त रूप देने और संगठन की गतिविधियों में नियमितता लाने के लिए कैलेण्डर तैयार किया जाएगा।

# विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़कर 7330 मेगावाट हुई : सुबोध अग्रवाल

■ कोल संकट से निपटने के समग्र प्रयासों के लिए की हौसला अफजाई

**जयपुर**, (का.सं.)। अतिरिक्त मुख्य सचिव विभाग के डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया है कि राज्य में आज कोयला आधारित तापीय विद्युतगृहों से 7330 मेगावाट विद्युत उत्पादन होने लगा है जबकि कोयला संकट के दौरान बिजली उत्पादन स्तर कम होकर 3465 मेगावाट तक आ गया था। उन्होंने कहा कि इस समय तकनीकी कारण से केवल छबड़ा की एक इकाई में 250 मेगावाट का बिजली का उत्पादन नहीं हो रहा है।


एसीएस ऊर्जा डॉ. सुबोध अग्रवाल मंगलवार को विद्युत भवन में राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने देशव्यापी कोल संकट के दौरान प्रदेश में विद्युत की आपूर्ति बनाये रखने और कोयला व तकनीकी कारणों से बंद इकाइयों में योजनावद्ध तरीके से विद्युत उत्पादन शुरु करने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से लेकर केन्द्र व राज्य सरकार और उत्पादन निगम सहित समग्र प्रयासों से सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए। उन्होंने उत्पादन निगम स्तर पर किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए सीएमडी शर्मा सहित सभी अधिकारियों और कार्मिकों की सराहना व बधाई दी।

डॉ. अग्रवाल ने कहा कि समय की मांग और भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए तापीय विद्युत गृहों के साथ ही हाइड्रों व अन्य तकनीक पर आधारित विद्युत उत्पादक परियोजना की कार्ययोजना बनानी होगी ताकि कोयले पर निर्भरता कम होने, ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने और विद्युत उत्पादन लागत को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस तरह की रिसर्च टीम विकसित होनी चाहिए जो देश दुनिया में विद्युत उत्पादन की आ रही नई नई तकनीकों को अध्ययन कर प्रदेश के लिए उपयोगी परियोजनाओं का खाखा तैयार कर सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमें प्रदेशवासियों को निर्बाध बिजली उपलब्ध करानी है तो बिजली उत्पादन की लागत को कम करने के भी गंभीर प्रयास करने होंगे।

राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के सीएमडी आर.के. शर्मा ने बताया कि राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम की प्रदेश में थर्मल, गैस, हाईड्रल और लिग्नाइट आधारित विद्युत उत्पादन की 8597 मेगावाट क्षमता स्थापित है। उन्होंने बताया कि इनमें से 7580 मेगावाट के थर्मल आधारित विद्युत तापीय गृह स्थापित है। बैठक में संयुक्त सचिव ऊर्जा आलोक रंजन, निदेशक विद्युत उत्पादन निगम आरके सोरल, उत्पादन निगम के मुख्य अभियंता देवेन्द्र श्रृंगी सहित वित्त व अन्य अनुभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# जयपुर के 73 इलाकों में पहुंचा करोना संक्रमण

## वैशाली नगर में मंगलवार को सबसे ज्यादा 42 और सोड़ाला में 39 नए संक्रमित मिले



राजधानी में बढ़ते करोना संक्रमण के चलते सवाई मानसिंह अस्पताल समेत अधिकांश कोविड जांच केन्द्रों पर पुनः लोगों की भीड़ बढ़ने लगी है। फोटो-राष्ट्रदूत

■ टोंक रोड इलाके में 38, शास्त्री नगर में 36 व आदर्श नगर में 31 रोगी पाए गए हैं।

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर इन दिनों प्रदेश में करोना संक्रमण का एपी सेंटर बना हुआ है। यहां रोजाना भारी संख्या में नए संक्रमित सामने आ रहे हैं। मंगलवार को भी जिले में 73 स्थानों पर 745 नए संक्रमित पाए गए हैं। वहीं इस बीच करोना से एक मरीज की मौत भी हुई है। उधर मुख्यमंत्री की नाराजगी के बाद मंगलवार को जयपुर में 10 हजार से ज्यादा सैंपल लिये गये।

जयपुर जिले में मंगलवार को सबसे ज्यादा वैशाली नगर में 42 नए संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा सोड़ाला में 39, टोंक रोड इलाके में 38, शास्त्री नगर में 36, आदर्श नगर में 31, विद्याधर नगर में 28, बनीपार्क में 27, झोटवाड़ा में 25, सी-स्कीम व मालवीय नगर में 24-24, तिलक नगर में 23, लालकोठी में 21, मानसरोवर में 20, सांगानेर में 19, जगतपुरा व जवाहर नगर में 18-18, अजमेर रोड इलाके में 16, जेएलएन रोड पर 15, इंदिरा गांधी नगर, झालाना, प्रतापनगर व सीतापुरा में 13-13, सिविल लाइंस में 12, टोंक फाटक, गांधी नगर व गोपालपुरा में 11-11, जिला जेल घाटगेट, किरण पथ व राजापार्क में 10-10, अग्रवाल फार्म, जौहरी बाजार व त्रिवेणी नगर में 9-9, चांदपोल, महेश नगर व एमडी रोड इलाके में 8-8, दुर्गापुरा व पत्रकार कॉलोनी में 7-7, बरकत नगर व एसएमएस में 6-6, अम्बाबाड़ी, मुरलीपुरा, आमेर व रामगंज में 4-4, बगरू, ब्रह्मपुरी, हसनपुरा, गलता गेट, घाटगेट व गोनेर रोड इलाके में 3-3, बीलवा, चौड़ा रास्ता, किशनपोल, कोटपूतली, एमआई रोड, लुणियावास, पुरानी बस्ती, स्टेशन रोड व बाइस गोदाम इलाके में 2-2 तथा आमेर रोड, बजाज नगर, बस्सी, भांकरोटा, गोविंदगढ़, गुर्जर की थड़ी, गोविंदगढ़, खातीपुरा, खाहे नागोरियान, फागी, रामबाग, सांभर और सिरसी में एक-एक नया मरीज मिला है। साथ ही 11 संक्रमित ऐसे है जिनका पता सही नहीं मिला है। इस बीच जयपुर में करोना के मामले बढ़ने के साथ ही अब अस्पतालों में मरीजों की संख्या में भी इजाफा होने लगा है। आरयूएचएस में दो दिन में भर्ती मरीजों की संख्या 4 गुना से भी ज्यादा हो गई। 2 जनवरी तक यहां 10 मरीज भर्ती थे अब इनकी संख्या करीब 40 हो गई है। हालांकि इसमें ज्यादातर मामले ओमक्रॉन के आइसोलेशन वाले हैं। उधर राजधानी जयपुर में मंगलवार को करोना से एक मरीज की मौत हो गई है।

# दूसरे दिन 4 लाख किशोरों का टीकाकरण

**जयपुर**। प्रदेश में 15 से 18 आयु वर्ग के किशोरों के लिए शुरू हुए टीकाकरण अभियान के दूसरे दिन मंगलवार को चार लाख 5 हजार 761 लाभार्थियों को कोवैक्सीन की पहली डोज लगाई गई। चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने बताया कि गत दो दिनों में 7 लाख 71 हजार 15 किशोरों को कोवैक्सीन की पहली डोज लगाई जा चुकी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 4603 कोविड टीकाकरण केन्द्रों पर स्वास्थ्य कार्मिकों द्वारा बच्चों का वैक्सीनेशन किया गया। उन्होंने बताया की दोनों दिनों को मिलाकर अब तक 16.57 प्रतिशत टीकाकरण किया जा चुका है। उन्होंने कहा प्रदेश में किशोर किशोरियों को वैक्सीनेशन के प्रति जागरूक करने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश भी दिए गए हैं।

विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने बताया बच्चों के अलावा सामान्य टीकाकरण में भी गति लाई जा रही है। उन्होंने बताया कि 4 जनवरी तक प्रदेश में 8 करोड़ 34 लाख 44 हजार 81 लाभार्थियों को कोविड वैक्सीन की डोजेज दी जा चुकी है। इसमें 4 करोड़ 78 लाख 37 हजार 369 को पहली तथा 3 करोड़ 56 लाख 6 हजार 712 लाभार्थियों को दोनों डोज दी जा चुकी है।



## World Vegan Month

Veganuary Month is a month-long celebration of all things vegan and was created to encourage non-vegans to try out the lifestyle. Often referred to as a lifestyle and not a diet, vegans who practice veganism aim to reduce the suffering of animals, help the planet and improve global health by not eating any animal products, such as meat, dairy or eggs, and also by abstaining from contributing to animal exploitation such as honey production, creation of leather goods and industrial farming of animals.



#THERAPEUTIC

# Potential Dog-Allergy Vaccine

Scientists have identified a series of molecular candidates for those parts of dog allergens that cause immune reactions in people - the first step in developing a vaccine against most causes of dog allergies.



There have been many research efforts describing the nature and progression of dog allergies, but there have been very few applied studies that use this information to try to cure people of dog allergies entirely by artificially inducing immune tolerance. But researchers have now for the first time identified candidates for those parts of the molecules that make up dog allergens that could give us precisely that: a'dog allergy vaccine'.

Being allergic to dogs is a common malady and one that is growing worldwide. Over the years, scientists have been able to identify seven different dog allergens-molecules or molecular structures that bind to an antibody and produce an unusually strong immune response that would normally be harmless.



These seven are named Canisfamiliaris allergens 1 to 7 (Can f 1-7). But while there are seven, just one, Can f 1, is responsible for the majority (50-75 percent) of reactions in people allergic to dogs. It is found in dogs' tongue tissue, salivary glands and their skin.

Researchers have yet to identify Can f 1's IgE epitopes-those specific parts of the antigens that are recognized by the immune system and stimulate or 'determine' an immune response (which is why epitopes are also called antigen determinants). More specifically, epitopes are short amino acid sequences making up part of a protein that induces the immune response.

Epitopes bind to a specific antigen receptor on the surface of immune system antibodies, B cells or T Cells, much like how the shape of a jigsaw puzzle piece fits the specific shape of another puzzle piece. (The part of the receptor that binds to the epitope is in turn called a paratope). Antibodies, also known as immunoglobulin, come in five different classes or isotypes: IgA (for immunoglobulin A), IgD, IgE, IgG, or IgM. The IgE isotype (only found in mammals) plays a key role in allergies and allergic diseases. There is also an IgE epitope that is the puzzle piece that fits the IgE isotype's paratope.

In recent years, there has been extensive effort at developing epitope-focused vaccines - in this case, a vaccine against dog allergies.

"We want to be able to present small doses of these epitopes to the immune system to train it to deal with them, similar to the principle behind any vaccine," said Takashi Inui, a specialist in allergy research, professor at Osaka Prefecture University and a lead author of the study. "But we can't do this without first identifying the Can f 1's IgE epitope."


So the researchers used X-ray crystallography (in which the diffraction of x-rays through a material is analysed to identify its 'crystal' structure) to determine the structure of the Can f 1 protein as a whole - the first time this had ever been done.

They found that the protein's folding pattern is at first glance extremely similar to three other Can f allergens. However, the locations of surface electrical charges were quite different, which in turn suggest a series of 'residues' that are good candidates for the IgE epitope.

Using this basic data, further experimental work needs to be performed to narrow the candidates down, but the findings suggest the development of a hypoallergenic vaccine against Can f 1 - a dog-allergy vaccine - is within our grasp.

The production of a 'hypoallergenic vaccine' by use of such epitopes would not just be a world-first with respect to dog allergies but is rare with respect to any allergic reaction. If the researchers' work is indeed used to develop a dog allergy vaccine, the principles behind it could be used much more widely against various other allergies too.







Shailaza Singh
*Published author, poet and a YouTuber*

# The Tale of Two Countries (...1)




## As told by Maroof Raza

For most Indians, while Pakistan has been about love and hate, China has been an enigma of sorts. They gorge on the Indianised versions of the Chinese foods; love buying cheap Chinese trinkets and gadgets and even watch dubbed versions of Chinese movies. However, China is much more than what meets the eye, as is evident by Maroof Raza's latest book 'Contested Lands'.

When it is about India's neighbours like China and Pakistan, I always remember a joke I had heard a long time ago; Once, all the countries decided to visit God in his heaven to ask for favours for their respective lands. The Russians complained that their winters are so cold that they can hardly breathe while the Africans cry about the hot desert and scorching summers. Similarly, some countries complain about the excessive rains while others bemoan the kind of citizens they have. Suddenly one of them looks at India and says, "God, you have really been partial to India haven't you? You have given it a varied climate, plenty of sun and rains, fertile lands and intelligent people!" Hearing this, everybody starts fighting with God. God smiles and says, "Quiet my children! It is true that I have given India everything. But then I have also given them very nice neighbours too."

So what is our equation with China? A majority of Indians survive on cheap Chinese goods (some don't even know that they buy goods made in China). While the matches between India and Pakistan elicits the nationalist sentiment, there is very little that creates that kind of passion in the mind of an Indian where China is concerned. Yes, there was some furore over Tick Tock and banning Chinese apps and more during the recent Doklam standoff, not much has been done for the issue.

Most of us are unable to even fathom the world politics around the relationship between India and China. Why does USA keep telling India that China is building up bases near the Indian border or why do we have skirmishes with China every now and then? These and many other questions made me read the recently released book 'Contested Lands' by Maroof Raza, a former Army officer and a well-known media commentator on global military and security issues. The book was an eye opener and so was the candid tet-e-tat with the author.




## #CONTESTED LANDS

### An old-time Friend or Foe

In your book you have stated that Nehru considered China as an 'old time friend' and wanted to build friendly relations with India's aggressive neighbour. In fact in the Panchsheel Treaty which was signed between India and China in 1954, India accepted Tibet as a part of China and gave up its extraterritorial rights over Tibet and legitimised the Chinese claims over Tibet when the entire non-communist world was condemning China's occupation of Tibet. India also surrendered its three extraterritorial Indian Army outposts, stationed since 1904, under the treaty of Lhasa, when it agreed to withdraw its troops from Yatung, Gartok and Gyantse in Tibet. Moreover, India also offered China the India-run post and telegraph facilities in Tibet. The question is why wasn't Pandit Jawaharlal Nehru interested in liberating Tibet or siding with them?

From what I understand, firstly Panditji had a belief that being friendly to a new emerging country like China is a better way to establish new equations with China. He was happily oblivious of China's historical animosity towards India. Please remember in the initial years when China came into being, Lord Mountbatten was the head of Indian state. So, China saw India as the extension of the British Raj. Britain was also talking in terms of India being centre of the commonwealth and the dominion status that they wanted to extend to India like they had to in Australia and Canada.

Secondly, Nehru in his idealism believed that if you are nice to a new country which is still finding its feet, it was a better way to go about building better future relationships and ensuring your security with your large neighbour. At that point in time, he had no idea about Mao's ambition to take over Tibet. He felt that Tibet was a buffer enough. China and Nehru both were engaging with the Soviet Union. So, he thought that both India and China were in the same boat. It is typical of people who are western educated to become anti-west.


Nehru was running the policy for foreign relations. Gandhiji was known for non-violence and Nehru wanted to be known for non-alignment. So, he thought his way was the right way. When you are so obsessed with your vision you don't tend to look right or left. He went for a visit to China and came back from there with all sorts of false promises by the Chinese. Nehru was in a way like what our prime minister Narendra Modi is today. He was so powerful that no one could stand up to him including Sardar Patel. So, he must have told the latter, to handle the integration of the states and let him handle the foreign affairs. Mao Zedong (President of PRC - People's Republic of China) wanted to cut Nehru down to the size because his profile was becoming larger than life in the international arena. Today, Modi is also being seen by the Chinese in a similar light. Who knows what will happen in the future but I am just saying that there seemingly are similarities.

### Tibet Stands Alone

You have also mentioned that eventually, El Salvador, not India moved the motion on Tibet, as most countries at the UN General Assembly looked to the US for direction on the Tibet issue. Washington, however asked the US delegation to take India's directions on how to proceed against China, but India wasn't keen to lead in this matter.......... The Tibetan government found itself alone and friendless. It did not enjoy the status of a nation state as no country including India, had recognized it as such. Even Britain, which had a long history of engagement with China and Tibet and had tried to define the boundaries of Tibet and China at the Shimla Conference, suggested that sufficient autonomy could be obtained with Chinese suzerainty not sovereignty." Why was it that no country was ready to recognize Tibet as a free state?

In 1950s, no one saw China as a threat. When they did begin to see China as a threat, it was perhaps too late. Sardar Patel was dead by then. As far as the US was concerned, at that time Britain was very powerful internationally and they didn't see themselves as having done any wrongs even with the opium wars. The British were really setting the agenda at the UN even for the Americans. British concocted this term called suzerainty, which the Chinese dismissed but they kept hankering on it. So, suzerainty became a line that everyone in the west adopted. Also remember, when China began to occupy Tibet, the US was more occupied with the Korean war. British were concerned about the Suez crises. So, China was slowly occupying Tibet while everyone was busy elsewhere.

> The IAF had carried out several air reconnaissance missions in that area from 1960 onwards....Even two years later, the detailed photography of that region- from Gilgit via the Karakpram range and westwards had been conducted not once but several times by Wing Commander 'Jaggi', Jag Mohan Nath, MVC. Since 1960, Jaggi Nath had filmed and reported the presence of Chinese soldiers in Aksai Chin.


Nehru with Chinese premier Zhou enLai.


India China War

### The Skirmishes Unfold

The book talks about the 'Longju incident of 25 August 1959, which marked the first armed encounter between Indian and Chinese forces. It says that Longju was an Indian border post, directly located along the McMahon Line, when it was attacked by Chinese border troops forcing Indian troops to withdraw. Yet, Indian troops from Assam Rifles continued to patrol the location until the Sino-Indian war in 1962. Today, it is controlled by China, but claimed by India.

The IAF had carried out several air reconnaissance missions in that area from 1960 onwards....Even two years later, the detailed photography of that region- from Gilgit via the Karakpram range and westwards had been conducted not once but several times by Wing Commander 'Jaggi', Jag Mohan Nath, MVC. Since 1960, Jaggi Nath had filmed and reported the presence of Chinese soldiers in Aksai Chin.

### Wartime

It is evident that China was slowly and steadily increasing its step into India. But what was the cause of this build up which resulted in the war of 1962?

From what I can understand, China was getting quite insecure as India was becoming too close to finding their nuclear facility which was quite evident from the reconnaissance flight by Wing Commander Jaggi Nath. And if India would have known, US would have also known because people in Nehru's office were passing on all the classified information to the Americans. Had Americans come to know about it, they would have gone with hammer and tongs to knock off that facility like Israel did with Iraq. Where Israel was in 1982, America was in 1952. Mao wanted to make China the world's most respected country and he used to often say that power comes from the barrel of a gun.

Despite all these reconnaissance missions, why was it that India was caught unawares by the Chinese?

This was because Mao had planned the 62 operations in a way that he would hit India when the world was preoccupied. So, he had planned it in that one-month time where everyone was involved in the Cuban crises because this was a situation which could have resulted in a nuclear war between Russia and America. Mao attacked in 1962, because after the debacle of the 'cultural revolution', which killed 45 million people, he wanted to give China something to be proud of and hence he attacked India. Also, he was encouraged by Russia to attack India as that time Russia was on China's side. Nikita Khrushchev gave the go ahead to Mao and told him that now was the time to attack India. Mao was not a good leader except for his India policy. He killed 45 million people in his great experiment of the 'cultural revolution'. I am not saying it, the historians have recorded it. He had no value for human life or anything except to make a point.

Some people feel that Nehru was too busy in his own affairs and liaisons with women to worry about India and China or other such issues.

That's utter nonsense! He may have had affairs, so what? Find me a global leader who didn't have affairs. Mao's own doctor at that time gave a statement and said that Mao lived a vulgar life and every other day he had a new Chinese woman. That didn't distract him from his agenda. Kennedy also had his own share of affairs. Most leaders have been like that. That is not the reason why Nehru didn't see the writing on the wall.

***To be Continued...***

writetoarbit@rashtradoot.com


> The book talks about the 'Longju incident of 25 August 1959, which marked the first armed encounter between Indian and Chinese forces. It says that Longju was an Indian border post, directly located along the McMahon Line, when it was attacked by Chinese border troops forcing Indian troops to withdraw. Yet, Indian troops from Assam Rifles continued to patrol the location until the Sino-Indian war in 1962.






#BOOKWORM

# Detective Fiction




Five Victorian detective stories to read that are not Sherlock Holmes mysteries




A vast treasure trove of detective stories was published in periodicals, newspapers and magazines between 1893 and 1900.

In December 1893, just six years after his first appearance and at the height of his popularity with the late - Victorian reading public, Sherlock Holmes, the world's most famous fictional detective, was killed by his creator Arthur Conan Doyle. In 'The Final Problem', published in The Strand magazine, Sherlock plunged over the Reichenbach Falls in a struggle with master criminal Professor Moriarty and both were swallowed by a cauldron of swirling water and seething foam. His body was not recovered.

At the time of the story's publication, Doyle firmly believed that this would be the last of Holmes. He considered his detective fiction a lower stratum of literary achievement and felt that with Holmes out of the way, he could capitalise on his celebrity and attract an audience for his long historical novels. Authors are not always the best judges of their own work.

For fans of Doyle's detective stories, the good news is that they found dozens of detectives to take his place. A vast (and largely uncharted) treasure trove of detective stories was published in periodicals, newspapers and magazines between 1893 and 1900, as Holmes rivals, clones and parodies emerged to fill the great detective's deerstalker hat and cape. Here are five of the best:

***1. The Experiences of Loveday Brooke, Lady Detective (1894)***


Loveday Brooke is the first female detective created by a female author (Catherine Louisa Pirkis). Appearing more than 25 years before female detectives were officially employed by the Metropolitan Police, private investigator Brooke is frequently asked by the police to assist with cases where a 'feminine' perspective is required.

Pirkis's gendered twist on the Victorian detective genre sees Brooke's 'female methods' - such as gossip and gaining the trust of servants - trouncing those of her male contemporaries and exonerating wrongly-suspected women.



***2. The Dorrington Deed-Box (1897)***

Sherlock Holmes often asserted that he would have made 'a highly efficient criminal'. In this collection of short stories, Arthur Morrison's Horace Dorrington takes this notion to its furthest extreme.




Dorrington is a charming East End criminal with a very successful private detective business in the prosperous West End of the Victorian metropolis. Throughout his adventures, he lies to, steals from, poisons, blackmails and attempts to kill various clients and criminals. This is a thrillingly chaotic and unsettling portrait of a late - Victorian London pervaded by greed and crime.

***3. A Prince of Swindlers (1897)***

Guy Boothby's collection of six short crime stories follows the adventures of Detective Klimo, the most talked-about detective in London. Working from his Park Lane mansion, his clients include the cream of London society who consult him when their jewels or paintings are stolen.

The twist is that Klimo's alter-ego is gentleman burglar Simon Carne, a master of disguise who has travelled to England from India to profit from the wealth collected in the imperial metropolis for the Queen's jubilee celebrations.

***4. Ghosts: Being the Experiences of Flaxman Low (1899)***

As E and H Heron, mother and son team Kate O'Brien Prichard and Hesketh Prichard co-authored 12 stories featuring Flaxman Low, "the Sherlock Holmes of the ghost world". They were first published as 'Real Ghost Stories' in Pearson's Magazine from 1898 to 1899. While Sherlock Holmes emphatically disavowed the supernatural – "the world is big enough for us, no ghosts need apply" – Low is open to its place in the world of modern crime fighting.



By the series' close, Low has seen off an array of ghosts, mummies, occult societies, killer plants and diabolical master criminals.

Low is not the first 'occult detective' in the detective genre - that accolade belongs to LT Meade and John Eustace's John Bell, who appeared in 1896 - he is the first investigator whose work accepts or proves, rather than disavows, the existence of the ghostly and occult forces behind the crimes he investigates.

***5. The Brotherhood of the Seven Kings (1898)***

While The Strand had many regular contributors who stepped in to supply detective fiction after Holmes's 'death' (notably all men), Irish writer Elizabeth Thomasina [LT] Meade went on to become the magazine's most prolific contributor of crime stories in the late - Victorian and early Edwardian period, with six series published between 1893 and 1903.


In this series of stories, Meade adds a gendered twist to the master criminal narrative, with the creation and portrayal of a powerful female antihero, Madame Koluchy. Much like Doyle's Moriarty, Koluchy is a scientist and a doctor, as well as the chief and queen of the Brotherhood of the Seven Kings, a nebulous Italian political organisation responsible for terrible crimes on English soil.

She harnesses her scientific skills to carry out a series of deadly crimes utilising, among other things, x-rays, untraceable poisons and a virus carried by the tsetse fly, challenging the skills and authority of the very best British detectives.

---

*This article first appeared on Scroll.in.*

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# श्रम राज्यमंत्री के भतीजे ने सांचोर उपखण्ड अधिकारी से बदसलूकी की, मामला दर्ज

## राजकार्य की बाधा डालते हुए सरकारी पत्रावलियों तक को फाड़ दिया

**जालोर, (कासं)।** गहलोत सरकार के श्रम राज्य मंत्री व सांचोर विधायक सुखराम विश्नोई के भतीजे सदराम विश्नोई ने उपखण्ड कार्यालय में हंगामा कर एसडीएम के साथ बदसलूकी की । उसने एसडीएम के साथ बदसलूकी करने के साथ ही सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया और राजकार्य में बाधा डालते हुए सरकारी पत्रावलियों तक को फाड दिया। एसडीएम ने मंत्री के भतीजे के खिलाफ राजकार्य में बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज करवाया।

जानकारी के मुताबिक सुबह करीबन साढे 10 बजे मंत्री सुखराम विश्नोई का भतीजा अधिवक्ता सदराम विश्नोई और अन्य कुछ लोग उनके कार्यालय में जबरन घुस गए। इसके बाद सदराम विश्नोई ने एसडीएम से बदसलूकी की। एसडीएम को धमकी देते हुए उसके मुताबिक फैसला देने के लिए कहा। इसके बाद सदराम ने आवेश में आकर एसडीएम से गाली गलौच की और सरकारी सम्पति को नुकसान पहुंचाया। इस दौरान कार्यालय में कांच की टेबल को पेपर वेट से तोड दिया।

एसडीएम सांचोर ओमप्रकाश माचरा ने बताया कि सोमवार सुबह 10.30 बजे सदराम विश्नोई किसी मुकदमे के फैसले को लेकर बहस करने लगे फैसला अपने पक्ष में करने को कहा। इस पर उन्हे अपील करने के लिए निर्देशित किया तो वे आवेश में आकर तोडफोड करने लगे । इतना ही नही सदराम विश्नोई ने देख लेने की धमकी भी दी।

सांचोर विधायक व मंत्री के भतीज का इस प्रकार सता का गुरूर दिखाने पर राजस्व परिषद जालोर ने रोष प्रकट किया। तथा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर सदराम के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की। मंत्री के भतीजे द्वारा एक सरकार कार्मिक को धमकाने को लेकर चर्चा का बाजार गर्म नजर आया। सदराम विश्नोई ने 2018 में तत्कालीन एसडीएम मुरारीलाल शर्मा से भी बदसलूकी की थी। सदराम विश्नोई सांचोर बार एसोसिएशन से दूसरी बार अध्यक्ष है।

अधिवक्ता सदराम विश्नोई ने बताया कि सांचोर एसडीएम बिना सुनवाई ही प्रकरणों के आदेश पारित करते हैं । जिसकी शिकायत साथी अधिवक्ताओं ने उन्हें बताई। इस दौरान एक दावा फाइल उन्होंने खुद भी पेश की । जिसे भी बिना दर्ज किये खारिज कर दिया। इस पर विरोध दर्ज करवाय। इस पर एसडीएम तेश में आ गये तथा धमकियां दी तथा देर रात्रि को कांच तोडकर झूठा प्रकरण दर्ज करवाया। जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

राजस्व परिषद भीनमाल व राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ जालोर ने एसडीएम के साथ बदसलूकी करने तथा राजकार्य में बाधा पहुंचाने की घटना पर रोष प्रकट कर मुख्यमंत्री को जिला कलैक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन में बताया कि एसडीएम सांचोर के साथ अधिवक्ता सदराम विश्नोई द्वारा राजकार्य में बाधा, पीठासीन अधिकारी के साथ अभद्र व्यवहार कर गाली गलौज करने, धमकिया देते हुए एसडीएम कार्यालय में तोड़फोड की गई है। इस घटना की घोर निंदा करते हुए अधिवक्ता सदराम विश्नोई के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए अधिवक्ता सनद खारिज करने की मांग की गई। इस दौरान मंत्रालयिक कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष रूस्तम खान खोखर, राजेन्द्र कुमार, विकास सोलंकी, हनवंतसिंह सहित काफी संख्या में मंत्रालयिक कर्मचारी मौजूद थे।

# हथियारों के दम पर ब्यूटी पार्लर में लूट की वारदात

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** दो बदमाशों ने हथियारों की नोंक पर ब्यूटी पार्लर में लूट की वारदात की।

आरोपी ब्यूटी पार्लर में घुसे। पार्लर मालिक दंपती को पिस्टल और धारदार हथियार दिखाकर धमकाया। दंपती ने गहने उतारकर आरोपियों को दे दिए। इसके बाद आरोपी गल्ले में रखे रुपए लूटकर भागने लगे तो दंपती ने एक बदमाश को पकड़ लिया और शोर मचाया। दंपती के शोर मचाने पर दूसरा आरोपी भाग निकला।

शोर मचाने पर आसपास के लोग पार्लर में पहुंचे और आरोपी की पिटाई कर दी। इस दौरान आरोपी भीम गोदारा ने खुद को लॉरेंस विश्नोई गैंग का बताया। आरोपी ने कहा कि वह 2 मर्डर के मामले में जेल जा चुका है। बाकी मुझ पर केस कितने हैं, पता नहीं है। मेरा तो यही काम है। मुझे जान से मार दो तो भी काम चलेगा। डीएसपी अनू बिश्नोई ने बताया कि पंजाब के फाजिल्का जिले के पंचकोशी निवासी आरोपी भीम गोदारा पुत्र साहबराम को गिरफ्तार कर उससे देशी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस जब्त किए। तलाशी में आरोपी के पास 15 हजार 570 रुपए मिले। उससे पूछताछ की तो दूसरे आरोपी के बारे में जानकारी मिल गई।

मंगलवार सुबह दूसरे आरोपी आरोपी विजय कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी से धारदार हथियार कापा, लूटी गई सोने की चैन और अंगूठी बरामद की गई। तलाशी में उसके पास 9 हजार 300 रुपए मिले। पूछताछ में आरोपियों ने सोमवार को दिन मे पंजाब के पंजकोशी इलाके के सरवर खुइयां थाना इलाके में पेट्रोल पंप पर लूट करना कबूल किया।

रायसिंहनगर के गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल के पास रॉयल टच ब्यूटी पार्लर की संचालक राजवीर कौर का पति राजीव स्वामी श्रीगंगानगर की एक प्राइवेट कंपनी में काम करता है। वह सोमवार शाम बस से श्रीगंगानगर से लौट रहा था। आरोपी उसके साथ ही बस में सवार हो गए। राजीव जब बस से उतरकर ब्यूटी पार्लर पहुंचा तो पीछा करते हुए दोनों आरोपी वहां आ धमके। ब्यूटी पार्लर में घुसते ही उन्होंने राजीव और राजवीर को देशी पिस्तौल दिखाई और पहने हुए जेवरात खुलवा लिए। उसके बाद गल्ले में रखी नकदी लेकर भागने लगे तो दंपती ने एक बदमाश को पकड़ लिया। जबकि दूसरा आरोपी मौके से फरार हो गया।

# दो लाख रुपये की स्मैक के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार



कुडगॉव थाना पुलिस की गिरफ्त मे स्मैक के तीन सौदागर।

**करौली (निं.स)।** कुडगॉव थाना पुलिस एवं जिला पुलिस की संयुक्त रुप से कि गई कार्यवाही के दौरान तीन युवको को गिरफ्तार कर करीब 2लाख रुपये मूल्य की अवैध मादक मदार्थ स्मैक के साथ एक कार को जप्त कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक करौली शैलेन्द्रसिंह इन्दोलिया ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ स्मैक के विरूद्व चलाये जा रहे अभियान आपरेशन फ्लैश आउट के तहत थानाधिकारी कुडगॉव नीरज कुमार शर्मा एवं जिला स्पेशल टीम ने कार्यवाही करते हुए मुख्य तस्कर हरकेश पुत्र फतेहराम मीना निवासी करसाई थाना सदर करौली, मैदानसिंह पुत्र भगवानसिंह राजपूत निवासी महोली थाना सदर करौली तथा महेन्द्र पुत्र श्रीलाल मीना निवासी डाबरा थाना सपोटरा को कुल 20 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक व परिवहन में प्रयुक्त एक स्विफ्ट डिजायर कार सहित गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है।

# गोद लिए युवक ने बहन से किया रेप, गिरफ्तार

- **घर में अकेली थी युवती, पीड़िता के पिता 20 साल पहले घर लाए थे गूंगा-बहरा लड़का**

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** रिश्ते में भाई लगने वाले युवक ने घर में अकेली देखकर युवती से रेप किया। आरोपी सुन और बोल नहीं सकता है। घर पहुंची पीड़िता की मां ने अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। मामला श्रीगंगानगर के पुरानी आबादी इलाके का है।

दरअसल, पीड़िता के पिता ने 20 साल पहले जिस युवक को गोद लिया था, उसी युवक ने यह घिनौनी वारदात की। करीब 10-12 साल पहले युवक को गोद लेने वाले पिता का निधन हो गया तो उसकी पत्नी ने दूसरी शादी कर ली थी। इसके बाद मां-बेटी अपने नए घर और युवक इन दोनों से अलग रहने लगा। वह टैंपो चलाकर गुजारा करता है। इस बीच, वह सोमवार शाम करीब 4 बजे पीड़िता के घर आया। वह घर में अकेली थी।

जान-पहचान होने से युवती ने युवक को घर में आने दिया। तभी मौका पाकर युवक ने उससे दुष्कर्म किया और फरार हो गया।

वारदात के समय पीडिता की मां शहर से बाहर थी। घटना के बाद पीड़िता घर से कुछ दूरी पर रहने वाली अपनी नानी के घर गई और आप बीती सुनाई। इस पर नानी ने पीड़िता की मां को इस बारे में जानकारी दी। पीड़िता की मां से मिली जानकारी पर महिला थाना पुलिस सरकारी अस्पताल पहुंची और मामला दर्ज किया। महिला थाना सीआई राजेश रानी ने बताया कि रात को ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अभी मामले की जांच कर रही है।

# केन्द्रीय कारागृह में फिर मिला मोबाइल फोन

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर की सेंट्रल जेल में मोबाइल फोन मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। मंगलवार को जेल प्रशासन द्वारा तलाशी अभियान के दौरान एक बार फिर जेल से एक मोबाइल और डाटा केबल बरामद किया गया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने जेल प्रशासन की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सिविल लाइंस थाने एएसआई चांद सिंह ने बताया कि सेंट्रल जेल प्रेहरी सुमित द्वारा मंगलवार को थाने में दी शिकायत में बताया कि जेल अधीक्षक के दिशा निर्देशों में चलाए जा रहे तालशी अभियान के अंतर्गत सेंट्रल जेल की वार्ड संख्या 1 की बैरिक संख्या दो में स्थित शौचालय की दीवार के अंदर एक मोबाइल और डाटा केबल तलाशी के दौरान गढ़ा हुआ मिला। पुलिस ने एक बार फिर जेल प्रशासन की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मालूम हो कि डेढ़ महीने के भीतर जेल प्रशासन की ओर से जेल में तलाशी ली जा रही है।

# तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रवक्ता का परिणाम घोषित

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा तकनीकी शिक्षा विभाग के लिए राजस्थान तकनीकी शिक्षा (अभियांत्रिकी) सेवा नियम, 2010 के अन्तर्गत प्रवक्ता विद्युत, गणित और अंग्रेजी अभियांत्रिकी प्रतियोगी परीक्षा-2020 का परिणाम घोषित कर दिया है।

आयोग के सचिव एच एस अटल के अनुसार आयोग ने प्रवक्ता विद्युत के प्रथम व द्वितीये प्रश्न पत्र की परीक्षा 16 मार्च 2021 तथा तृतीय प्रश्न पत्र परीक्षा का आयोजन 12 मार्च 2021 को किया था। इस परीक्षा में 21 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए पूर्ण रूप से अस्थाई सफल घोषित किया है। इसी तरह आयोग ने प्रवक्ता-गणित प्रतियोगी परीक्षा-2020 के प्रश्न पत्र-प्रथम एवं द्वितीय की परीक्षा का आयोजन 18 मार्च 2021 तथा प्रश्न पत्र-तृतीय की परीक्षा का आयोजन 12 मार्च .2021 को किया था। इस परीक्षा में 12 अभ्यर्थियों को अस्थाई रूप से सफल घोषित किया गया है। इसके अलावा आयोग ने प्रवक्ता-अंग्रेजी प्रतियोगी परीक्षा-2020 के प्रश्न पत्र-प्रथम एवं द्वितीय की परीक्षा का आयोजन 19 मार्च 2021 तथा प्रश्न पत्र-तृतीय की परीक्षा का आयोजन 12 मार्च 2021 को किया था। इस परीक्षा में 6 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए अस्थाई रूप से सफल घोषित किया है।

आयोग सचिव अटल ने बताया कि अभ्यर्थियों को आयोग की वेबसाईट से विस्तृत आवेदन पत्र डाउनलोड कर उसे पूर्ण रूप से भरकर मय समस्त शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, जाति एवं अन्य वांछित प्रमाण-पत्रों की फोटो प्रति के साथ 12 जनवरी -2022 सायं 6 बजे तक आवश्यक रूप से आयोग कार्यालय में जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। आयोग द्वारा आवेदकों की पात्रता की जांच विज्ञापन की शती के अनुसार किये जाने पर पात्र पाये गये अभ्यर्थियों को ही साक्षात्कार के लिए बुलावा भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि साक्षात्कार की तिथि के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को यथा समय अलग से अवगत करवा दिया जाएगा।

# ट्रक में लगी आग पर काबू पाया

**भीलवाडा, (निसं)।** जिले के करेडा थाना क्षेत्र में पुलिस की सुझबूझ से एक बडा हादसा टल गया। नाकाबंदी कर रही पुलिस की नजर वहां से गुजर रहे ट्रक के भभकते डीजल टैंक पर पड गई, जिससे समय रहते मिट्टी व पानी डालकर आग पर काबू पा लिया। ट्रक में कुट्टी भरी थी और 5 लोग सवार थे।

करेडा पुलिस के अनुसार, बीती रात पुलिस टीम नाकाबंदी कर वाहनों की जांच कर रही थी। इस दौरान भीलवाडा की ओर से आये एक ट्रक के डीजल टैंक पर पुलिस की नजर पडी। टैंक से आग की लपटें निकल रही थी। यह देखकर पुलिस ने ट्रक को रुकवा चालक लुहारिया निवासी शंकर भील को इसकी जानकारी दी। इसके बाद पुलिस टीम व ट्रक में सवार लोगों ने पानी व मिट्टी डालकर आग पर काबू पा लिया। ट्रक में चालक सहित पांच मजदूर थे। इनमें दो महिलायें भी शामिल थी। करेडा थाना पुलिस की सूझबूझ के चलते समय रहते घटना का पता चल गया और एक बडा हादसा टल गया।

# मुख्य सचिव को अति विशिष्ट खेल अलंकरण अवार्ड से नवाजा

- **मल्लखंभ एकेडमी को जमीन तथा इन्डोर हॉल मिलेगा**

**भरतपुर, (निसं)।** जिला कलक्टर हिमांशु गुप्ता एवम् भरतपुर कमिश्नर पी.सी. वेरवाल को अद्वितीय जिला प्रशासनिक अधिकारी, कर्तव्यनिष्ठ, स्वास्थ्य, फिट इंडिया तथा खेलो को विशेष योगदान प्रेरणा स्त्रोत के रूप में मुख्य सचिव ने साफा, माला पहनाकर भारत सरकार युवा खेल मंत्रालय नई दिल्ली खेलों इंडिया मल्लखंभ एकेडमी की ओर से सम्मानित“किया गया।

मल्लखंभ प्रर्दशन को देखकर मुख्य सचिव निरंजन आर्य, जिला कलक्टर हिमांशु गुप्ता, अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर रघुनाथ सी.ओ. सिटी पुलिस सतीश वर्मा, ए.डी.एफ. राजेन्द्र वर्मा, आर.आर.ए. अखिलेश, विकास अधिकारी देवेन्द्र चौधरी थानाधिकारी कोतवाली शहर, थाना अधिकारी अटलबंध आलोक शर्मा, पार्षद सुन्दर सिंह, महेश बाल्मीकी, नबावसिंह प्रोफेसर, सरपंच धानौता, लक्ष्मण सिंह होटल लक्ष्य पैलेस, सचिन पटैल, खेल अधिकारी वृज विश्वविद्यालय निरंजन गुर्जर, देखकर आनंदित होकर मंत्रमुग्ध हो गये और मल्लखंभ एकेडमी काली बगीची के निदेशक डॉ. रमेश इन्दौलिया एकेडमी की गुरूमाँ अनीता इन्दौलिया को आशीष प्रदान करते हुए स्वागत की बेला में साफा, शॉल, दुपट्टा एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम मुख्य अतिथि निरंजन आर्य जिला कलक्टर हिमांशु गुप्ता, कमिश्नर पी.सी. वेरवाल ने अटलबंध गणेश मंदिर के महन्त के द्वारा मल्लखंभ तथा हनुमान जी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ मल्लखंभ एकेडमी के खिलाडियों की सलामी स्वीकार कर किया।

निरंजन आर्य मुख्य सचिव को साफा,चन्दन की माला, रेशमी दुपट्टा, मल्लखंभ का प्रतीक चिन्ह तथा अति विशिष्ठ खेल अलंकरण 2021-22 अवार्ड, भेंट कर किया। कार्यक्रम के दौरान कोरोना वॉरियर्स, सफाई स्वच्छता वॉरियर्स मीना तथा जोगेन्द्र को भी माला, दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। निरंजन आर्य तथा सभी आगन्तुक जिला अधिकारियों के मल्लखंभ एकेडमी मे पधारने पर डॉ. रमेश इन्दौलिया ने पुनः आभार अभिनंदन करते हुए जिला कलक्टर भरतपुर जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई का भी आभार अभिनन्दन, धन्यवाद देकर किया।

# सांसद रंजीता ने वैक्सीन लगवाई

**बयाना, (निस) ।** क्षेत्रीय सांसद रंजीता कोली ने मंगलवार को वैक्सीन लगवाते हुए अन्य सभी लोगों से अपनी व अपने परिवार की सुरक्षा के लिए कोविड वैक्सीन अवश्यक लगवाने का आव्हान किया। इस दौरान उनके पति हेमचंद कोली ने भी यह वैक्सीन लगवाई।

सांसद ने कोविड वैक्सीन लगवाने को अपना सुखद अनुभव बताते हुए कहा कि उन्हें तो पता भी नही लगा कि यह वैक्सीन उनके कब लग गई। सांसद को वैक्सीन की यह डोज कोविड स्वास्थ्य सहायक आदेश मीणा व लक्ष्मण शर्मा की टीम ने लगाई। इस दौरान सांसद रंजीता कोली ने केन्द्र की मोदी सरकार का आभार जताता। अब 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग तक के बच्चों को भी यह वैक्सीन लगाने का अभियान शुरू किया गया है तथा ओमिक्रोन के नए वैरिएंट को लेकर भी विशेष सतर्कता बरती जा रही है। उन्होंने सभी अभिभावकों से भी अपनी व अपने परिवार की सुरक्षा के लिए अपने बच्चों को भी यह वैक्सीन अवश्य लगवाने का आव्हान किया।

# कांग्रेस पार्षद ने तालाब में कूदकर आत्महत्या की




मृतक पार्षद वर्षा दरयानी का शव निकाला।

**भीलवाडा, (निसं)।** नगर परिषद भीलवाडा के वार्ड नंबर 42 से कांग्रेस की पार्षद वर्षा दरयानी ने गांधी सागर तालाब में कूदकर आत्महत्या कर ली।

भीमगंज थाना अधिकारी सुरजीत सिंह ने बताया की वार्ड नंबर 42 से पार्षद वर्षा दरयानी ने गांधी सागर तालाब में कूदकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या की सूचना मिलने पर भीमगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से पार्षदा के शव को बाहर निकाल कर महात्मा गांधी चिकित्सालय की मोर्चरी पहुंचाया। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया पार्षद के आत्महत्या करने का कारण मानसिक रूप से परेशान चलना बताया जा रहा है। फ़िलहाल पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

अचानक हुई इस घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर डीएसपी सिटी के साथ ही नगर परिषद सभापति राकेश पाठक व अन्य पार्षद भी मौके पर पहुंच गये। इस बीच, वर्षा का पति व बेटा भी मौके पर पहुंच गया। वर्षा का शव एमजी अस्पताल स्थित मोर्चरी ले जाया गया है, जहां पोस्टमार्टम किया जाएगा। उधर, पुलिस का कहना है कि अभी इस घटना के बारे में ज्यादा कोई जानकारी सामने नहीं आई है। परिजनों की रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविकता सामने आ पायेगी। आपको बता दें कि वार्ड नंबर 42 से कांग्रेस की पार्षद रही वर्षा दरयानी के पति जितेंद्र दरयानी भी पूर्व पार्षद हैं। नगर परिषद के वार्ड 42 से वर्षा दरयानी ने 1008 मत प्राप्त किए थे, जबकि उनकी प्रतिद्वंदी रही भाजपा की जया लुधानी को 934 मत मिले थे। वर्षा हंसमुख स्वभाव की एक ग्रहणी महिला थी।

# युवती की हत्या के मामले का हुआ खुलासा



आडिवाट गांव में हुई मोनिका हत्याकांड के मामले का प्रेमी हत्यारा सागवाड़ा पुलिस की गिरफ्त में।

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले के सागवाडा थानान्तर्गत आडीवाट में घर से कोई 500मीटर की दूरी पर एक युवती की खून से लथपथ सोमवार को लाश मिली थी, इसके मामले में पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए युवती की हत्या के मामले में उसी के पडौसी युवक जो कि उससे प्रेम करता था, लेकिन युवती द्वारा एक अन्य युवक से बातचित करना उसे नागवार लगा था और इसी बात को लेकर उसने युवती को अकेले पाकर हत्या कर दी।

घटनाक्रम के अनुसार सागवाडा के आडीवाट में एक युवती का संदिग्ध अवस्था में शव मिला था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव हॉस्पीटल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस की प्राथमिक जांच में सामने आया है कि धारदार हथियार से वार कर किशोरी की हत्या की गई है और इसके बाद शव को फंदे से लटकाया गया है। पुलिस ने एफ एसएल टीम की मदद मोनिका उर्फ मनु उम्र 17 वर्ष पुत्री वीरमल चौकी फला जेठाणा की त्वरित कार्यवाही करते हुए टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा अज्ञात मुल्जिम की तलाश प्रारंभ कर दी। मुखबीरों से सम्पर्क करने पर पता चला कि मृतका जिस मफलर से लटकी मिली वह उसके प्रेमी मुकेश पुत्र कांतिलाल ननोमा निवासी जेठाणा चौकी फला पुलिस थाना का है। जिस पर पैनी नजर रखते हुए मुकेश को डिटेन कर लिया तथा मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ प्रारंभ की। पूछताछ में मुकेश ने हत्या करना कबूल किया जिस पर पुलिस ने मुकेश को गिरफ्तार कर लिया है।

# फायरिंग को लेकर बीकानेर में बाजार बंद रहे, पुलिस व प्रदर्शनकारियों में झड़प



सोमवार को युवक पर हुई फायरिंग के विरोध में गिरफ्तारी की मांग को लेकर लोगों ने प्रदर्शन किया।

**बीकानेर, (कासं)।** बीकानेर में अम्बेडकर सर्कल के पास रंजिश को लेकर सोमवार शाम को एक युवक पर फायरिंग व हथियारों से जानलेवा हमले के विरोध में मंगलवार को शहर में बवाल रहा। अलसुबह से ही आक्रोशित लोग कोटगेट पर एकत्रित हो गए। वारदात में नामजद तथा अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर प्रदर्शनकारियों ने मुख्य बाजारों की दुकानें बंद करा दी।

दवा विक्रेताओं ने पहले से ही बेमियादी बंद की घोषणा कर रखी थी। मंगलवार को दिनभर शहर में माहौल तनावपूर्ण रहा। इस बीच पुलिस प्रशासन ने आन्दोलनकारियों से कई बार समझाइश की कोशिश की। लेकिन कुछ हुड़दंगी लोगों की वजह से माहौल शांत नहीं हुआ। आखिरकार पुलिस ने सख्ती दिखाई और जहां भी शहर में भीड़ दिखी, उसको वहां से बल प्रयोग कर खदेड़ दिया।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश यादव ने कहा कि घटना के दोषी जो भी लोग होंगे वे गिरफ्तार होंगे लेकिन घटना की आड में मामले को साम्प्रदायिक रंग देने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। पुलिस की सख्ती व सर्व समाज के नेताओं की समझाइश के बाद ही शहर में साम्प्रदायिक सदभाव को ठेस नहीं लगी और देर शाम तक आखिरकार भीड़ खत्म हो गई। मंगलवार को दिन में शहर में कई स्थानों पर सड़कों पर उतरे प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प भी हुई। रामपुरिया कॉलेज क्षेत्र में दो पक्षों में पथराव हुआ। पथराव में एक युवक के चोट लगी।

वहीं पुलिस प्रशासन ने आंदोलन के अगुवा पांच जनों को हिरासत में ले लिया, जिससे एक बारगी माहौल गर्म हो गया। शाम को संभागीय आयुक्त, बीकानेर रेंज पुलिस महानिरीक्षक, जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक ने सर्व समाज के प्रतिनिधियों से वार्ता की। शाम होते-होते मामला सुलटा। इसके बाद जिला व पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली। शाम को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद मामला शांत हुआ।

ये था मामला : सोहन कोठी के पास तेजू गहलोत के बहनोई राजेश तंवर ने एक दुकान किराये पर ले रखी है। इस दुकान पर मोहम्मद गुल व अन्य लोगों ने जबरदस्ती कब्जा कर लिया। इसके चलते पूर्व में कोटगेट थाने में मामला भी दर्ज है। अब इसी रंजिश को लेकर सोमवार को फायरिंग तथा जानलेवा हमले की घटना हुई। तेजू पर जानलेवा हमला करने पर परिवादी प्रकाश सोलंकी की रिपोर्ट पर मोहम्मद गुल, साजिद, सदीक, सद्दाम, इरफान, जफार, शाहरुख, सिकंदर सहित पांच-सात अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोटगेट थाना क्षेत्र के अम्बेडकर सर्कल पर सोमवार शाम को रानीबाजार निवासी दवा विक्रेता तेजकरण गहलोत अपने दोस्त प्रकाश सोलंकी के साथ बाइक पर जा रहा था। तभी वहां पहले से घात लगाये बैठे बदमाशों ने तलवारों, सरियों से हमला कर दिया। आरोपियों ने उसके पैरों में गोलियां मारी, जिससे वह जख्मी हो गया। यह पूरा घटनाक्रम यहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। घटना के विरोध में रात को ही लोग विरोध में उतर आये। अम्बेडकर सर्कल पर टायर जलाकर विरोध जताया। मंगलवार की शाम हिन्दु जागरण मंच के नेता जेठानंद व्यास रिहाई के बाद यहां कलेक्ट्रेट के सामने पहुंचे और कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया।

**फायरिंग के विरोध में ज्ञापन सौंपा :** सोमवार को बीकानेर के अम्बेडकर सर्किल क्षेत्र में सरेआम हुई जबरदस्त मारपीट, तलवार बाजी और फायरिंग की घटना के विरोध में मंगलवार को शहर और देहात भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रशासन से वार्ता कर आरोपियों को गिरफ्तार करने और शहर में शांतिपूर्ण माहौल बनाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

प्रशासन से वार्ता करने वाले भाजपा प्रतिनिधिमंडल में शहर जिलाध्यक्ष अखिलेश प्रताप सिंह, देहात जिलाध्यक्ष ताराचंद सारस्वत, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुमताज अली भाटी, जिला महामंत्री मोहन सुराणा, कुंभनाथ सिद्ध, जिला उपाध्यक्ष अशोक प्रजापत, भगवान सिंह मेड़तिया, जिला मंत्री और मीडिया प्रभारी मनीष आचार्य, दीपक पारीक, पार्षद जितेंद्र सिंह भाटी, देहात जिला मंत्री अरविन्द चारण आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त

### स्कूलों में बच्चों के वैक्सीन लगी

**रींगस।** स्कूली बच्चो को कोरोना से बचाने के लिए स्कूलो में बच्चो का वैक्सीनेशन किया जा रहा है। कोरोना की डोज शहर की सीसीए शिक्षण संस्थान,टैगोर शिक्षण संस्थान,महला सहित अनेक स्कूलो में मंगलवार को बच्चों का टीकाकरण किया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉ विनोद गुप्ता ने बताया की बच्चो का वैक्सीनेशन किया जा रहा है। परिजन लापरवाही नही बरते अपने बच्चो को वैक्सीन जरूर लगवाये। इस दौरान अनेक शिक्षण मौजूद थे।

### पार्षद दूसरे दिन भी धरने पर

**थानागाजी।** कस्बे के नगर पालिका कार्यालय के सामने कल रात से धरने पर मौजूद पार्षद मोहनलाल एवं बाबूलाल सैनी का कहना है कि जब तक निष्पक्ष रुप से जांच का आश्वासन नहीं मिलता तब तक धरना अनिश्चितकालीन जारी रहेगा। वहॅं नगर पालिका अधिशासी अधिकारी अरुण शर्मा ने बताया कि दोनों पार्षद निविदाओं में गड़बडी के आरोप लगा रहे हैं जबकि निविदाओं की प्रक्रिया ऑनलाइन है जिसमें किसी भी प्रकार की गड़बडी संभव नहीं है। उक्त दोनों पार्षदों के खिलाफ कार्यवाही करने को लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत करवा दिया गया है।

### अस्पताल को उपकरण भेंट किये

**खैरथल।** अलवर लोकसभा व राज्यसभा सांसद, जिला प्रमुख और विधायक रहे स्वर्गीय डॉक्टर हरिप्रसाद शर्मा की धर्मपत्नी द्वारा बेटों गौतम शर्मा व विक्रम शर्मा के साथ सरकारी अस्पताल पहुंच कर अनेक उपकरण व जरुरी सामान भेंट किया। राजकीय सेटेलाइट चिकित्सालय के प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर नितिन शर्मा ने बताया कि भेंट किए गए उपकरणों व सामान में एक क्रेशकार्ट,दो सैक्शन मशीन,दो व्हील चेयर,दो स्ट्रेचर,तीन बेडसाइड स्क्रीन,तीन ओवर बेड ट्राली,और दस आई वी स्टैंड आदि शामिल हैं। इस अवसर पर धर्मवीर,करण,किशन छंगाणी व स्टाफ मौजूद रहे।

### मासिक समीक्षात्मक बैठक 24 को

**दौसा,** (निसं)। बीस सूत्री कार्यक्रम की द्वितीय स्तरीय समिति की मासिक समीक्षात्मक बैठक 24 जनवरी को प्रात:10:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर पीयुष समारिया की अध्यक्षता में आयोजित की जावेगी। मुख्य आयोजना अधिकारी पुखराज मीना ने बताया कि बैठक में गत माह दिसम्बर 2021 तक अर्जित बीस सूत्री कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा एवं अन्य बिन्दु अध्यक्ष महोदय की अनुमति से चर्चा की जावेगी।

### दूध व पनीर के सैंपल लिये

**अलवर,** (निसं)। जिले में शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत मंगलवार को जिले में की गई कार्रवाई। जिला कलक्टर नन्नूमल पहाडिया ने बताया कि ने बताया कि संयुक्त जांच दल द्वारा बहरोड में मैसर्स मनीष फूड्स सोतानाला एवं मैसर्स सनराइज मिल्क प्लांट में दूध के सेम्पल लिये तथा मैसर्स होटल हाईवे किंग बहरोड से पनीर का सैंपल लिया गया। संयुक्त जांच दल में उपखण्ड अधिकारी बहरोड एसएस चेतिवाल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी आसमदीन खान, डेयरी विभाग से ोगेश सहित एलटी संतोष मीना उपस्थित रहे।

# तीन वर्षों में क्षेत्र में100 करोड़ रुपये लागत की सड़कें बनवाई हैं: बैरवा



एफसीआई गोदाम से वनस्थली मोड तक के सड़क निर्माण कार्य का विधायक व पालिका अध्यक्ष ने शिलान्यास किया।

**निवाई,** (निसं)। विधायक प्रशांत बैरवा ने उपखण्ड मुख्यालय पर विभिन्न कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। मंगलवार की सुबह विधायक प्रशांत बैरवा ने बस स्टैण्ड पर स्थित पीडब्ल्यूडी परिसर में सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता कार्यालय का विधिवत रूप से उद्घाटन किया।

- विधायक ने एफसीआई गोदाम से वनस्थली मोड तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया
- अधिशाषी अभियंता कार्यालय का उद्घाटन किया

इस अवसर पर विधायक प्रशांत बैरवा ने कहा कि तीन वर्षों में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने क्षेत्र में 100 करोड़ रूपये लागत की सड़कें बनवाई हैं तथा आगामी दो वर्षों में 200 करोड रूपये की सडकें और बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि वनस्थली मोड से अजमेर जिले की सीमा तक 100 किलोमीटर लंबी एमडीआर रोड, ललवाडी मोड से दत्तवास तथा बरोनी से शिवाड तक एमडीआर रोड बनाने की घोषणा की। इस अवसर पर विधायक बैरवा ने कहा कि शहर में यात्रियों की सुविधा के लिए वर्तमान में संचालित रोडवेज बस स्टेण्ड पर ही वातानुकूलित बस स्टैंड बनाया जाएगा। इसके लिए परिवहन विभाग प्राधिकरण के नाम रजिस्ट्री करवा दी गई है।

उन्होंने इस अवसर पर करीब डेढ करोड रूपये की लागत से दो माह बाद में बस स्टैंड का कार्य शुरू हो जाने की घोषणा की। बस स्टैंड पर टूटी सभी दुकानों के दुकानदारों को दुकानें देने की भी विधायक ने घोषणा की। अतिरिक्त मुख्य अभियंता आर.एस.बैरवा ने कहा कि अधिशाषी अभियंता कार्यालय खुलने से क्षेत्र में सडक़ों का जाल बिछ जाएगा और शीघ्र ही खराब सडकों के रिनोवेशन के लिए 40 करोड रुपये खर्च कर 198 किलोमीटर सडक़ बिल्कुल ठीक करवा दी जाएगी।

इसके बाद विधायक प्रशांत बैरवा ने एफसीआई गोदाम से बनस्थली मोड़ तक निर्मित होने वाले सडक़ का शिलान्यास किया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष दिलीप ईसरानी ने कहा कि विधायक के नेतृत्व में शहर के विकास हेतु नए आयाम स्थापित किया जाएगा। इसके बाद विधायक ने नटवाडा से गोपलपुरा तथा सुखपुरा सडक़ नटवाड़ा का शिलान्यास किया। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष महावीर प्रसाद पराणा, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश चौधरी, जिला सचिव प्रदीप पारीक, रमेशचंद्र अग्रवाल, श्रीराम चौधरी, राजेश गुरुजी, अधीक्षण अभियंता धनपत सिंह, उपखंड अधिकारी त्रिलोकचंद बैरवा, तहसीलदार प्राजंल कंवर, विकास अधिकारी डॉ.सरोज बैरवा, अधिशाषी अधिकारी महिमा डांगी, सहायक अभियंता रविन्द्र कुमार, आर.जी. सेवलिया, संजय किशन बैरवा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## 9 दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा संकीर्तन का हुआ समापन

**कोटपूतली।** निकटवर्ती ग्राम अमाई स्थित श्री भोमिया बाबा मंदिर में आयोजित की जा रही 9 दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा संकीर्तन का मंगलवार को समापन हुआ।

इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी शंकर लाल कसाना के सानिध्य में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। जहाँ बड़ी संख्या में ग्रामीणों समेत महिलाओं ने आहुति दी। साथ ही श्रीराम कथा कलश को भी विसर्जित किया गया। समापन पर आयोजित पौषबड़ा भण्डारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए कसाना ने कहा कि धर्म ही भारतीय समाज की आत्मा है।

भगवान श्रीराम विश्वभर में पूरी मानव जाति के लिए आदर्श है। केन्द्र की मोदी सरकार व यूपी की योगी सरकार ने अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया है। जो करोड़ों हिन्दूओं की आस्था के प्रतीक है। इस दौरान मनोहर कसाना, सरपंच लीलाराम कसाना, रामनिवास कसाना, बगुला प्रसाद स्वामी, दिलीप यादव, सहमाल कसाना, रामजीलाल भगतजी, रमेश सोनी, मुकेश कसाना, हरिनारायण शर्मा, रामौतार शर्मा, गुलाराम समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु व ग्रामीण मौजूद थे।

## उमंग और उल्लास से भरा माहौल ऊर्जा प्रदान करता है: मेहता

**खैरथल,** (निसं)। लायंस क्लब के अध्यक्ष अभिषेक गोयल की अध्यक्षता में लायंस व लियो क्लब का संयुक्त नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

क्लब के रीजन चेयरमैन लायन डॉ रिंकू मेहता के मुख्य आतिथ्य में आयोजित समारोह ध्वज वंदना से शुरू होकर राष्ट्रगान के साथ समापन हुआ।

प्रांतीय स्थायी सेवा गतिविधि कोऑर्डिनेटर पीएमजेएफ सुनील अरोड़ा ने अपने विचार रखे व स्थायी सेवा गतिविधि अनवरत करते रहने पर जोर दिया। इसके प्रभाव से सदन ने सर्वसम्मति से 50 सीमेंट निर्मित बैंच विभिन्न स्थानों पर लगाने का निर्णय लिया। हनुमान पहाड़ी क्षेत्र में नगर पालिका के पार्क को गोद लेकर उसका रख रखाव,सर्दी को देखते हुए जरूरतमंदों को गर्म ऊनी कंबलों का वितरण आदि जन कल्याणकारी कार्य करने का निर्णय लिया।

आगामी वर्ष 2022-23 की नई कार्यकारिणी गठन के लिए चुनाव कमेटी का गठित की गई। 26 फरवरी को आयोजित होने वाली रीजन कॉन्फ्रेंस को सफल बनाने के लिए सभी लायन व लियो सदस्यों को जिम्मेदारी देकर कमेटियों का गठन किया गया। गंगापुर सिटी में आयोजित होने वाली तृतीय केबिनेट मीटिंग में शामिल होने का निर्णय लिया ।सभी सदस्य सपरिवार उपस्थित रहे।

एचडीएफसी बैंक खैरथल के शाखा प्रबंधक रूपेश गुप्ता को असिस्टेंट वाईस प्रेसिडेंट बनने पर स्वागत किया गया । प्रांतीय स्थायी सेवा गतिविधि कॉर्डिनेटर सुनील अरोड़ा ने रीजन चेयरमैन डॉ रिंकू मेहता को उत्कृष्ट सेवा कार्य करने पर इंटरनेशनल से आए हुए सर्टिफिकेट व पिन भेंट कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

रीजन चेयरमैन डॉ रिंकू मेहता ने कहा कि उमंग और उल्लास भरा माहौल ऊर्जा प्रदान करता है। अध्यक्ष अभिषेक गोयल व विपुल वलेचा ने कहा कि ऐसे पारिवारिक आयोजनों से भाईचारा बढ़ता है। कार्यक्रम में वरिष्ठ सदस्य बाबूलाल डाटा, विनोद वलेचा, सुभाष गोयल, सतीश गुप्ता, डॉ प्रदीप मलिक, शिव खंडेलवाल, नीतेश डाटा,ललित सिंघानिया, सीए ललित गुप्ता, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, अभिषेक गोयल आदि सदस्य मौजूद रहे।

# भारी वाहनों से लोग परेशान, घरों में आईं दरारें

**रींगस,** (निसं)। शहर में भारी वाहनों के प्रवेश के बाद लोगों की मुशिबतें भी बढ़ने लगी हैं।

पुलिया के मरम्मत के चलते जयपुर से सीकर जा रहे वाहनों को रींगस शहर से निकाला जा रहा है। इससे लोगों का सड़क पार करना भी मुश्किल भरा हो गया है। वहीं भारी वाहनों की कंपन से लोगों के मकान भी थर्राने लगे हैं। इसके चलते अनेक लोगों के घरों की दीवारों में दरारें भी पड़ने लगी है।

- पुलिया के मरम्मत के चलते जयपुर से सीकर जा रहे वाहनों को रींगस शहर से निकाला जा रहा है

गौरतलब है कि पुलिया व सड़क के मरम्मत का काम करीब 25 दिनों तक चलने की संभावना है। भारी वाहनों के जमावड़े का असर इतना अधिक है कि लोग सड़क ही पार नहीं कर पा रहे हैं। लोगों का कहना है कि जिस पुलिया व सड़क का मरम्मत का काम किया जा रहा है उसी पुलिया व सड़क को पहले बनाते समय भारी वाहनों को उसी से सटी सड़क जयपुर सीकर पर चलाया जा रहा था।


एक घर में आई दरार।

दोनों तरफ के वाहन इसी में आसानी से चल रहे थे। लेकिन अब जयपुर से सीकर जा रहे वाहनों को रींगस से गुजारा जा रहा है जो लोगों के चिन्ता का विषय बनता जा रहा है। इससेलोगो के रोजमर्रा के मा भी प्रभावित हो रहे है।

# बच्चों में वैक्सिनेशन के प्रति उत्साह: जिला कलेक्टर

**दौसा,** (निसं)। जिला कलेक्टर पीयुष समारिया ने मंगलवार को जिला मुख्यालय पर संचालित वैक्सिनेशन सेंटरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आमजन से टीकाकरण करवाने व कोरोना नियमों की पालना करने व करवाने की अपील की।

- जिला कलेक्टर पीयुष समारिया ने वैक्सिनेशन सेंटरों का निरीक्षण किया

जिला कलेक्टर पीयुष समारिया ने बताया कि जिले में 15 से 18 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों में वैक्सिनेशन के प्रति उत्साह है। उन्होने बताया कि वैक्सीनेशन के पहले दिन जिले ार के किशोर.किशोरियों में खासा उत्साह देखने को मिला। जिले में स्थापित कोविड टीकाकरण केन्द्रों पर स्वास्थ्य कार्मिकों द्वारा ब चों का वैक्सीनेशन किया गया। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में टीकाकरण की गति ब?ाकर साी स्कूलों में व्यापक स्तर पर टीकाकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीएमएचओ को निजी व सरकारी स्कूलोंए हास्टल आदि में स्थानीय प्रशासन से बात कर कैंप लगाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस आयु वर्ग के बच्चों में वैक्सीनेशन के प्रति जागरूकता के लिए ाी व्यापक स्तर पर अािायान चलाया जाएगा। 15 से 18 वर्ष तक के लााार्थियों के वैक्सीनेशन के लिए कोई ाी व्यक्ति कोविन पोर्टल पर पंजीकरण करवाकर वैक्सीनेशन करवा सकता है। उन्होंने बताया कि 15 से 18 वर्ष आयु के समस्त बच्चे 2007 या उससे पूर्व में जन्मे बच्चे पंजीकरण करवा सकते हैं। उन्होने कहा कि ज्यादा से ज्यादा वैक्सीनेशन करवा कर ही हम कोरोना जैसी महामारी से बचाव कर सकते हैं। जिला कलक्टर ने जिले वासियों से अपील की है कि जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जिन लोगों ने टीकाकरण नही करवाया है वे अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रए पीएचसीए सीएचसी पर जाकर कोरोना का टीका लगवा सकते है। टीकाकरण से ही कोरोना जैसी महामारी पर नियंत्रण किया जा सकता है।

## भक्तावर मल टाक विश्राम गृह में रैन बसेरा शिफ्ट

**सांभरझील।** इंदिरा गांधी प्रियदर्शनी अवार्ड से सम्मानित व सांभर नगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय रामगोपाल टांक की ओर से अपने पिता भक्तावर मल टाक की स्मृति में रोडवेज बस स्टेण्ड पर वर्ष 1989 में बनवाये गये विश्राम गृह को पालिका प्रशासन की ओर से अस्थायी रैन बसेरा बनाया गया है।

इस रैन बसेरा में महिलाओं व पुरूषों के लिये दो खण्डों में ठहरने की व्यवस्था की गयी है, जहां पर बेसहारा लोग ठण्ड में रात्रि विश्राम कर सकेंगे। ईओ शिवराज कृष्णा व चेयरमेन बालकिशन जांगिड़ ने बताया कि रैन बसेरा में पर्याप्त रजाई-गद्दे का इंतजाम किया गया है, तथा इसके लिये पालिका की ओर से खास ध्यान रखा गया है। बता दें कि पूर्व में पालिका प्रशासन की ओर से दरबार स्कूल रोड के नजदीक सार्वजनिक अम्बेडकर भवन में रैन बसेरा बनाया गया था, लेकिन अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश बृजेश कुमार की ओर से रैन बसेरा का औचक निरीक्षण करने के दौरान उक्त स्थल को उपयुक्त नहीं बताते हुये बस स्टेण्ड, रेलवे स्टेशन के आसपास ऐसी जगहों पर रैन बसेरा लगाने के निर्देश प्रदान किये गये जहां पर बेसहारा लोगों की आसानी से नजर पड़ सके और ऐसे लोग ठण्ड से बचने के लिये रात्रि विश्राम कर सके। पालिका प्रशासन को दिये गये निर्देश की अनुपालना में मंगलवार को पालिका प्रशासन की ओर से रैन बसेरा को उक्त जगह से हटाकर रोडवेज बस स्टेण्ड पर बनवाये गये विश्राम स्थल पर नये सिरे से स्थापित किया गया।

## पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन

**राजगढ़।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम ढिगावडा मैं नामदेव भगवान मंदिर पर छीपा समाज की ओर से नव वर्ष मिलन समारोह एवं पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया।


इस समारोह में मुख्य अतिथि अलवर जिला अध्यक्ष दिलीप दोसा या के आतिथ्य में भगवान नामदेव मंदिर में पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न घटकों को एक साथ मिलकर आगामी कार्यक्रम बड़े स्तर पर किए जाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर आपसी मतभेद भुलाकर समाज के हित में एकजुट एवं मजबूती से कार्य करने का आ ान किया। इस अवसर पर वर्तमान अध्यक्ष मंगतू राम एवं अन्य ने मंदिर परिसर में भव्य सजावट एवं फूल मालाओं सहित झांकी सजाई जो प्रमुख आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर धर्म लाभ कमाया। इस अवसर पर किशन लाल, रमेश चंद्र, गिरधारी लाल , गौरीशंकर कृष्ण एवं दीपक, राजेंद्र, जीतेंद्र एवं समाज के अनेक महिला-पुरुष मौजूद रहे।

# लसाड़िया पंचायत में नरेगा कार्यों में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया

**फागी,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र की लसाड़िया ग्राम पंचायत क्षेत्र में लसाड़िया तालाब पर ग्रेवल सड़क का नरेगा के द्वारा हो रहे कार्यों में जमकर फर्जीवाड़ा हो रहा है।

एक श्रमिक ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं प्रभावशाली लोगों के परिवार जनों की घर बैठे ही हाजिरी हो रही है, इसकी शिकायत संबंधित विभाग के अधिकारियों को करने के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं हो रही जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों में प्रशासन के खिलाफ रोष व्याप्त है।

समाजसेवी एवं पंचायत क्षेत्र के जागरूक युवा नेता दिनेश छावड़ी सहित मन्नाराम कोली, राजेश सैन, पूरण योगी, रामराज गुर्जर ने बताया कि ग्राम पंचायत लसाड़िया में वर्तमान में एक मस्टरोल पर कार्य चल रहा है जिसमें आधे ही मजदूर जाते हैं और आधे लोगों की घर बैठे ही हाजिरी हो रही है तथा जो लोग पंचायत में अपना वर्चस्व जताते हैं, उनके ही परिवार के सदस्यों के नाम लिखा जा रहा है जो न तो साइड पर जाते है और घर बैठे ही हाजिरी करवाते हैं।


फागी उपखंड की लसाडिया पंचायत मुख्यालय पर नरेगा कार्य स्थल पर मैट द्वारा श्रमिकों की फर्जी हाजिरी लगाने के मामले को लेकर जागरूक लोग आपस में उलझ गये।

युवा कार्यकर्ता दिनेश छाबडी ने बताया कि इस धांधली में नरेगा मेट की भी मिलीभगत है।

- जनप्रतिनिधियों एवं प्रभावशाली लोगों के परिवार जनों के लिखे जा रहे हैं फर्जी नाम
- सूचना के बाद भी नहीं हो रही प्रभावशाली लोगों के ऊपर कारवाई

मेट का कहना है कि मेरे ऊपर लगाए गए आरोप निराधार हैं नरेगा में नंबर नहीं आने वाले लोग ही विरोध कर रहे हैं जो गलत है। नरेगा सचिव का कहना है कि नरेगा कार्य में जाने वाले लोगों की ही उपस्थित दर्ज होती है, क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति नरेगा में लगने के लिए आवेदन करता है उसी का नंबर आता है।

## वैक्सिनेशन को लेकर युवाओं में उत्साह

**पावटा।** पावटा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पर 15 से 18 वर्ष के युवाओं का वैक्सीनेशन शुरू किया गया। 15 से 18 वर्ष के युवाओं के कोवैक्सीन ही डोज लगाई जा रही है। अभिभावकों द्वारा भी अपने बच्चों को कोरोना टीकाकरण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मंगलवार को पावटा सीएच सी केंद्र द्वारा 733 किशोरवय युवाओं को कोरोना वैक्सीनेशन की प्रथम खुराक लगाई गई। बीसीएमओ डॉ. सुनील मीणा व सीएचसी प्रभारी डॉ. देवेंद्र शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को एलएचवी सुरजीत कौर ने एएनएम अनिता सुनीता, सीएसए मुकुंद पटेल, जयसिंह, भीम सिंह के सहयोग से 15 से 18 वर्ष के कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर 99, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 560, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मे 74 कुल 733 युवाओं को डोज लगाई गई। वहीं बीसीएमओ डॉ. सुनील मीणा ने बताया कि कोरोना टीकाकरण को लेकर अलग-अलग टीमों का भी गठन किया गया।

## सार-समाचार

### विधायक रामलाल शर्मा ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया



चौमूं / कालाडेरा। चौमूं विधायक रामलाल शर्मा ने मंगलवार को मानवता की मिसाल पेश की। विधायक रामलाल शर्मा चौमूं उपखण्ड में आयोजित सड़क के शिलान्यास कार्यक्रम में जाने के दौरान गोविन्दगढ से गुजरने वाले एन एच 52 पर बायक सवार दो लोगों को घायल अवश्ता में तड़पता देख तत्काल प्रभाव से दोनों घायलों को अपनी गाड़ी से गोविन्दगढ के राजकीय अस्पताल में इलाज के लिए भिजवाया गया एवं घायलों का तत्काल प्रभाव से इलाज करने के लिए डॉक्टर्स को निदेशित किया गया। वहीं विधायक रामलाल शर्मा के द्वारा किए गए इस कार्य को चौमूं विधानसभा के लोगों के द्वारा सोशल मीडिया पर आपस में एक दुसरे को भेजा जा रहा है। गौरतलब है कि विधायक रामलाल शर्मा हमेशा से ही जरुरत मन्द लोगों की मदद के लिए तत्पर रहते हैं।

### आचार्य महाश्रवण का मंगल प्रवेश



**बोराज।** अहिंसा यात्रा प्रेणेता आर्चाय श्री महाश्रवण जैन मुनि का ससंघ मंगलवार प्रात: कस्बे में मंगल प्रवेश हुआ। पंकज कुमार जैन ने बताया कि जैन समाज सहित कस्बे के सभी धर्मो के लोगों ने ससंघ आचार्य का स्वागत कर अगवाही की गई। दूदू विधायक बाबूलाल नागर ने भी आचार्य श्री से आर्शीवाद प्राप्त किया । इस मौके पर सरंपच सुरेन्द्र सिंह मीणा ,पुर्व संरपच पे मचन्द टेलर ,प्रधानाचार्य गीता राजावत सहित काफी संख्या मे गणमान्य लोगो ने आचार्य श्री के दर्शन लाभ उठाकर आर्शीवाद लिया।

### जिला कारागृह का निरीक्षण किया

**टोंक।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश टोंक डॉ. रूबीना परवीन अंसारी द्वारा जिला कारागृह टोंक का निरीक्षण कर सम्पूर्ण व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान बंदियों की समस्याओं को सुना गया व मौके पर ही अधीक्षक को उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान बंदियों को कारागृह में मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं व बंदियों से उनके मुकदमों की स्थिति एवं अधिवक्ता के संबंध में जानकारी प्राप्त कि जाकर निशुल्क विधिक सहायता के तहत प्राधिकरण द्वारा अधिवक्ता उपलब्ध करवाने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। न्यायाधीश द्वारा जेल परिसर की साफ सफाई, महिला एवं पुरूष बैरक, परिसर का भी निरीक्षण किया गया एवं निरीक्षण के भोजन कि गुणवत्ता को जांचा गया।

### अवैध बजरी सहित तीन ट्रैक्टर जब्त

**मालपुरा** (निस) पचेवर थाना पुलिस ने मंगलवार को दौराने गश्त अवैध बजरी परिवहन करते तीन ट्रेक्टर-ट्रोली जप्त कर एक चालक को गिरफतार किया। थाना प्रभारी नरेन्द्र सिंह ने बताया कि अवैध बजरी खनन व परिवहन की रोकथाम के लिए जिला पुलिस अधिक्षक ओमप्रकाश व एएसपी राकेश कुमार बैरवा के आदेशानुसार डीवाईएसपी सुशीलमान के निर्देशन में दौराने गश्त के राजपुरा बास से कल्याण नगर के बीच बजरी से भरे ट्रेक्टरों को आते देख नांकेबंदी की गई तो पुलिस टीम को देख दो ट्रेक्टर चालक ट्रेक्टर छोड जंगल में भाग छूटे तो पुलिस टीम ने एक ट्रेक्टर चालक प्रधान पुत्र काना बागरिया निवासी अजीतपुरा को गिरफ्तार कर अवैध बजरी से भरे तीन ट्रेक्टर-ट्रोली को जप्त कर फरार दो ट्रेक्टर चालको सहित गिरफतार एक नामजद चालक के विरूद्ध एमएमडीआर एक्ट मे मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

### 101 गरीब बच्चों को जर्सियां दी

**किशनगढ बास,** (निसं)। गांव लंगडबास के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में एसडीएम ओमप्रकाश सहारण की उपस्थिति में 70 परिवारों के 101 गरीब निर्धन बालक बालिकाओं को शिक्षकों के सहयोग से जर्सी का वितरण किया गया। सर्दी के मौसम में जर्सी पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। विद्यालय प्रधानाचार्य बंसीधर रेगर ने बताया मंगलवार को विद्यालय के 16 कार्मिकों के सहयोग से 101 गर्म वस्त्रों का वितरण विद्यालय में अध्ययन के लिए आने वाली बालक बालिकाओं को किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किशनगढ़ बास एसडीएम ओमप्रकाश सहारण रहे। इस मौके पर एसडीएम ओमप्रकाश सहारण ने विद्यालय कार्मिकों की ओर से गरीब निर्धन बच्चों को सर्दी के मौसम में गर्म वस्त्र उपलब्ध कराए जाने की पहल की सराहना करते हुए कहा ऐसे पुनीत कार्य इंसान को जीवन में करते रहना चाहिए उन्होंने कहा गरीब जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करना किसी पुण्य से कम नहीं है।

### मारपीट के अलग-अलग मामले दर्ज

**कोटपूतली।** स्थानीय थाने में मारपीट के दो अलग-अलग मामले दर्ज हुए है। पुलिस के अनुसार कस्बे के निकटवर्ती ग्राम दादुका निवासी एक विवाहीता ने यहां थाने में कुछ लोगों पर मारपीट का आरोप लगाते छोटी देवी पत्नी सेडुराम रैगर ने रिपोर्ट में बताया है कि मंगलवार सुबह करीब 9बजे वह अपने घर के अन्दर काम कर रही थी इसी दौरान उसका जेठ कानाराम, सीताराम, विक्रम, राहुल निवासी राजनौता एकराय होकर हाथों में हथियारों से लैस होकर आये और उसके व उसके पुत्र को जान से मारने की नियत से घर में घुसते हुए गाली गलोच करते हुए उन पर हमला कर दिया। इस दौरान उसके व उसके दोनों पुत्रों सोनू व रवि को चोटें आई है। इसी तरह कस्बे के वार्ड नं.8 मौहल्ला बुचाहेड़ा निवासी रितू पत्नी धर्मेन्द्र कुमार शर्मा ने रिपोर्ट में बताया है कि उसके भतीजे टिंकू ने उसे गन्दी विडीयो दिखाई जब उसने उसे धमकाया तो टिंकू व उसकी मां ने उसके साथ मारपीट की पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### कोरोना रोकथाम को लेकर बैठक

**टोंक,** (निसं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक की सचिव डॉ. रूबीना परवीन अंसारी द्वारा वर्तमान में प्रसारित हो रहे कोरोना वायरस के ऑमिक्रॉन वेरिऐन्ट की रोकथाम एवं विभाग द्वारा की गई तैयारियों के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी टोंक के साथ बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक में आयोजित की गई। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक नें बताया कि बैठक के दौरान कोविड-19 के संबंध माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर प्रदान किये गये दिशा-निर्देशों की पूर्णत: पालना सुनिश्चित किये जाने हेतु विचार-विमर्श किया गया एवं रणनीति तैयार की गई। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी टोंक डॉ. अशोक यादव ने चिकित्सा विभाग टोंक द्वारा कोविड-19 महामारी से निपटने हेतु की गई तैयारियों, वर्तमान में चल रहे कोविड वैक्सीनेषन कार्यक्रम व अन्य समस्त व्यवस्थाओं एवं वर्तमान में कोविड-19 संक्रमण से पीडित व्यक्तियों की संख्या, कोविड हेतु रिर्जव बेड एवं चिकित्सालयों की संख्या अब तक जिले में करवाये गये वैक्सीनेशन आदि के संबंध में जानकारी साझा की।

### स्कूलों में टीका लगाने का निर्णय

**बोराज।** कोरोना महामारी की तीसरी लहर की आशंकाओं के बीच 15 से 17 वर्ष आयुवर्ग के बच्चों का सोमवार से कस्बे के सीएचसी सेन्टर पर कोरोना वेक्सीनेशन शुरू किया गया । सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी डाँ राजेन्द्र कुमावत ने बताया कि इस उम्र के अधिकांश बच्चे अभी स्कूलों में अध्ययनरत है। वर्तमान में कोरोना के लगातार बढते केसों को देखते हुऐ क्षेत्र की कोविड 19 कोर कमेठी बैठक में मंगलवार को यह निर्णय लिया गया कि इन बच्चों का टीकाकरण स्कूल में ही कर दिया जाये।

## संक्षिप्त

### बस ऑपरेटर एसोसिएशन की बैठक

**टोंक।** बस ऑपरेटर एसोसिएशन राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर टोंक डीईओ ऑफिस के सामने बैठक हुई। चुनाव प्रभारी भानु प्रताप उपाध्याय ने बताया कि आगामी होने वाले चुनाव में बस ऑपरेटर एसोसिएशन राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष पद प्रत्याशी सत्यनारायण साहू को सभी बस ऑपरेटर श्योजी राम चौधरी , राजेश चौधरी , बालमुकुंद गोयल, छोटू मीणा, बहादुर महेश्वरी , मुकेश सैनी, घनश्याम जांगिड , अजीज आदि बस ऑपरेटर ने माला साफा पहनाकर प्रदेश अध्यक्ष पद प्रत्याशी सत्यनारायण साहू को समर्थन दिया और साथ हिमांशु साहु, ललित धुआं को भी माला पहनाकर स्वागत किया और बैठक में आगामी होने वाले चुनाव को लेकर रणनीति तैयार की।

### 2667 बालकों का हुआ वैक्सिनेशन

**चाकसू,**(निस)। ब्लाक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सोम्य पंडित ने बताया कि सोमवार को 15 से 18 आयु वर्ग के 1366 बालको को तथा मंगलवार को 1301 बच्चों को वैक्सीनेशन किया गया। चाकसू नगरपालिका क्षेत्र में यह कार्य तीन स्थानों पर राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल चाकसू (छात्र), राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल चाकसू में टीकाकरण का कार्यक्रम चालू है। कोरोना से लड़ाई को लेकर चल रहे इस महायुद्ध में 15 से 18 वर्ष तक के बालक बालिकाओं में डर के स्थान पर उत्साह देखने को मिल रहा है।

### दो बच्चे भीख मागंते मिले

**अलवर।** तेजस्वनी गौतम जिला पुलिस अधीक्षक अलवर के निर्देषानुसार जिले में नाबालिंग बच्चो द्वारा की जा रही भिक्षावृति की रोकथाम की कार्यवाही में एएचटीयू एवं चाईल्ड हैल्प लाईन के द्वारा सयुक्त कार्यवाही करते हुये भगतसिंह सर्किल अलवर पर दो नाबालिंग बच्चो को भिक्षावृति करते हुये पाये जाने पर रेस्क्यू कर, मैडिकल कराकर , पुर्नवास हेतु बाल कल्याण समिति अलवर के समक्ष पेष किया गया।

# खुद कोई व्यक्तिगत रूप से बींद नहीं बनेगा इसकी घोषणा तो केंद्र ही करेगा: पूनिया

**अलवर,** (निसं)। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया मंगलवार को अलवर आए। पूर्व मंत्री हेम सिंह भड़ाना के आवास पर पूनिया ने कहा कि सब नेताओं का अपना अस्तित्व है बहुत सी चीजें भविष्य के गर्भ में है। अभी तो सबका नैतिक धर्म हैं कि कांग्रेस को सत्ता से बाहर करना है। नेतृत्व का निर्णय तो आलाकमान को ही करना है।

भाजपा में सीएम के चेहरे के सवाल पर पूनिया ने कहा कि खुद कोई व्यक्तिगत रूप से बींद नहीं बनेगा। इसकी घोषणा तो केंद्र ही करेगा। मुझे तो हर हाल में खुशी है कोई बींद बनेगा तो मैं बाराती बनकर नाचने को भी तैयार हूं। मैं न नारे लगाने से बनूंगा न किसी के कहने से बनूंगा पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व सक्षम है। समय पर योग्य व्यक्ति के हाथ में नेतृत्व दिया जाएगा। उसके साथ हम सब लोग चलेंगे।

■ 'मैं न नारे लगाने से बनूंगा न किसी के कहने से बनूंगा, पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व सक्षम है'



भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया के अलवर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

हम सब पार्टी के अनुशासन में बंधे हैं फिलहाल मुझे संगठन की जिम्मेदारी दी हुई है। इसे मजबूती से काम करना है। सियासी बात को देखने का काम केंद्र का है। पार्टी के भीतर कोई विग्रह नहीं है। एक दिन पहले सीएम ने कहा था कि उनके पास रिपोर्ट आ रही है कि इस बार सरकार के खिलाफ एंटी इनकंबेंसी नहीं है। लेकिन पूनिया ने इसके जवाब में कहा कि ऐसा पहली बार देखा गया है कि किसी सरकार के बनने के 6 माह या एक साल बाद ही एंटी इनकंबेंसी शुरू हो गई हो। लेकिन भाजपा अपनी खूबी पर सरकार बनाने की तैयारी में जुटी हुई है।

पूनिया ने कहा कि विधानसभा उप चुनाव कांग्रेस सीएम के चेहरे पर नहीं जीती। वहां के समीकरण पर परिणाम आया है। उसके बाद पंचायत चुनाव के परिणाम में बीजेपी कांग्रेस से कहीं आगे खड़ नजर आती है। पूनिया ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने बेरोजगारों से अन्याय किया है। कोरोना की पाबंदी हटेगी उसके बाद भाजपा अलवर में कांग्रेस सभापति के चुनाव के ऑडियो को लेकर सरकार को घरेगी। पहले भी भाजपा की ओर से निंदा प्रस्ताव पारित किया गया है। इस दौरान जिलाध्यक्ष संजय नरूका, पूर्व विधायक रामहेत यादव, विधायक संजय शर्मा, संदीप दायमा, सुरेश मेहता सहित कई पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे। यहां से पहले पूनिया अलवर में भाजपा पदाधिकारी जितेंद्र गोयल की माता के निधन पर शोक व्यक्त करने के गए थे। उसके बाद कई जगहों पर उनको पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया है। पूनिया जीत मल जैन, प्रमोद विजय, कमल गोयल के घर भी पहुंचे थे।

## मिसिंग लिंक सड़कों का शिलान्यास

**चौमूं / कालाडेरा,** (निसं)। चौमूं विधानसभा क्षेत्र में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत मिसिंग लिंक सड़कों का शिलान्यास मंगलवार को सीकर सांसद सुमेधानंद सरस्वती एवं चौमूं विधायक रामलाल शर्मा द्वारा किया गया।

सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा कल्याण मोड से सीकर सीमा तक ग्राम सिंगोदकला में 1.30 किलोमीटर लंबाई की 33.80 लाख की लागत से तथा पेट्रोल पंप सड़क से बस स्टैंड खाल्डा चंदवाजी सड़क ग्राम कुशलपुरा में 1.40 किलोमीटर लंबाई की 39.20 लाख की लागत से सड़क का निर्माण कार्य होगा। शिलान्यास कार्यक्रम में सीकर सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि केन्द्र में मोदी जी की सरकार हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए लगातार विकास कार्यों के कीर्तिमान स्थापित कर रही है।

विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार में पिछले 3 सालों से विकास का पहिया अवरुद्ध है। सरकार द्वारा प्रत्येक विधानसभा में विकास पथ बनाने की घोषणा की गई थी परंतु पिछले 3 वर्षों में एक भी विकास पथ बनाने का काम सरकार ने नहीं किया और ना ही सरकार ग्राम पंचायतों में व्याप्त पेयजल की समस्या के लिए कोई समाधान निकालने का प्रयास कर रही है। सरकार सिर्फ जनता को गुमराह करने के लिए बजट घोषणा करना ही जानती है, उनमें से धरातल पर कोई काम नहीं होता है। कार्यक्रम में उपस्थित जनता को पंचायत समिति प्रधान रामस्वरूप यादव और पंचायत समिति उपप्रधान कमला देवी चौधरी ने संबोधित किया।

■ सीकर सांसद सुमेधानंद सरस्वती एवं चौमूं विधायक रामलाल शर्मा ने किया शिलान्यास

# प्रेम-सौहार्द के साथ सामाजिक समरसता बनाएं रखें: मुकूल

**टोंक,** (निसं)। टोंक कांग्रेस देहात अध्यक्ष एवं समाजसेवी एडवोकेट रामसिंह मुकूल ने टोंक शहर के वासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि टोंक शहर के लोग सामाजिक समरसता, प्रेम-सौहार्द व अमन पसंद है और सामाजिक समरसता के परिचायक है, इसलिए टोंक शहर के प्रेम सौहार्द, सामाजिक समरसता की सरिता को लगातार बहने के लिए भाईचारे के साथ रहे, टोंक शहर के हित में बेकार की बातों पर ध्यान नहीं दें।

■ 'टोंक शहर के हित में बेकार की बातों पर ध्यान नहीं दें'



टोंक कांग्रेस देहात अध्यक्ष समाजसेवी एडवोकेट रामसिंह मुकूल ने पत्रकारों से वार्ता की।

मुकूल मंगलवार को राजीव विधि महाविद्यालय में नववर्ष के मौके पर पत्रकारों से वार्ता रहे थे। एडवोकेट मुकूल ने कहा कि राजनैतिक पदाधिकारी होने से पहले में टोंक का नागरिक हूं और हम सभी लोग यहां प्रेम-भाईचारे व सामाजिक समसरता के साथ रहते हैं।

टोंक शहर के नागरिक सामाजिक समरसता बनाएं रखते हुए किसी भी प्रकार की बेव इस मौके पर पूर्व उपसभापति सलीमुद्दीन खान और कांग्रेस के युवा नेता हंसराज गाता ने भी शहरवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए टोंक में प्रेम भाईचारे की संस्कृति का ओर अधिक बढावा देने के लिए सामाजिक समरसता को महत्व देने का आव्हान किया।

## सार-समाचार

### 'धार्मिक अनुष्ठान से विचारों में परिवर्तन होता है'



**पावटा।** उपखंड क्षेत्र के लाडाकाबास के शिव मंदिर पर विधायक इंद्राज गुर्जर के मुख्य आतिथ्य व प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी व लाडाकाबास पूर्व सरपंच मदन यादव की अध्यक्षता में पौषबडा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान भगवान शिव के दरबार को भव्य सजाया गया। वहीं विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि ज्ञान एवं यज्ञ ऐसी चट्टान है, जिसे कोई नहीं हिला सकता। उसी प्रकार समाज में धार्मिक अनुष्ठान के आयोजन से लोगों के विचारों में परिवर्तन होता है। समाज में समरसता आती है । प्रसाद-ग्रहण करते हुए प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी व लाडाकाबास पूर्व सरपंच मदन यादव ने कहा इस तरह के धार्मिक अयोजनो के दौरान छत्तीस बिरादरी के लोग एक साथ एक स्थान पर बैठकर सामुहिक रूप से प्रसाद ग्रहण करते है, इससे समाज में आपसी भाईचारे, सदभाव व एकता को बढावा मिलता है। वहीं लाडाकाबास सरपंच सरोज यादव ने कहा कि धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन से समाज में आपसी भाईचारे की भावना मजबूत होती है। इस मौके पर जिला पार्षद विमला देवी, सरपंच सरोज यादव, पंचायत सदस्य सुरेश यादव, पूर्व सरपंच मदन यादव, राजेश यादव, साधुराम चौधरी, लक्ष्मीनारायण , पंच यालीराम जाजिम, रामचंद्र, उमराव, पप्पू, महिंद्र, रामकिशन, शिभू दयाल, अध्यक्ष सोसायटी हनुमान दास स्वामी, रामकिशन, गिरधारी, राम अवतार सहित हजारो श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

### पौषबड़ा प्रसादी का आयोजन



**मालपुरा,** (निसं)। पुरानी तहसील बारादरी बालाजी मंदिर परिसर में मंगलवार को बारादरी रामचरितमानस मंडल के तत्वावधान में विशाल हिन्दु समागम एवं पौषबडा प्रसादी महोत्सव का आयोजन हुआ। मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र जैन ने बताया कि इस अवसर पर दोपहर मैं महिला मंडल द्वारा सत्संग कर बालाजी महाराज को भजनों से रिझाया गया तो बालाजी व रामदरबार एवं शिव परिवार की सजी फूल बंगला झांकी मुख्य आर्कषण का केन्द्र रही। सांयकाल महाआरती कर पोषबडा प्रसादी का वितरण किया गया। शहर के अतिप्राचीन व चमत्कारी हनुमान मंदिर में आयोजित हिन्दु समागम में पहुंचे अतिथियों का मंडल की और से स्वागत सम्मान किया गया। पालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी द्वारा महाआरती का सौभाग्य प्राप्त किया।

### श्रद्धालुओं ने पाई प्रसादी



**नारायणपुर।** कस्बे के मानसरोवर जोहड में स्थित हनुमान मंदिर में मंगलवार को पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया । जिसमे भक्तो द्वारा हनुमान जी महाराज के हलवा-पकोडी का भोग लगाकर भंडारे का आयोजन किया गया । भंडारे में दुकानदारों सहित बास बैरिसाल मोहल्ले व आसपास क्षेत्र के सैकडो महिला, पुरुष एवं बच्चो ने पंगत प्रसादी ग्रहण की । शाम 4 बजे से मंदिर परिसर में भक्तो द्वारा कोरोना महामारी से बचाव व क्षेत्र में सुख शांति बनी रहे इसके लिए संगीतमय हनुमान चालीसा व सुंदरकांड पाठ किया गया । संपूर्ण कार्यक्रम ग्रामीणों के सहयोग से किया गया । इस मौके पर बडी संख्या में कस्बे के गणमान्य लोग मौजूद थे ।

### केदार शर्मा नगर अध्यक्ष बने

**चाकसू।** क्षेत्र के दो ऊर्जावान भाजपा कार्यकर्ताओं को नवीन दायित्व मिलने से नवयुवकों में उत्साह की लहर दौड़ गई। भारतीय जनता पार्टी जयपुर (दक्षिण) देहात मंडल अध्यक्ष रामानंद गुर्जर ने प्रदेशाध्यक्ष डॉ सतीश पूनिया के निर्देशानुसार 10 मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति जारी की है। इनमें शिवदासपुरा मण्डल का नव सृजन करते हुए युवा कार्यकर्ता अमित जैन निमोडिया को अध्यक्ष पद का दायित्व दिया है। इसी क्रम में चाकसू भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पद पर भाजपा के उत्साही एवं समर्पित कार्यकर्ता केदार शर्मा को अध्यक्ष पद का दायित्व दिया गया है। दोनों ही नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजनीति में लम्बा अनुभव रखते हैं तथा अनेक पदों पर रह कर सफलता पूर्वक अपना दायित्व निभा चुके हैं।भाजपा को इनके अनुभव एवं उत्साह का लाभ अवश्य मिलेगा। ऐसा लोगों का मानना है।

# जीवन में आगे बढ़ने के लिए सकारात्मक सोच व मेहनत जरूरी: राज्यवर्धन

**सांभरझील,**(निसं)। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने आज झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में स्वयं के प्रयासों से तैयार तीन मल्टी जिम का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा जब खेलों में राजनीति आती है तो बड़ा दु:ख होता है प्रदेश की कांग्रेस सरकार युवाओं और खेलों के विकास में रोड़ा है। हमने युवाओं के बेहतर स्वास्थ्य और उन्हें खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए लोकसभा क्षेत्र में 9 करोड़ की लागत से 3 इंडोर स्टेडियम और 12 करोड़ की लागत से 17 मिनी स्टेडियमों का निर्माण करवाया लेकिन इंडोर स्टेडियमों पर प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा ताला लगाया हुआ है जिससे युवाओं में निराशा है। कर्नल राज्यवर्धन ने कहा प्रधानमंत्री मोदी जी फिटनेस के लिए हमारे प्रेरणास्त्रोत है। मैंने जीवन में इतनी मेहनत करने वाला व्यक्ति आज तक नहीं देखा वे कोई छुट्टी नहीं करते और हमेशा काम करते रहते है। मोदी जी का कहना है जो खेलेगा वो खिलेगा इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने खेलों के क्षेत्र में अनेक कार्य करते हुए खेलो इंडिया और फिट इंडिया मुवमेंट जैसे कार्यक्रमों की शुरूआत की है। कर्नल राज्यवर्धन ने कहा जीवन में खेलों का अत्यधिक महत्व है इससे शारीरिक ही नहीं बल्की मानसिक विकास भी होता है। सभी को जीवन में कोई ना कोई खेल अवश्य खेलना चाहिए। खेलों का जीवन सबसे स्वच्छ होता है क्योंकी जब खिलाड़ी खेल के मैदान में पहुंचता है तो वह जाति, उंच-नीच सहित समाज के सारे बंधन तोड़ देता है। खिलाड़ी स्वयं से उपर अपनी टीम के बारे में सोचता है जिससे उसमें टीम भावना को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा जीवन में आगे बढ़ने के लिए सकारात्मस सोच, मेहनत और अनुशासन का होना बहुत आवश्यक है। गौरतलब है कि कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने लोकसभा क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए सभी 17 मिनी स्टेडियम स्थानीय अपेक्षाओं के अनुरूप तैयार करवाए हैं। इनमें रेसिंग ट्रेक, फुटबॉल मैदान, क्रिकेट पिच, वॉलीबाल कोर्ट, खो-खो कोर्ट, कबड्डी कोर्ट, ज़िक ज़ैक ट्रेक जैसी विभिन्न सुविधाएं हैं, रात्रि के समय खेलने के लिए हाई मास्ट लाईट की भी व्यवस्था करवाई गई हैं।

■ राठौड़ ने झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में तीन मल्टी जिम का उद्घाटन किया

## बालिकाओं को साइकिलें मिलीं

**पावटा।** निकटवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भूरी भडाज मे प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी के मुख्य आतिथ्य व भूरी भडाज सरपंच कैलाश स्वामी की अध्यक्षता में व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खेलना में पंचायत समिति सदस्य मीना बाकोलिया के मुख्य आतिथ्य व खेलना सरपंच राजकुमार धानका की अध्यक्षता में साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

भूरी भडाज में 30 साइकिलों का वितरण किया गया। वही प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी ने ग्रामीणों से अपील की बालिकाओं को एवं बालकों को राजकीय विद्यालय में अध्ययन करवाकर सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करें वही दूर दराज से आने वाली बालिकाओ को इस योजना से लाभ प्राप्त होगा। इस अवसर पर भामाशाह बाबूलाल स्वामी, अमीचंद स्वामी, जिला पार्षद प्रतिनिधि तेजपाल धनवाडिया, पंचायत समिति सदस्य नरेंद्र गुर्जर आदि मौजूद थे।

# नरबलि की कोशिश, युवक को सरिए से दागा

**अलवर,** (निसं)। तांत्रिक ने युवक को शराब पिलाकर गर्म तलवार से शरीर में जगह-जगह कट लगा दिए। लोहे के सरिए से हाथों को दाग दिया। युवक के चिल्लाने पर लोग उसे तलाश रहे परिजन पहुंचे। परिजनों ने गंभीर हालत में युवक को अस्पताल में भर्ती कराया। युवक बोला- तांत्रिक ने उसकी बलि की कोशिश की। वहीं, तांत्रिक अपने साथी के साथ फरार हो गया। पुलिस तलाश में जुटी है।

अलवर के अकबरपुर निवासी दिनेश बलाई(35) को गांव के ही तांत्रिक गिर्राज व उसके साथी बनवारी ने सोमवार शाम घर पर बुलाया। उसने घर में मंदिर बना रखा है। युवक को शराब पिलाई इसके बाद अचानक बेहोशी जैसी हालत हो गई। फिर गर्म तलवार से शरीर पर कई जगह-जगह कट लगाए। पीड़ित गांव के आस-पास ही मजदूरी का काम करता है।

दिनेश बोला- मुझे तो बनवारी ने फोन करके बुलाया था। कहा था कि मंदिर पर आ जा, गपशप करेंगे। मैं वहां चला गया। इस दौरान बनवारी के साथ तांत्रिक गिर्राज भी मौजूद था, जिसके पास शराब थी। मुझे पर तंत्र विद्या जैसा कुछ किया। मैं बेहोश हो गया। शरीर पर कई जगह कट के निशान हैं। ऐसा लगता है कि बेहोश होने पर किसी गर्म वस्तु से दागा गया हो। अगर परिजन वहां नहीं पहुंचते तो हो सकता है, उसे मार भी सकते थे। फिलहाल अकबरपुर पुलिस थाना चौकी को रिपोर्ट दे दी है।

■ तांत्रिक ने घर बुलाकर शराब पिलाई फिर तलवार से जगह-जगह काटा, तांत्रिक फरार

# राजस्थान में कांग्रेस सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है: केन्द्रीय मंत्री चौधरी

**मालपुरा,** (निसं)। केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर के 60वें स्थापना दिवस पर मंगलवार को केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी ने अविकानगर में आयोजित किसान मेले में बतौर अतिथि शिरकत कर विभिन्न प्रदर्शनियों का फीता काट अवलोकन किया।

केन्द्रीय मंत्री ने सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, दौसा सांसद जसकोर मीणा, विधायक कन्हैयालाल चौधरी, प्रधान सकराम चौपडा, जिला प्रमुख प्रतिनिधि नरेश बंशल के साथ खरगोश इकाई, आधुनिक भेड शेड व हीरक जयंती अविस्थम्भ स्मारक का उद्घाटन किया। संस्थान द्वारा विकसित की गई अविशान भेड व सिरोही नस्ल की बकरी की उपलब्धी पर संस्थान निदेशक डॉ. अरूण कुमार तोमर व वैज्ञानिकों को बधाई दी।

किसान मेले में लगी विभिन्न प्रदर्शनियों का अवलोकन कर केक काट संस्थान का 60वां स्थापना दिवस हीरक जयंती के रूप में मनाया गया। निदेशक तोमर ने केन्द्रीय मंत्री को कल्याण महाराज का चित्र एवं हल भेंट कर स्वागत सम्मान किया। अपने उद्बोधन में केन्द्रीय मंत्री ने राजस्थान की कांग्रेस शासित गहलोत सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि राजस्थान में साफे व भ्रष्टाचार की कांग्रेस सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। गहलोत सरकार के तीन साल के कार्यकाल में चुनावी घोषणा पत्र में किया गया एक भी वादा व घोषणा पूरी नहीं की गई। कृषि मंत्री ने बताया कि कृषि व किसान के विकास से ही देश का भला सम्भव है। पीएम मोदी किसानों को बिना जमीन गिरवी रखे एफपीओ के माध्यम से आर्थिक सहायता दे रहे हैं। किसान भाई जागरूक होकर योजना का लाभ ले आत्मनिर्भर बनें।



केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी, सांसद जसकोर मीणा, सुखबीर जौनापुरिया, विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने अविकानगर के 60वें स्थापना दिवस पर किसान मेले में शिरकत की।

चौधरी ने बताया कि केन्द्र की मोदी सरकार बाजरे की उपज को समर्थन मूल्य एमएसपी दर पर खरीदने को तैयार है लेकिन राजस्थान में बाजरे की बम्पर पैदावार के बावजूद गहलोत सरकार किसानों को उनकी उपज का पूरा व उचित दाम दिलाने के लिए एमएसपी दर पर बाजरे की खरीद के लिए जान बूझकर चिट्ठी नहीं लिख रही है।

जो कि किसान विरोधी सरकार होने का सबसे बडा प्रमाण है। केन्द्रीय मंत्री ने डिग्गी कल्याण जी के दरबार में मत्था टेक देश में खुशहाली व देशवासियों को कोरोना मुक्त रखने की कामना की। किसान सेवा समिति महासंघ अध्यक्ष कैलाश गुर्जर एवं सिकोईडीकोन शाखा प्रभारी अनिल भारद्वाज,प्रहलाद चौधरी,प्रभु सिंह, सहित किसानो ने मनरेगा में 100 दिन रोजगार गारन्टी को 200 दिन करवाने को लेकर ज्ञापन सौंपा।

■ 'केन्द्र सरकार समर्थन मूल्य पर बाजरे की खरीद के लिए तैयार है लेकिन राजस्थान की किसान विरोधी गहलोत सरकार नहीं लिख रही चिट्ठी'

# अनाथ बच्चों के साथ एसडीएम ने जन्मदिन मनाया

**चाकसू,**(निस) उपखंड में चार अनाथ बच्चों के लिए प्रशासन गांवों के संग अभियान वरदान साबित हुआ है सरकारी सुविधा से वंचित अनाथ बच्चों को अब सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने लगा है।

मंगलवार को उपखंड अधिकारी डॉ जी एल शर्मा ने अपना जन्मदिन प्रशासन के गोद लिए हुए चार अनाथ बच्चों के साथ ग्राम बरखेड़ा में स्थित स्कूल में केक काटकर सबको मिठाई खिलाई एवं नए कपड़े मिठाई खिलौने और अन्य सुविधाओं का सामान दिया। जिससे वे भी नए साल की खुशियां मना सकें और इस तरह अचानक ढेर सारी खुशियां पाकर अनाथ बच्चों के चेहरे खिलखिला उठे। वही उपखंड अधिकारी के सराहनीय प्रयासों से अनाथ बच्चों को मिला सबल इस दौरान सभी कर्मचारियों से अपील की सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को अवश्य मिले यह सुनिश्चित करें।

■ सरकारी योजनाओं का दिलाया लाभ

गौरतलब है कि उपखंड के बरखेड़ा गांव के 4 अनाथ बच्चे जिनके माता-पिता करीब 6 साल पूर्व गुजर गए थे और अनाथ बच्चों का लालन-पालन मामा कर रहा था जब उपखंड अधिकारी गोवर्धन लाल शर्मा को प्रशासन गांवों के संग कैंप में अनाथ बच्चों के बारे में पता चला जिन्हें अब तक सरकार की किसी भी योजना का लाभ नहीं मिल है और उनके पास कोई पहचान के दस्तावेज और आधार व आईडेंटिटी कार्ड नहीं थे तो इस संबंध में उपखंड अधिकारी एवं मजिस्ट्रेट चाकसू द्वारा संज्ञान लिया गया चाकसू प्रशासन द्वारा इन बच्चों को गोद लिया गया है।



उपखंड अधिकारी डॉ. जीएल शर्मा ने अपना जन्मदिन प्रशासन के गोद लिए हुए चार अनाथ बच्चों के साथ मनाया।



जितनी जल्दी हो सके खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ के लिये सख्त बायो बबल खत्म करने की आवश्यकता है। अभी जो दुनिया का सबसे अच्छा काम है वह उसे बर्बाद कर रहा है।
**– केविन पीटरसन**

**इंग्लैड के पूर्व कप्तान,** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटरों और सहयोगी स्टाफ के लिये कड़े जैव सुरक्षित वातावरण को खत्म करने की अपील करते हुए।




**आज का खिलाड़ी** ▶ नोवाक जोकोविच



मेलबोर्न। दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच शर्तों में छूट की अनुमति मिलने के बाद वर्ष के पहले ठौंड स्लेम ऑस्ट्रेलियन ओपन में भाग लेने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। जोकोविच ने मंगलवार को एक ट्वीट में अपनी एयरपोर्ट की तस्वीर साझा करते हुए लिखा, मैंने ब्रेक के दौरान अपने प्रियजनों के साथ शानदार क्वालिटी समय बिताया है और आज मैं शर्तों में छूट की अनुमति के साथ ऑस्ट्रेलिया जा रहा हूं। उल्लेखनीय है कि जोकोविच इससे पहले सिडनी में एटीपी कप में भाग लेने वाली सर्बिया टीम से से बिना कोई स्पष्टीकरण दिए हट गए थे।

क्या आप जानते हैं ?... सचिन तेंदुलकर को पहला वन-डे शतक बनाने के लिए 69 मैचों का और टेस्ट में दोहरा शतक बनाने के लिए लगभग 10 वर्ष का इंतजार करना पड़ा

# शार्दुल के 7 विकेट, भारत ने दक्षिण अफ्रीका को बड़ी बढ़त से रोका

## दक्षिण अफ्रिका पहली पारी में 229 रन पर आउट भारत दूसरी पारी में दो विकेट पर 85 रन



जोहान्सबर्ग। मध्यम तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर (61 रन पर 7 विकेट) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी से भारत ने दक्षिण अफ्रीका को दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन मंगलवार को पहली पारी में 229 रन पर निपटाकर पहली पारी में बड़ी बढ़त हासिल करने से रोक दिया। भारतने अपनी दूसरी पारी में दो विकेट खोकर 85 रन बना लिए हैं और उसके पास 58 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हो गयी है। दक्षिण अफ्रीका को पहली पारी में 27 रन की बढ़त मिली थी।

शार्दुल ने अपने करियर में पहली बार पारी में पांच विकेट हासिल किये। शार्दुल ने किसी भारतीय गेंदबाज का दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर डाला। शार्दुल ने हरभजन सिंह के 2010-11 में केप टाउन में 120 रन पर सात विकेट और रविचंद्रन अश्विन के नागपुर में 2015-16 में 66 रन पर सात विकेट लेने के प्रदर्शन में सुधार कर डाला। यह वांडरर्स में किसी गेंदबाज का संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। मैथ्यू होगार्ड ने 2004-05 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 61 रन पर सात विकेट लिए थे।

भारत ने अपनी दूसरी पारी में दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवाकर 85 रन बना लिए हैं। कप्तान लोकेश राहुल को मार्को यानसन ने आठ रन के स्कोर पर पवेलियन भेजा। भारत का पहला विकेट 24 के स्कोर पर गिरा। भारत का स्कोर 44 रन पहुंचा था कि मयंक अठावाल ने डुएन ओलिवियर की गेंद पर बल्ला हवा में उठा दिया लेकिन गेंद अंदर आकर उनके पैड से टकरा गयी और अम्पायर ने अपनी उंगली हवा में उठा दी।

मयंक ने 37 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 23 रन बनाये। मयंक के आउट होने के बाद चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्या रहाणे के रूप में दो ऐसे बल्लेबाज मैदान में थे जो पहली पारी में सस्ते में निपट गए थे और खराब दौर से गुजर रहे थे। लेकिन दोनों ने तीसरे विकेट की अविजित साझेदारी में 41 रन जोड़ डाले और भारत को कोई नुकसान नहीं होने दिया। स्टंप्स के समय पुजारा 42 गेंदों में सात चौकों के सहारे 36 रन और रहाणे 22 गेंदों में 11 रन बनाकर क्रीज पर थे।

भारत के सभी तेज गेंदबाजों में शार्दुल ही सबसे ज्यादा प्रभावशाली दिखाई दिए। मोहम्मद शमी को 52 रन पर दो विकेट और जसप्रीत बुमराह को 49 रन पर एक विकेट मिला। शार्दुल ने घातक गेंदबाजी करते हुए भारत की वापसी कराई और दक्षिण अफ्रीका पर दबाव बनाया।

दक्षिण अफ्रीका ने एक विकेट पर 35 रन से आगे खेलना शुरू किया । कप्तान डीन एल्गर ने 11 रन और कीगन पीटरसन ने 14 रन से अपनी पारी को आगे बढ़ाया। दोनों स्कोर को 88 रन तक ले गए। शार्दुल ने एल्गर को विकेटकीपर पंत के हाथों कैच कराकर भारत को दिन की पहली और दक्षिण अफ्रीका की पारी में दूसरी सफलता दिलाई। एल्गर ने 120 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 28 रन बनाये।

शार्दुल ने अर्धशतक पूरा कर चुके कीगन पीटरसन को टीम के 101 के स्कोर पर आउट कर दक्षिण अफ्रीका को तीसरा झटका दिया। पीटरसन ने 118 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से 62 रन बनाये।

शार्दुल यहीं नहीं थमे। उन्होंने रैसी वान डेर डुसेन को मात्र एक रन पर विकेटकीपर पंत के हाथों कैच कराकर अपना तीसरा और मेजबान टीम का चौथा विकेट निकाल दिया। दूसरे दिन लंच से पहले गिरे तीनों विकेट शार्दुल के हिस्से में गए। लंच के समय तेम्बा बावुमा खाता खोले बिना क्रीज पर थे। लंच तक तीन विकेट निकालने के बाद शार्दुल ने चायकाल तक शानदार गेंदबाजी की और दो और विकेट निकालते हुए दक्षिण अफ्रीका को बैकफुट पर धकेल दिया। शार्दुल ने शीर्ष क्रम और मध्य क्रम की कमर तोड़ दी। मोहम्मद शमी ने भी चाय तक एक विकेट निकाला और दक्षिण अफ्रीका पर दोनों छोर से दबाव बनाया।

दक्षिण अफ्रीका ने लंच के बाद चार विकेट पर 102 रन से आगे खेलना शुरू किया

### स्कोर बोर्ड

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डीन एल्गर का पंत बो शार्दुल | 28 | 120 | 4 | 0 |
| एडन मारक्रम पगबाधा बो शमा | 7 | 12 | 1 | 0 |
| कीगन पीटरसन का मयंक बो शार्दुल | 62 | 118 | 9 | 0 |
| वैन डर डुसेन का पंत बो शार्दुल | 1 | 17 | 0 | 0 |
| टेम्बा बावुमा का पंत बो शार्दुल | 51 | 60 | 6 | 1 |
| काइल वेरेने पगबाधा बो शार्दुल | 21 | 72 | 2 | 0 |
| मार्क यानसन का अश्विन बो शार्दुल | 21 | 34 | 3 | 0 |
| कैगिसो रबादा का सिराज बो शमी | 0 | 6 | 0 | 0 |
| केशव महाराज बो बुमराह | 21 | 29 | 3 | 0 |
| डुआने ओलिवियर अविजित | 1 | 12 | 0 | 0 |
| लुंगी एनगिदी का पंत बो शार्दुल | 0 | 1 | 0 | 0 |
| **अतिरिक्त :** | 16 | | | |

**कुल :** 79.4 ओवर में 229 रन
**विकेट पतन :** 1-14, 2-88, 3-101, 4-102, 5-162, 6-177, 7-179, 8-217, 9-228, 10-229
**गेंदबाजी :** जसप्रीत बुमराह 21-5-49-1, मोहम्मद शमी 21-5-52-2, मोहम्मद सिराज 9.5-2-24-0, शार्दुल ठाकुर 17.5-3-61-7, रविचंद्रन अश्वि 10-1-35-0

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| लोकेश राहुल का माक्ररम बो यानसन | 8 | 21 | 1 | 0 |
| मयंक अठावाल पगाबधा बो ओलिवियर | 23 | 37 | 5 | 0 |
| चेतेश्वर पुजारा खेल रहे | 35 | 42 | 7 | 0 |
| अजिंक्या रहाणे खेल रहे | 11 | 22 | 1 | 0 |
| अतिरिक्त : | 08 | | | |

कुल: 20 ओवर में दो विकेट पर 85 रन
विकेट पतन : 1-24, 2-44
**गेंदबाजी :** कैगिसो रबादा 6-1-26-0, डुएने ओलिवियर 4-0-22-1, लुंगी एनगिदी 3-1-5-0, मार्क यानसन 6-2-18-1, केशव महराज 1-0-8-0

# 2022 में उम्मीदों पर खरा उतरने की जरूरत है : सविता

बेंगलुरु, 4 जनवरी। भारतीय महिला हॉकी टीम की उप कप्तान एवं अनुभवी गोलकीपर सविता ने कहा है कि 2022 में विश्व कप और अन्य प्रमुख प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करके टीम को उम्मीदों पर खरा उतरने की जरूरत है।

सविता ने मंगलवार को एक बयान में कहा, 2017 में हमने लंदन में एफआईएच महिला विश्व कप के लिए सीधी योग्यता हासिल करने के लिए एशिया कप जीता। मुझे लगता है कि जीत हमारे लिए पिछले चार वर्षों में अपने प्रदर्शन में स्थिर विकास लाने के लिए एक कदम था। निश्चित रूप से एशिया कप में एक अच्छे प्रदर्शन के साथ सीजन की शुरुआत करने से हमें सही लय मिलेगी, क्योंकि हम बैक-टू-बैक टूर्नामेंट खेलेंगे।

उल्लेखनीय है कि भारतीय महिला हॉकी टीम जनवरी में ओमान के मस्कट की यात्रा के साथ नए साल की शुरुआत करेगी, जहां वह प्रतिष्ठित महिला एशिया कप में अपने खिताब को डिफेंड करेगी, जिसमें भारत सहित महाद्वीप की शीर्ष आठ टीमें चीन, कोरिया, जापान, मलेशिया, थाईलैंड, इंडोनेशिया और सिंगापुर खिताब की होड़ में दिखाई देंगी। क्रॉस-ओवर वर्गीकरण मैचों के साथ दो-पूल प्रारूप में खेला जाने वाला यह टूर्नामेंट जुलाई में स्पेन और नीदरलैंड में होने वाले एफआईएच महिला विश्व कप 2022 के लिए क्वालीफायर टूर्नामेंट है। एशिया कप में शीर्ष चार में रहने वाली टीमें विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारतीय महिला हॉकी टीम एशिया कप के बाद ओडिशा के भुवनेश्वर चली जाएगी, जहां वह एफआईएच हॉकी प्रो लीग में घरेलू मैच खेलेगी। सविता ने इस बारे में कहा, मुझे लगता है कि हम में से बहुत से खिलाड़ी एफआईएच हॉकी प्रो लीग मैचों का इंतजार कर रहे हैं। यह प्रतिष्ठित लीग हमारा पहला टूर्नामेंट होगा और हम पूरी तरह से दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ खेलने के लिए उत्सुक हैं। कहने की जरूरत नहीं है, हम ओडिशा में फिर से खेलने के लिए उत्सुक हैं और दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड का इन मैचों के लिए भारत की यात्रा करना कुछ ऐसी चीज है जिसकी हमने कभी कल्पना नहीं की थी।

उल्लेखनीय है कि भारत भुवनेश्वर में एफआईएच हॉकी प्रो लीग मैचों में नीदरलैंड, स्पेन, जर्मनी और इंग्लैंड से भिड़ेगा जिसके बाद वह जून के महीने में बेल्जियम, अर्जेंटीना और अमेरिका के खिलाफ खेलने के लिए बेल्जियम और नीदरलैंड की यात्रा करेगा। उप कप्तान ने इसको लेकर कहा, मुझे लगता है कि प्रो लीग मैच हमें जुलाई में विश्व कप से पहले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन प्रदान करेंगे। पिछली बार हमने कई दशकों बाद पहली बार क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। ओलंपिक में हमारे हालिया प्रदर्शन और हमें मिले समर्थन के साथ हमें महिला हॉकी में रुचि बनाए रखने के लिए इन प्रमुख प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करके उम्मीदों पर खरा उतरने की जरूरत है। विश्व कप के बाद जुलाई में राष्ट्रमंडल खेल भी होने हैं, जिसके बाद भारतीय टीम चीन के हांग्जो में होने वाले 19वें एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेगी।

# प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय नगर पालिका मण्ड़ल, सांभरलेक (जयपुर)

क्रमांक:-नपासां/ 2022/2028 प्रारूप - 5 (नियम-6)(2) दिनांक : 04.01.2022

## उजरदारी/आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदन कत्ताओं द्वारा नगरपालिका सांभर लेक में राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 (2009 का अधिनियम संख्या 18) की धारा 69-क संशोधित (2021 के अन्तर्गत) भूमि के अधिकारों के अभ्यर्पण के अनुज्ञा के लिये आवेदन पत्र में मानचित्र प्रस्तुत कर नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय/मिश्रित/व्यावसायिक/संस्थागत के प्रयोजन के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व के पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये व सुमोटो, खांचा भूमि के लिये नगरपालिका के पक्ष में अभ्यप्रित कर दिये गये है।

| क्रं.सं. | नाम आवेदक/आवेदिका | पता | क्षेत्रफल | कार्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मनोज कुमार नागा पुत्र भागीरथ मल | नावां रोड, सांभर लेक | आवासीय/व्यावसायिक | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 2 | मुरारीलाल पुत्र बाबूलाल | लम्बी गली सांभर लेक | आवासीय | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 3 | प्रहलाद लाल गोड़ पुत्र मांगीलाल गोड | बडा बाजार सांभर लेक | आवासीय | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 4 | जितेन्द्र सिंह बंजारा पुत्र बनवारी लाल | दरबार स्कूल के सामने सांभर लेक | आवासीय | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 5 | महेश चन्द माली पुत्र भगवानदास | पंचमुखी बालाजी मन्दिर के पास सांभर लेक | आवासीय | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 6 | प्रहलाद चन्द अग्रवाल, सोहनलाल, सुरेश चन्द अग्रवाल, बालकिशन अग्रवाल पुत्रान् बिहारी लाल अग्रवाल | लम्बी गली सांभर लेक | आवासीय | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 7 | आनन्द प्रजापत पुत्र गोपाल लाल प्रजापत | नकाशा मोहल्ला सांभर लेक | आवासीय | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 8 | बालूराम माली पुत्र लादूराम माली | मालियों का मोहल्ला सांभर लेक | आवासीय | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 9 | चन्द्रप्रकाश टाटी पुत्र भंवरलाल | नकाशा मोहल्ला, रेल्वे स्टेशन रोड़ सांभर लेक | आवासीय/व्यावसायिक | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 10 | कान्ता देवी पत्नि हीरालाल सैनी | एस.बी.आई बैंक के सामने वाली गली, न्यू मार्केट नावांरोड सांभर लेक | आवासीय | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 11 | फकीर मोहम्मद पुत्र नजीर खान | निर्माणों का मोहल्ला सांभर लेक | आवासीय | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 12 | खेमचन्द रेगर पुत्र हीरालाल रैगर | नेहरू कॉलोनी सांभर लेक | आवासीय | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 13 | अब्दुल सहीद पुत्र अब्दुल रसीद | मोहल्ला आलमपुरा, छोटा बाजार सांभर लेक | आवासीय | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 14 | मोहम्मद युनुस पुत्र कमरूदीन कुरेशी | नकाशा मोहल्ला सांभर लेक | आवासीय | खांचा भूमि |
| 15 | मुजफर कुरेशी पुत्र कमरूदीन कुरेशी | नकाशा मोहल्ला, रेल्वे स्टेशन सांभर लेक | आवासीय | खांचा भूमि |
| 16 | जमालुदीन पुत्र दीन मोहम्मद | खारडा मोहल्ला, नकाशा चौक सांभर लेक | आवासीय | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 17 | सूरजभान जाट पुत्र छोटूराम डोडवाडिया | तेली चाय की दुकान के सामने पुरानी धानमण्डी, सांभर लेक | आवासीय/व्यावसायिक | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 18 | बजरंग लाल पुत्र शंकर लाल | धोबियों की गली बड़ा बाजार सांभर लेक | आवासीय | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 19 | गोपाल प्रसाद पुत्र रामपाल दत्तक पुत्र गुलाबचन्द | कालानियों की गली, सांभर लेक | आवासीय | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 20 | राजेन्द्र कुमार पुत्र स्व. गुलाबचन्द सैन | महेश्वरी भोजनशाला के पास सांभर लेक | आवासीय | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 21 | दिव्या चौहान पत्नि मनिष कुमार | नाईयों की गली माहेश्वरी भोजनशाला के पास सांभर लेक | आवासीय | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 22 | घनश्यामदास पुत्र ईश्वरलाल परेवा | नकाशा मोहल्ला सांभरलेक | आवासीय | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 23 | शहीदन पत्नि शमसुदीन | शहीद पूनमचन्द मार्ग सांभर लेक | आवासीय | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 24 | प्रेम देवी पत्नि जगदीश प्रसाद पारीक | राजपथ मार्ग सांभर लेक | आवासीय | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 25 | आशा देवी पत्नि स्व. दीनदयाल पारीक | राजपथ मार्ग सांभर लेक | आवासीय | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 26 | राजेन्द्र प्रसाद पुत्र सीताराम अग्रवाल | मण्डी की गली बडा बाजार सांभर लेक | आवासीय | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 27 | मीना अग्रवाल पत्नि दीनदयाल अग्रवाल | झण्डा गली बडा बाजार सांभर लेक | आवासीय | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 28 | सतीश कुमार, द्वारका प्रसाद, शंकर लाल पुत्रान राधामोहन सोनी | पीर का कुआ, छतरियों का कुआ सांभर लेक | आवासीय | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 29 | देवी सिंह, कुन्दनसिंह, लक्ष्मणसिंह पुत्रान स्व. भीमसिंह | पूर्वियों का मोहल्ला सांभर लेक | आवासीय | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 30 | बृजकिशोर शर्मा पुत्र चौथमल शर्मा | टेलीफोन एक्सचेंज के सामने दरबार स्कूल रोड़ सांभर लेक | आवासीय | सुमोटो |
| 31 | बिरदी चन्द पुत्र शिवराम उर्फ श्योराम रैगर | गांधी बस्ती रेगरों का मोहल्ला सांभर लेक | आवासीय | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 32 | गोपाल लाल टेलर पुत्र स्व. बनवारीलाल | सिलावटों का मोहल्ला, राजपथ मार्ग सांभर लेक | आवासीय | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 33 | ओमप्रकाश स्वामी पुत्र बनाराम | गुर्जरों का मोहल्ला, शहीद पूनमचन्द मार्ग, बड़ा बाजार सांभर लेक | आवासीय | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 34 | टीकमचन्द स्वामी पुत्र ओमप्रकाश स्वामी | गुर्जरों का मोहल्ला, शहीद पूनमचन्द मार्ग, बड़ा बाजार सांभर लेक | आवासीय | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 35 | राधेश्याम शर्मा पुत्र मोहनलाल दत्तक पुत्र जमनलाल | मालियों का मोहल्ला, जैन मन्दिर के पास सांभर लेक | आवासीय | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 36 | कमला देवी पत्नि बालूराम | मालियों का मोहल्ला, पुराना बस स्टैण्ड, सांभर लेक | आवासीय | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 37 | अब्दुल मजीद पुत्र मिट्ठू खां | खारडा मोहल्ला, सांभर लेक | आवासीय | 90 ए के अन्तर्गत पट्टा |
| 38 | कैलाश चन्द धोबी पुत्र रामचन्द्र धोबी | दादू द्वारे के पास सांभर लेक | आवासीय/व्यावसायिक | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 39 | गोपाली देवी पत्नि दामोदर दास स्वामी | पोस्ट ऑफिस के सामने गली सांभर लेक | आवासीय | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 40 | विमला देवी पत्नि सीताराम सैनी | सिंघानियों का मोहल्ला सांभर लेक | आवासीय | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 41 | मुकुट लाल पुत्र स्व. श्री प्रभु लाल | मोहल्ला भाटान, भाटो की गली, सांभर लेक | आवासीय | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 42 | कैलाश चन्द पुत्र शिवबक्ष स्वामी | सिंघानियों का मोहल्ला सांभर लेक | आवासीय | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 43 | गीता देवी पत्नि कैलाशचन्द शर्मा | डाडो की गली, पुराने थाने के पास सांभर लेक | आवासीय | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 44 | कन्हैयालाल पुत्र स्व. श्री बालकिशन | बाबा साहब का अखाड़ा, छोटा बाजार सांभर लेक | आवासीय | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 45 | लक्ष्मण प्रजापत पुत्र कुन्दनमल प्रजापत | चोबदारों का मोहल्ला सांभर लेक | आवासीय | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 46 | बद्रीनारायण वर्मा पुत्र भूराराम वर्मा, ग्यारसी देवी वर्मा पत्नि बद्रीनारायण वर्मा | मुगल मोहल्ला, नेहरू गार्डन , सांभर लेक | आवासीय | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |
| 47 | गगनदीप परेवा पुत्र प्रहलाद परेवा | न्यू मार्केट, एस.बी.आई. के पास सांभरलेक | आवासीय/व्यावसायिक | 69 क के अन्तर्गत पट्टा |

इसलिये इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 (2009 का अधिनियम संख्या 18) की धारा 69-क संशोधित (2021 के अन्तर्गत) के अधिन पूर्ण पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि के अर्भ्यपण व सुमोटो, खांचा भूमि करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोईं उज्रदारी/आपत्ति है तो वह प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021 के अन्तर्गत इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिवस के भितर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के समक्ष अपने दस्तावेजों के साथ उज्रदारी/आपत्ति प्रस्तुत करे नियत समय अवधि के अन्दर किसी भी प्रकार की उज्रदारी/आपत्ति के अभाव में यह समझा जावेगा किसी भी व्यक्ति को कोई उज्रदारी/आपत्ति नहीं है और मामले का तदानुसार निपटारा किया जावेगा।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका सांभर लेक**



*हर वर्ष, जनवरी से लेकर मई के बीच, जब जापान की 'न्युकाबीरा' झील का जल-स्तर कम हो जाता है, तो एक पुल नजर आने लगता है बिल्कुल रोमन एक्वाडक्ट (पुल) जैसी यह जर्जर संरचना है, ''तौशूबेत्सु रिवर ब्रिज,'' इसे फैंटम ब्रिज भी कहते हैं क्योंकि इसके गायब होने और नज़र आने का क्रम चलता रहता है। 'शिहोरो लाइन' रेल लाइन, जो अब बंद हो चुकी है, के एक भाग के रुप में तौशूबेत्सु नदी पर यह पुल 1939 में बनवाया गया था। यह एक अन्य ओटोफ्यूक नदी की छोटी सी सहायक नदी है। उत्तरी जापान की मूल 'ऐनू' भाषा में इस नाम का अर्थ है ''बर्च इन्फेस्टेड रिवर,'' अर्थात ऐसी नदी जिसमें भोज वृक्ष हों। सन् 1955 में, इस स्थान पर न्युकाबीरा बांध और एक बड़ा सरोवर बना था जिससे यह पूल डूब क्षेत्र में आ गया, इसलिए रेलवे लाइन को यहां से हटा दिया गया और तौशूबेत्सु पुल भी काम में आना बंद हो गया। अब मानव-निर्मित झील के बीच में खड़ा यह दुर्भाग्यशाली पुल वर्ष के अधिकांश समय पानी के अंदर डूबा रहता है। पानी के दबाव तथा बर्फ जमने और पिघलने के वार्षिक चक्र के कारण इसे बहुत क्षति पहुंचती है फिर भी इस पुल की मरम्मत के लिये कोई कोशिश नहीं की जाती। इसका एक बड़ा कारण है इसकी मुश्किल लोकेशन जहां पहुंचना आसान नहीं है, साथ ही संरक्षण के लिए ज्यादा मांग भी नहीं उठती है। सन् 2017 में कई मीडिया इकाइयों में पुल के टूटने की खबर आई थी लेकिन पुल अभी भी कायम है। परंतु इसका क्षरण जारी है और इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह जल्दी ही टूट जाएगा।*

# नीट पी.जी. में ई.डब्ल्यु. एस. आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट में शीघ्र सुनवाई होगी

## केन्द्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया कि, यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है तथा दूसरी तरफ डॉक्टर बार-बार आंदोलन एवं हड़ताल की चेतावनी दे रहे हैं

- **यह मामला मैडिकल पी.जी. की कक्षाओं में नामांकन से जुड़ा हुआ है। नामांकन के लिए होने वाली काउंसलिंग में ई.डब्ल्यु.एस. के आरक्षण के लिए वार्षिक आय मानदंड तय करने को लेकर शीर्ष अदालत सुनवाई कर रही है।**
- **सुप्रीम कोर्ट केन्द्र सरकार के आरक्षण की आर्थिक सीमा तय करने के मानदंडों से संतुष्ट नहीं है।**

नई दिल्ली, 4 जनवरी (वार्ता)। केंद्र सरकार की ओर से लगातार दूसरे दिन गुहार के बाद उच्चतम न्यायालय राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-पी.जी. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई.डब्ल्यू.एस.) के काउंसलिंग मामले की बुधवार को सुनवाई के लिए राजी हो गई।

मुख्य न्यायाधीश एन. वी. रमना ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के विशेष उल्लेख के तहत शीघ्र सुनवाई की गुहार पर कहा कि इस मामले में न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ में कल इस पर विचार किया जाएगा।

मुख्य न्यायाधीश ने यह भी कहा कि यह पूरा सप्ताह विविध मामलों की सुनवाई के लिए रखा गया है, फिर भी नीट-पीजी मामले पर विचार किया जाएगा। मेहता ने मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष आवश्यक मामला बताते हुए सुनवाई का अनुरोध किया था। सॉलिसिटर जनरल ने शीघ्र सुनवाई के लिए डॉक्टरों के आंदोलन का हवाला दिया था।

मेहता ने इससे पहले सोमवार को डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष शीघ्र सुनवाई किए जाने की गुहार लगाई थी, जहां मामले की सुनवाई की 6 जनवरी पहले से सूचीबद्ध है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा था कि इस मामले में मुख्य न्यायाधीश की राय के बाद कोई फैसला लिया जाएगा।

सोमवार को केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय से नीट-पीजी (ई.डब्ल्यू.एस.) काउंसलिंग मामले की शीघ्र सुनवाई करने का अनुरोध किया था।

यह मामला मैडिकल स्नातकोत्तर स्तर की कक्षाओं में नामांकन से जुड़ा हुआ है। नामांकन के लिए होने वाली काउंसलिंग में ई.डब्ल्यू.एस. के आरक्षण के लिए वार्षिक आय मानदंड तय करने को लेकर शीर्ष अदालत सुनवाई कर रही है। केंद्र सरकार ने आरक्षण के लिए वार्षिक आय आठ लाख रुपए तक की सीमा तय की है। पिछली सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार से आठ लाख रुपए तय करने के तौर-तरीकों के बारे में जानकारी देने को कहा था लेकिन सरकार पिछली कई तारीखों के दौरान कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे पाई। इसके बाद पीठ ने 25 अक्टूबर 2021 को नीट-पी.जी. काउंसलिंग प्रक्रिया पर अस्थाई रोक लगा दी थी।

काउंसलिंग नहीं होने के कारण अभ्यार्थी (डॉक्टर) लगातार आंदोलन कर रहे हैं। नामांकन के अभ्यार्थी डॉक्टरों ने पिछले दिनों हड़ताल और सड़कों पर प्रदर्शन किए थे। इस वजह से ही राजधानी दिल्ली की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुई थी।

इस बीच, शीर्ष न्यायालय में हलफनामा दायर कर केंद्र सरकार ने कहा है कि वह ई.डब्ल्यू.एस. के लिए मौजूदा वार्षिक पारिवारिक आय की अधिकतम सीमा आठ लाख रुपये ही रखेगी।

केंद्र सरकार के हलफनामे में कहा गया है कि तीन सदस्यीय कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर सरकार ने यह फैसला किया है। केंद्र सरकार ने तीन सदस्यों की एक कमेटी की रिपोर्ट का हवाला देते हुए हलफनामे में कहा है कि वह आठ लाख रुपए तक की सीमा पर कायम है। सरकार द्वारा 30 नवंबर को गठित इस कमेटी में अजय भूषण पांडे (पूर्व वित्त सचिव), वी.के. मल्होत्रा, (सदस्य सचिव, आई.सी.एस.एस.आर.) और केंद्र सरकार के प्रधान आर्थिक सलाहकार संजीव सान्याल शामिल थे।

# 'मुस्लिम छात्र स्कूलों में सूर्य नमस्कार ना करें'

## मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने मुस्लिम समुदाय के छात्रों से यह अपील की और कहा कि, इस्लाम उन्हें सूर्य नमस्कार करने की अनुमति नहीं देता है

- **मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने सूर्य नमस्कार से जुड़े केंद्र सरकार के आदेश का विरोध किया है। बोर्ड ने कहा है कि, मुस्लिम छात्र-छात्राएं इस कार्यक्रम में शामिल होने से बचें क्योंकि सूर्य नमस्कार सूर्य की पूजा का एक रूप है जबकि इस्लाम में इसके लिए अनुमति नहीं है।**

नई दिल्ली, 4 जनवरी। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर 1 जनवरी से 7 जनवरी के बीच स्कूलों में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम पर सरकार की आलोचना की है। बोर्ड का कहना है कि सूर्य नमस्कार सूर्य पूजा का एक रूप है और इस्लाम इसकी अनुमति नहीं देता है।

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की ओर से महासचिव मौलाना ख़ालिद सैफ़ुल्लाह रहमानी ने बयान जारी किया है। जिसमें सूर्य नमस्कार का विरोध किया गया है। जारी किए गए एक पत्र में कहा गया है कि सूर्य नमस्कार मुस्लिम छात्र न करें। यह पूजा के अनुरूप है इस्लाम में इसकी इजाजत नहीं है। इस बयान के बाद राजनीति गरमा गई है। यू.पी. सरकार के मंत्री मोहसीन रजा ने कहा कि बोर्ड लगातार मुसलमानों का शोषण कर रहा है।

दरअसल, केंद्र की मोदी सरकार आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। सरकार ने सभी स्कूलों को निर्देश दिए हैं एक से सात जनवरी तक छात्रों को सूर्य नमस्कार कराया जाए।

इस पर मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने सूर्य नमस्कार से जुड़े केंद्र सरकार के आदेश का विरोध किया है। बोर्ड ने कहा है कि मुस्लिम छात्र-छात्राएं इस कार्यक्रम में शामिल होने से बचें क्योंकि सूर्य नमस्कार सूर्य की पूजा का एक रूप है जबकि इस्लाम में इसके लिए अनुमति नहीं है।

विश्व हिंदू परिषद ( विहिप ) ने मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के मुस्लिम बच्चों को सूर्य नमस्कार के कार्यक्रमों में भाग न लेने से संबंधित बयान की निंदा करते हुए कहा है कि ऐसा बयान अलगाववाद और सरकार के खिलाफ नफरत पैदा करने की मंशा से दिया गया है।

विहिप के संयुक्त महासचिव सुरेंद्र जैन ने सोमवार को एक बयान जारी करते हुए कहा कि मुस्लिम लॉ बोर्ड मुस्लिम समाज को विकास की मुख्य धारा से काटकर अंधेरे युग की ओर ले जाना चाहता है। उन्होंने कहा कि सब जानते हैं कि सूर्य नमस्कार एक ऐसा व्यायाम है जो सम्पूर्ण शरीर का विकास करता है लेकिन सूर्य नमस्कार के खिलाफ इस प्रकार की भाषा का प्रयोग करने से स्पष्ट हो जाता है कि वह अलगावाद के एजेंडे को आगे बढ़ाकर विनाश के रास्ते की ओर ले जाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मुस्लिम लॉ बोर्ड ने इससे पहले भी तीन तलाक के मामले पर उच्चतम न्यायालय में हलफनामा दायर कर महिलाओं के प्रति बेहद आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया था। जैन ने मुस्लिम समाज से अपील की की मुस्लिम लॉ बोर्ड की बातों में न आकर विकास की राह को चुने और उन्हें यह अहसास कराएं कि वह मुस्लिम समुदाय का प्रतिनिधित्व नहीं करते।

# दिल्ली में वीकेंड कर्फ्यू की शुरुआत हुई

## देश में फिर से डराने लगे करोना को आंकड़े, महाराष्ट्र में 18 हजार व बंगाल में 9 हजार से अधिक करोना के नये मामले सामने आये

- **इसके साथ ही महाराष्ट्र में एक्टिव केस 66,308 तक पहुंच गए हैं।**

नई दिल्ली, 4 जनवरी (वार्ता)। दिल्ली सरकार ने लगातार बढ़ते करोना मामलों के मद्देनजर सप्ताहांत (वीकेंड) कर्फ्यू लागू करने का फ़ैसला किया है जिसके तहत अब शनिवार और रविवार को रात्रि कर्फ़्यू के अलावा दिन में में भी कर्फ़्यू रहेगा।

दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डी.डी.एम.ए. की बैठक में वीकेंड कर्फ़्यू लगाने का फ़ैसला किया गया। उन्होंने कहा कि आवश्यक सेवाओं को छोड़कर बाक़ी सबके लिए कर्फ़्यू की पाबंदी होगी।

महाराष्ट्र में मंगलवार को कोविड मामलों में फिर वृद्धि देखी गई। राज्य में 18,466 नए करोना संक्रमण केस दर्ज किए गए। इसके अलावा 20 मौतों की भी सूचना है। प.बंगाल में करोना की खतरनाक स्थिति में पहुंचने की आशंका है। यहां मंगलवार को 9 हजार से अधिक मामले सामने आये। इसके साथ ही राज्य में एक्टिव केस 66,308 तक पहुंच गए हैं। एक दिन पहले राज्य में 12,160 मामले और 11 मौतें दर्ज हुई थीं। जबकि अकेले मुंबई में मंगलवार को 10860 नए कोरोना मामले दर्ज हुए हैं। इसके अलावा दो मौतें दर्ज हुई। वहीं, दिल्ली में पिछले 24 घंटे में 5481 नए कोरोना मामले दर्ज हुए।

दिल्ली में कोविड की वजह से दिन प्रति दिन सख्ती और प्रतिबंध बढ़ने का एक दौर सा शुरु हो गया है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री जैन ने कहा कि मेट्रो और बस में पचास फ़ीसदी क्षमता से चलने के फ़ैसले के बाद देखने में आया कि बस स्टाप और मेट्रो स्टेशन के सुपर स्प्रेडर बनने की आशंका है इसलिए अब पूरी क्षमता से बस और मेट्रो को चलाने के निर्णय लिया गया है। बस और मेट्रो में सभी को मास्क लगाना अनिवार्य होगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी कार्यालयों में काम करने वाले अब घर से काम करेंगे जबकि प्राइवेट दफ़्तरों को पचास फ़ीसदी क्षमता से खोलने का फ़ैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि घबराने की जरुरत नहीं है और बहुत आवश्यक कार्य होने पर ही घरों से बाहर निकलें। करोना के नियमों का सख़्ती से पालन करें और मास्क लगायें।

## हाईकोर्ट...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

मुख्यालय छोडने की अनुमति नहीं-हाईकोर्ट प्रशासन ने 75 फीसदी कर्मचारियों को रोटेशन के हिसाब से कोर्ट में आकर काम करने को कहा है। वहीं इस दौरान घर से काम करने वाले किसी भी कर्मचारी को बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ने की अनुमति नहीं रहेगी। अधिवक्ता ऐप के जरिए अपने केसों में बहस कर सकेंगे। हाईकोर्ट की वेबसाइट पर ऐप के लिंक उपलब्ध कराए गए हैं। इसके साथ ही हाईकोर्ट प्रशासन ने एसओपी भी जारी की है। गौरतलब है कि हाईकोर्ट में 28 जून 2021 से मामलों की नियमित सुनवाई को वीसी व फिजिकल यानि हाइब्रिड तरीके से फिर से शुरू किया गया था। इससे पहले कोविड की दूसरी लहर के दौरान केसों की सुनवाई केवल वीसी के जरिए ही हो रही थी।

## क्या ओमक्रॉन का ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

इस वायरस की शरीर रचना किस प्रकार से परिवर्तित हुई है।

कोलम्बिया युनिवर्सिटी के मैडिकल सैंटर की एक संक्रामक रोग विशेषज्ञ जैसिका जस्टमैन ने कहा कि ''जब आप विभिन्न प्रकार के आंकड़ों को एक ही दिशा इंगित करते हुए देखना शुरू करते हैं, तब आप इसको लेकर अधिक आश्वस्त महसूस करते हैं कि स्थिति संभल गई है।''

उन्होंने कहा कि केसों की संख्या में जैसे ही उछाल आएगा, उनके साथ ही अस्पताल में भर्ती रोगियों और मौतों की संख्या भी बढ़ेगी, चाहे उनकी संख्या में इजाफा धीरे-धीरे ही क्यों ना हो।

सैनफ्रांसिस्को स्थित युनिवर्सिटी ऑफ कैलीफोर्निया की गांधी ने कहा कि ओमक्रॉन के केस रिकॉर्ड संख्या में आ सकते हैं, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि संक्रमण की उच्च दर और हल्के-फुल्के संक्रमण वाला ओमक्रॉन का मिश्रण इस वैश्विक महामारी की समाप्ति की शुरूआत का भी संकेत दे सकता है। उन्होंने पिछले हफ्ते हाँगकाँग में किए गए एक अध्ययन का उल्लेख किया, जिसमें बताया गया था कि पहले से वैक्सीन लगवाने के बावजूद ओमक्रॉन से संक्रमित हुए लोगों ने वायरस के अन्य वेरिएन्ट्स के प्रति भी जबर्दस्त रोग प्रतिरोधकता अर्जित की। उन्होंने बताया कि शायद इससे यह स्पष्ट हो कि साउथ अफ्रीका में केसों की संख्या इतनी जल्दी क्यों बढ़ी। उन्होंने कहा ''मुझे उम्मीद है कि यह वेरिएन्ट लोगों में जबर्दस्त रोग प्रतिरोधक शक्ति पैदा करेगा और इस वैश्विक महामारी को समाप्त करेगा।''

# कश्मीर में चौथे दिन भी आतंकियों के साथ सैन्य मुठभेड़ हुई

## इस नवीन मुठभेड़ में लश्कर के दो और आतंकी मारे गये

- **गौरतलब है कि, सुरक्षाबलों की आतंकियों के साथ मुठभेड़ का क्रम शनिवार से शुरु हुआ था तब से अब तक लगभग 20 से अधिक आतंकी मारे जा चुके हैं।**
- **पुलिस महानिरीक्षक (कश्मीर रेंज) विजय कुमार के हवाले से पुलिस की ट्वीट में कहा गया, मृत आतंकवादी स्थानीय हैं और प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा/द रेजिस्टेंस फ्रंट से जुड़े थे। वे दोनों कई आतंकी गतिविधियों में शामिल थे।**

श्रीनगर 4 जनवरी (वार्ता)। कश्मीर में मंगलवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच लगातार चौथे दिन मुठभेड़ हुई। दक्षिणी कश्मीर के कुलगाम जिले में मंगलवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े समूह द रेजिस्टेंस फ्रंट के दो स्थानीय आतंकवादी मारे गये।

गौरतलब है कि, कश्मीर में मुठभेड़ का सिलसिला गत शनिवार से लगातार जारी है जिसमें 20 से अधिक आतंकी मारे जा चुके हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर सेना , केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और पुलिस ने कुलगाम के ओकेय गांव में आज सुबह घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किया। इसी दौरान वहां छिपे आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने भी गोलियां चलायी। दोनों पक्षों के बीच चली मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये।

पुलिस महानिरीक्षक (कश्मीर रेंज) विजय कुमार के हवाले से पुलिस की ट्वीट में कहा गया, मृत आतंकवादी स्थानीय हैं और प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा/द रेजिस्टेंस फ्रंट से जुड़े थे। वे दोनों कई आतंकी गतिविधियों में शामिल थे।

# केजरीवाल करोना संक्रमित हुये

- **इस खबर ने पंजाब में हड़कम्प जैसी स्थिति पैदा कर दी, क्योंकि उन्होंने एक दिन पहले पंजाब रैली की थी।**

नई दिल्ली, 4 जनवरी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मंगलवार को करोना संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। इस घटना से पंजाब में एक तरह से हड़कम्प की स्थिति बन गई है क्योंकि उन्होंने एक दिन पहले ही पंजाब में रैलियां की थीं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह भी बताया जा रहा है कि, केजरीवाल ने पंजाब में सोमवार को रैली की थी उस दौरान उन्होंने मास्क भी नहीं लगा रखा था। इसके अलावा कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने मंगलवार को जानकारी दी कि वे भी करोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं। उन्हें बुखार और सर्दी जैसे लक्षण थे। उन्होंने अपने संपर्क में आए सभी लोगों से जरूरी सावधानी बरतने की अपील की है। मंगलवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला करोना संक्रमित हो गए। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए पिछले 24 घंटों के दौरान उनके संपर्क में आए लोगों से जांच कराने तथा जरूरी सावधानियां बरतने की अपील भी की है। साथ ही वे होम आइसोलेट हो गए हैं। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता सुरजेवाला ने ट्वीट किया, ''बीती रात हल्का बुखार और सर्दी जैसे लक्षण दिखने के बाद मैंने अपनी जांच कराई और करोना से संक्रमित होने का पता चला। मैं अपने संपर्क में आए लोगों से आग्रह करता हूं कि वे जरूरी सावधानियां बरतें।''

## धरना 13...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

व्यापारियों के इस आन्दोलन को अपना समर्थन दिया। इस दौरान आरएलपी के प्रदेश महामंत्री व पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना के नेतृत्व में लोगों की बड़ी संख्या ने नगरपालिका प्रशासन के तानाशाही रवैये के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए तहसीलदार सूर्यकान्त शर्मा को जिला कलैक्टर के नाम का ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में पूर्व कसाना ने साफ शब्दों में चेतावनी देते हुए लिखा है कि यदि स्थानीय नगरपालिका प्रशासन व विधायक द्वारा मास्टर प्लान के नाम पर अवैध रूप से प्रतिष्ठान व मकानों को तोड़ कर लोगों को सड़कों पर लाने का काम किया तो प्रशासन इसके गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहे।

ज्ञापन सौंपने के पश्चात धरना स्थल पहुंचे कसाना ने कहा कि वे व्यापारियों के संघर्ष में कंधे से कंधा मिलाकर साथ देने को तैयार हैं। सत्ता के मद में जो तानाशाही कोटपूतली में की जा रही है, वह किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

## राज्यपाल व ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

की शक्तियाँ प्रदान की गई हैं। तमिल सांसद डी. विजय कुमार ने कहा, ''पहले, चांसलर का पद अलंकरण युक्त पद माना जाता था, लेकिन अब खासतौर से गैर-भाजपा शासित राज्यों में, राज्यपाल और अधिक अधिकार अपने नियंत्रण में लेने की कोशिश कर रहे हैं।''

महाराष्ट्र सरकार ने पिछले माह एक विधेयक पारित करके उच्च तथा तकनीकी शिक्षा मंत्री को प्रो. वाइस चांसलर नियुक्त करने का प्रावधान कर दिया है, इसके अलावा इस विधेयक में वी.सी. नियुक्ति प्रक्रिया में भी कुछ बदलाव किये गये हैं। नई प्रक्रियाओं के अनुसार चयन समिति वी.सी. पद के लिये राज्य सरकार के पास पाँच नाम भेजेगी, राज्य सरकार उनमें से दो नामों का चयन करेगी तथा उन्हें राज्यपाल को अग्रेषित करेगी। राज्यपाल से यह अपेक्षा की जायेगी कि वे 30 दिन के अंदर उन दो उम्मीदवारों में से एक व्यक्ति का चयन करेंगे। इससे पहले चयन समिति अपनी सूची सीधे राज्यपाल के पास भेजा करती थी, राज्य सरकार के पास नहीं।

# 2020 में गलवान में जिस जगह झड़प हुई वहां भारतीय सेना ने तिरंगा फहराया

## भारतीय सेना ने एक वीडियो जारी किया है जिसमें भारतीय जवान तिरंगा झंडा फहराते नज़र आ रहे हैं

- **गौरतलब है कि, चीन के सरकारी मीडिया ने नव वर्ष के बाद एक वीडियो जारी कर दावा किया था कि उसके सैनिकों ने गलवान घाटी में चीनी झंडा फहराया है।**
- **भारतीय सेना ने चीन के दावे को खारिज करते हुए कहा है कि, चीन ने दुष्प्रचार के तहत यह वीडियो जारी किया है और यह वीडियो गलवान घाटी के बजाय चीन की सीमा के भीतर किसी और क्षेत्र का है।**
- **राहुल गांधी ने कहा, प्रधानमंत्री की चुप्पी असामान्य है। हमारी जमीन, हमारे लोग, हमारी सीमाएं ज्यादा सुरक्षा की हकदार हैं।**

नई दिल्ली, 4 जनवरी (वार्ता)। नव वर्ष के मौके पर भारतीय सैनिकों को उपहार देकर दिखावटी सद्भावना व्यक्त करने के बाद गलवान घाटी में चीनी झंडा फहराये जाने का दुष्प्रचार करने वाले चीन को भारतीय सेना ने गलवान घाटी में तिरंगा फहराकर करारा जवाब दिया है।

रक्षा सूत्रों के अनुसार सेना ने पूर्वी लद्दाख स्थित गलवान घाटी में वर्ष 2020 में हुई हिंसक झडप की जगह तिरंगा फहराकर अपने दृढ इरादों के बारे में स्पष्ट संदेश दिया है। चीन के सरकारी मीडिया ने नव वर्ष के बाद एक वीडियो जारी कर दावा किया था कि उसके सैनिकों ने गलवान घाटी में चीनी झंडा फहराया है। इसके जवाब में जारी इन तस्वीरों में भारतीय सेना के जवान गलवान घाटी में तिरंगा फहराते नजर आ रहे हैं।

चीन द्वारा गलवान घाटी का वीडियो जारी किये जाने के बाद भारतीय विपक्षी दलों ने मोदी सरकार की यह कहते हुए आलोचना की थी कि वह चीन के मामले में चुप्पी साधे हुए है।

रक्षा सूत्रों ने चीन के दावे को खारिज करते हुए कहा है कि चीन ने दुष्प्रचार के तहत यह वीडियो जारी किया है और यह वीडियो गलवान घाटी के बजाय चीन की सीमा के भीतर किसी और क्षेत्र का है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि चीन लगातार भारतीय सीमा में घुसपैठ कर रहा है और वह सीमा पर गतिविधियां बढ़ा रहा है लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस पर चुप्पी साधे हैं और उनका यह मौन हैरान करने वाला है।

कांग्रेस नेता ने मंगलवार को कहा कि चीन लगातार भारतीय सीमा के नजदीक गतिविधि बढ़ा रहा है। उसने पैंगोंग लेक पर पिछले दो महीने के दौरान पुल का निर्माण किया है और यह निर्माण कार्य वास्तविक नियंत्रण रेखा (एल.ए.सी.) के बहुत नजदीक किया है।

उन्होंने कहा कि चीन जिस तरह से हमारे लिए चेतावनी बन रहा है उसका जवाब दिया जाना चाहिए लेकिन हैरानी की बात यह है कि प्रधानमंत्री देश कि सुरक्षा से जुड़े इस मुद्दे पर आश्चर्यजनक चुप्पी साधे हुए हैं।

गांधी ने कहा, प्रधानमंत्री की चुप्पी असामान्य है। हमारी जमीन, हमारे लोग, हमारी सीमाएं ज्यादा सुरक्षा की हकदार हैं।

## कर्बला...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

जनवरी को करबला कूच का ऐलान किया है। समाजसेवा दल के अध्यक्ष पप्पू कुरैशी ने बताया कि सरकार व प्रशासन को बार बार शिकायत भेजकर टूर्नामेंट दुसरी जगह करवाने व पिच हटाने की मांग की गई लेकिन प्रशासन महेश जोशी के दबाव मे कार्यवाही नहीं कर रहा है। अब मुस्लिम समाज 5 जनवरी को 11 बजे कर्बला में विरोध प्रदर्शन का पिच को हटाएगा।

वहीं मुस्लिम परिषद संस्थान के अध्यक्ष युनुस चौपदार ने चेतावनी देते हुए कहा कि महेश जोशी की हठधर्मिता के चलते अकीदत से खिलवाड़ नहीं होने दिया जायेगा और लगभग 1 दर्जन संगठनों के साथ करबला मैदान में पिच पर धरना दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज अमन का पैरोकार है और प्रशासन समाज की भावनाओं को समझते हुए वक्फ बोर्ड के आदेशों की पालना करवाये।

राष्ट्रदूत ( एच.यू.एफ. ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908